Dictionary Series No. 3

T—H—E
TWENTIETH CENTURY ENGLISH-HINDI
DICTIONARY

Containing Administrative, Revenue, Mill Industry, Philological, Mathematical, Biological and Scientific (Natural Sciences) terms with their Hindi equivalents and explanations.

BY

Sukhsampattirai Bhandari M. R. A. S.

DICTIONARY PUBLISHING HOUSE
BRAHMPURI, AJMER.

Price Rs. 17/-

विषय-सूचि

(प्रत्येक विषय की पृष्ठ संख्या जुदी जुदी है)

कृतज्ञता प्रकाशन

हमें दुःख है कि कागज़ के अभाव के कारण हम ग्रन्थ के इस खण्ड में विस्तृत भूमिका नहीं लगा सके। हम यहाँ केवल उन विद्वान् सज्जनों के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता प्रकट करते हैं जिनके ग्रन्थों से हमें बहुमूल्य सहायता मिली है। इनमें स्वर्गीय डॉक्टर रवीन्द्रनाथ टैगोर, प्रिंसिपल परांजपे महोदय, प्रसिद्ध मराठी कोषकार श्री रानडे महोदय, प्रिंसिपल शुकदेवजी पाण्डे एम० एस० सी०, डॉक्टर निहालकरणजी सेठी डी० एस० सी०, डॉक्टर मंगलदेवजी शास्त्री एम० ए० डी० फ़िल, श्रीयुत नलिनी-मोहन सान्याल एम० ए०, भाषातत्व रत्न रायबहादुर बाबू श्यामसुन्दरदासजी बी० ए०, श्रीयुत पद्म-नारायण आचार्य एम० ए०, प्रोफेसर दयाशंकरजी दुबे एम० ए०, प्रोफेसर शंकर आत्माराम पराण्डेकर एम० एस० सी० आदि के नाम विशेष उल्लेखनीय हैं।

उक्त सज्जनों ने इस दिशा में बहुमूल्य कार्य किया है। इसके अतिरिक्त नागरी प्रचारिणी सभा काशी, विज्ञान कार्यालय इलाहाबाद, कलकत्ता विश्व विद्यालय, बङ्गीय साहित्य परिषद्, महाराष्ट्र परिभाषा मण्डल आदि संस्थाओं द्वारा प्रकाशित बहुमूल्य सामग्री से भी हमने पूरा लाभ उठाया है। इसलिये इन संस्थाओं के प्रति भी हम हार्दिक कृतज्ञता प्रकट करते हैं।

बड़ौदे के ओरियन्टल इन्स्टीट्यूट के विद्वान् डायरेक्टर श्रीयुत डॉक्टर भट्टाचार्य महोदय के प्रति मैं अपनी हार्दिक कृतज्ञता प्रकट करता हूँ जिनसे मुझे बहुमूल्य साहित्यिक सहयोग प्राप्त हुआ है। दिल्ली के सुप्रसिद्ध दैनिक 'हिन्दुस्थान' के संयुक्त सम्पादक श्री शोभालालजी गुप्ता को भी मैं हृदय से धन्यवाद देता हूँ जिनसे शासन और रेवेन्यु सम्बन्धी शब्द रचना में मुझे अत्यन्त सहयोग प्राप्त हुआ।

यदि अनुकूल सयोग हुए तो हम शीघ्र ही इस ग्रन्थ का अतिरिक्त खण्ड प्रकाशित करने का प्रयत्न करेंगे। इसमें हम उन सब सज्जनों का नामोल्लेख कर अपनी कृतज्ञता प्रकट करेंगे जिन्होंने इस ग्रन्थ के प्रकाशन में हमें साहित्यिक, आर्थिक और अन्य प्रकार की सहायता प्रदान की है।

THE

TWENTIETH CENTURY ENGLISH-HINDI

DICTIONARY

OF

Administrative Terms

A

Abdication त्याग; पदत्याग; सिंहासन त्याग।

Abrogate अति करना; रद्द करना; मंसूख करना।

Abrogation रद्द या मंसूख करने का कार्य। धारा सभा की सत्ता से कानून को रद्द या मंसूख करना। जब कोई कानून सम्पूर्णतः मंसूख या रद्द किया जाता है तो इस शब्द का व्यवहार होता है।

Absconder भगा हुआ अपराधी; फरार मुल्जिम। वह व्यक्ति जिसके विरुद्ध गिरफ्तारी की आज्ञा जारी हो चुकी हो और जो गिरफ्तारी से बचने के लिए भाग जाय और अपने को छिपा हुआ रक्खे।

Absolute पूर्ण; अन्तिम; अमर्यादित, यथा Absolute monarchy अमर्यादित राजतंत्र; Absolute power अमर्यादित सत्ता।

Abuse दुरुपयोग। यथा Abuse of power or of liberty अर्थात् अधिकारों अथवा स्वतंत्रता का दुरुपयोग।

Accede मानना; स्वीकार करना; मंजूर करना। दूसरे की इच्छा के आगे झुक जाने के अर्थ में भी यह शब्द काम में लाया जाता है।

Access पहुंच।

Accession राज्यारोहण; राज्यारम्भ। किसी राज्य में नये प्रदेश के शामिल होने के लिए भी इस शब्द का व्यवहार किया जाता है।

Accessory right सहायक अधिकार; उप-अधिकार।

Accomplice सहायक अपराधी; साथी अपराधी। वह व्यक्ति जो किसी अपराध में मुख्य अपराधी के तौर पर तो नहीं, किन्तु किसी न किसी गौण रूप में सम्बन्धित होता है। इसमें उन सभी व्यक्तियों का भी समावेश हो सकता है जिन्होंने किसी अपराध को करने में समान हिस्सा लिया हो।

Accord recognition मान्यता देना, स्वीकृति देना

Accountant हिसाब-नवीस।

Accountant General सरकार के महकमा हिसाब का प्रधान अफसर।

Accusation दोषारोपण।

Accused अभियुक्त; मुलजिम। वह व्यक्ति जिसके विरुद्ध किसी अदालत में कोई अभियोग लगाया गया हो।

Acquiesce मानना; अधीनस्थ होना; झुक जाना। अनियमित कामों को होते हुए देख कर भी उनका विरोध न करना और चुप बैठ जाना अथवा विव-शता पूर्वक किसी अन्यायपूर्ण सरकार के आधीन हो जाना आदि अवसरों पर यह शब्द व्यवहार में लाया जाता है।

Act क़ानून। Act in legislation उस कानून को कहते हैं, जो धारा सभा द्वारा बनाया गया हो। धारा सभायें क़ानून बनाती है और न्यायालय उन कानूनों के अनुसार निर्णय करते हैं।

Act of Indemnity क्षतिपूरक कानून; दण्ड रक्षा कानून। वह कानून जो सरकारी अफसरों की अनि-

यमित काम करने पर भी दण्ड से रक्षा करता है।

Acts of Parliament पार्लियामेंट के कानून। यह इंग्लैण्ड की आम सभा (House of Commons) और उमराव सभा (House of Lords) की मंजूरी से सम्राट् द्वारा स्वीकृत होते हैं। इनमें सार्वजनिक और खानगी दोनों प्रकार के कानून शामिल होते हैं।

Act of state राज्य-नियम; राजकार्य; राजकीय कार्य। वह कार्य जो किसी देश का राजा अथवा उसका प्रतिनिधि अपने अधिकारों की सीमा में रह कर करता है। ऐसे किसी कार्य के विरुद्ध किसी अदालत में आपत्ति नहीं उठाई जा सकती। जब कोई स्वतन्त्र राष्ट्र विजय या संधि द्वारा किसी अनधिकृत भूमि को पहली मर्तबा हस्तगत करता है तो उसे भी Act of state ही कहा जायगा। विद्रोही की सम्पत्ति की जब्ती के लिए भी इसी शब्द का प्रयोग किया जायगा।

Acting स्थानापन्न। यह शब्द उस व्यक्ति के लिए प्रयुक्त होता है जो किसी पद पर, जिसका वह अधिकारी नहीं है, अस्थायी रूप से काम करता है।

Action दावा; कार्यवाही। व्यक्तिगत अधिकारों की स्थापना अथवा अपने प्रति हुए अन्याय के प्रतिकार के लिए कानून के अनुसार अदालत में जो कार्यवाही की जाती है उसके लिए यह शब्द व्यवहार में लाया जाता है। इसमें Civil action अर्थात् दीवानी दावे और Criminal action अर्थात् फौजदारी दावे दोनों का समावेश होता है। दीवानी दावा निजी अधिकारों की स्थापना और क्षतिपूर्ति के लिए किया जाता है। फौजदारी दावा फौजदारी अपराध को रोकने, अथवा उसके लिए दण्ड देने के लिए एक या एक से अधिक व्यक्तियों के विरुद्ध राजा के द्वारा या राजा के नाम पर चलाया जाता है।

Actionable नालिश के योग्य कार्य।

Active service युद्ध क्षेत्र की नौकरी।

Adjourn स्थगित करना; मुल्तवी करना। अदालतों, धारा सभाओं और अन्य संगठित संस्थाओं की कार्यवाही को आगे के लिए स्थगित करने के लिए यह शब्द काम में लाया जाता है।

Adjournment स्थगित; मुल्तवी। इसमें उस समय या अर्से का भी समावेश किया जा सकता है, जिसके लिए कि बैठक स्थगित की जाती है। धारा सभा अपने अधिकार से अपनी बैठक स्थगित कर सकती है। भारत में विरोधी दल अपना विरोध प्रकट करने के लिए भी धारा सभा बैठकों का काम काज स्थगित करने के प्रस्ताव उपस्थित करते हैं।

Adjourn sine die अनिश्चित स्थगितकरण। अनिश्चित काल के लिए अर्थात् पुनः बैठक बुलाने की तारीख नियत किये बिना बैठक स्थगित कर देना।

Adjudge निर्णय करना; न्यायानुमोदित ढंग पर किसी प्रश्न पर फैसला देना। पंचों अथवा न्यायाधीशों के फैसलों के लिए भी इस शब्द का प्रयोग किया जाता है।

Adjudicate एक अदालत के तौर पर किसी मामले को सुनना और फैसल करना।

Adjudication निर्णय देने का कार्य; न्यायालय द्वारा किया गया गम्भीर अथवा विचारपूर्ण निर्णय।

Adjustment समीकरण; व्यवस्थिति; मेल मिलाने का कार्य।

Adjutant सहायक फौजी अफसर। यह किसी फौजी टुकड़ी के कमाण्डिङ्ग अफसर (सेना नायक) की व्यवस्था कार्य में सहायता करता है।

Adjutant General मुख्य सहायक फौजी अफसर। यह सेना में मुख्य स्टाफ–अफसर होता है और फौजी कर्तव्यों को पूरा करने में सेनानायक की सहायता करता है।

Administer प्रबन्ध करना; संचालन करना; शासन करना।

Administer oath शपथ लिवाना।

Administration शासन; सरकार का कार्यकारी विभाग; हुकूमत।

Administration (Foreign) विदेशी शासन; गैर मुल्की हुकूमत। वह शासन जो भिन्न राष्ट्र अथवा जाति की स्वीकृति और अधिकार-क्षेत्र के आधीन हो।

Administration of Government शासन प्रबन्ध; शासन तंत्र। शासन तंत्र का कार्यकारी विभाग।

Administration ancillary उपशासन; सहायक शासन। यह मुख्य शासन के आधीन होता है और विदेशियोंकी सम्पत्ति के संग्रह का कार्य करता है।

Administrative शासन सम्बन्धी।

Administrative Law शासन-नियम । सार्वजनिक कानून की वह शाखा जो सार्वभौम सत्ता के कार्यकारी विविध विभागों से सम्बन्ध रखती है और विस्तारपूर्वक उनके काम करने के तरीके निर्धारित करती है। इसमें कर-संग्रह, फौजी और जहाजी शक्तियों का नियमन, नागरिकता, सफाई, सार्वजनिक रक्षा आदि विषयों का समावेश होता है।

Administrator शासक; वह व्यक्ति जो अधिकारी सत्ता द्वारा किसी रियासत अथवा जमींदारी का प्रबन्ध करने के लिए नियुक्त किया जाता है।

Administrator General प्रधान शासक।

Administratorship शासक का पद; ओहदा।

Administratrix शासिका; महिला-शासिका।

Admiral प्रधान नौ सेनापति।

Admiralty जलसेना विभाग।

Adopt अपनाना; गोद लेना यथा दूसरे द्वारा बनाये गये कानून को अपनाना।

Adoptive acts पार्लियामेंट के वे कानून जो किसी सार्वजनिक संस्था अथवा अमुक संख्यक मतों पर निर्भर करते हैं।

Adult वयस्क; बालिग।

Advisory Committee परामर्शदातृ समिति; सलाहकार कमेटी।

Advocate General प्रधान राज्य वकील; प्रधान कानूनी राजकीय अफसर। केन्द्रीय सरकार और प्रान्तीय सरकारों के प्रधान कानूनी अफसर के लिए यह शब्द प्रयुक्त होता है। इंग्लैण्ड में प्रधान कानूनी अफसर को King's Advocate और स्काटलैण्ड में Lord Advocate कहा जाता है।

Aerial Navigation हवाई यातायात; वायुयानों का एक स्थान से दूसरे स्थान को जाना।

Affairs, Public affairs राज-काज सम्बन्धी मामले; सार्वजनिक विषय।

Affidavit शपथ-पत्र; हलफ़नामा। किसी बात को लिखित रूप में शपथपूर्वक उस अधिकारी व्यक्ति के सामने कहना, जो शपथ लिवाने का अधिकार रखता हो। यह एक पक्षीय दस्तावेज होता है।

Affiliation सम्बद्धीकरण; सम्बन्ध स्थापित करने का कार्य; यथा किसी कॉलेज का किसी विश्व विद्यालय से अथवा किसी संस्था का सरकार से सम्बद्ध होना। सम्बद्ध संस्था को सम्बद्ध होने के लिए निर्धारित शर्तें स्वीकार करनी पड़ती हैं।

Affirmation समर्थन; स्वीकृति। किसी कही हुई बात अथवा किये हुए काम का समर्थन करना। गम्भीरतापूर्वक बयान देने के लिए भी इस शब्द का व्यवहार होता है।

Affirmative Act or Statute स्वीकारात्मक कानून वह कानून जिसमें सत्तात्मक भाषा का प्रयोग किया जाता है और किसी काम को करने के लिए कहा जाता है।

Affix जोड़ना, नत्थी करना।

Afforce सबल बनाना; संख्या बढ़ाना। विमर्शात्मक सभा-समितियों के सदस्यों की संख्या में वृद्धि करना.

Affray लड़ाई–झगड़ा; मारपीट। किसी सार्वजनिक स्थान में दो या अधिक आदमियों का आपस में लड़ना–झगड़ना और सार्वजनिक शान्ति में बाधा डालना।

Aforesaid पूर्वोक्त; पूर्व कथित।

Agent दूत; प्रतिनिधि। वह व्यक्ति जो किसी दूसरे की ओर से काम करने या उसका प्रतिनिधित्व करने के लिए नियुक्त किया जाता है। सरकारें विभिन्न राज्यों में प्रतिनिधि अथवा दूत नियुक्त करती हैं।

Agent General प्रधान दूत; मुख्य प्रतिनिधि।

Aggravate बढ़ाना; गुरुतर बनाना। जैसे मंत्रियों की जिम्मेवारी को गुरुतर बनाना अथवा किसी दोष अथवा अपराध में वृद्धि करना।

Aggregation विसंगठित एकीकरण; किसी केन्द्र पर जमा होना।

Aggression आक्रमण; हमला; दूसरों की शान्ति

अथवा अधिकारों में हस्तक्षेप। यथा एक देश का दूसरे देश पर चढ़ाई करना अथवा स्थापित हितों या स्वतंत्रताओं पर हमला करना आदि।

Agitate आन्दोलन करना; तहरीक चलाना; हलचल मचाना। किसी सामाजिक अथवा राजनैतिक प्रश्न पर सार्वजनिक अर्थात् जनता की दिलचस्पी पैदा करना।

Agitator आन्दोलन-कर्त्ता। वह व्यक्ति जो कोई राजनैतिक आन्दोलन करता है अथवा अपने उद्देश्य या पार्टी को मजबूत बनाने के लिए घृणा या विद्वेष फैलाता है।

Agrarian कृषि सम्बन्धी। यथा agrarian laws कृषि सम्बन्धी कानून; agrarian disputes कृषि सम्बन्धी झगड़े; agrarian discontent किसानों का असन्तोष आदि।

Agreement समझौता। किसी विवादास्पद प्रश्न पर दो पक्षों का एक निर्णय पर पहुंचना।

Agricultural Department कृषि विभाग; महकमा जरायत।

Alderman कार्पोरेशन का सदस्य। यह किसी हल्के के रहने वालों द्वारा चुना जाता है और उनका प्रतिनिधित्व करता है। इसे शहरी मजिस्ट्रेट का काम करने की सत्ता भी होती है।

Alien विदेशी; गैर मुल्की। वह व्यक्ति जो किसी विदेश में पैदा हुआ हो और जिस देश में रहता हो उस देश की सरकार के वफादार रहने के लिए बंधा हुआ न हो अर्थात् उस देश का नागरिक या प्रजाजन न हो। विदेशी व्यक्ति दो भागों में विभाजित किये जाते हैं। (१) Resident alien अर्थात् वह विदेशी जो देश की सीमा के भीतर रहता है और (२) Non-resident alien अर्थात् वह विदेशी जो देश की सीमाओं से बाहर रहता है।

Alien friend विदेशी मित्र। वह विदेशी जिसका देश हमारे देश के साथ मित्रता अथवा शान्तिमय सम्बन्ध रखता हो।

Alien enemy विदेशी शत्रु। वह विदेशी जिसका देश हमारे देश के साथ युद्धरत हो।

Alienation हस्तान्तरकरण; स्वामित्व-परिवर्तन। एक की सम्पत्ति दूसरे को सौंपने का कार्य।

Allay शान्त करना; शमन करना, यथा असन्तोष को शान्त करना; विद्वेषाग्नि को शमन करना।

Allegation आरोप; दोषारोपण।

Allegiance राज्य-निष्ठा; राज्यभक्ति, राज्य के प्रति प्रजाजनों की स्वाभाविक और विधिविहित वफ़ादारी अथवा आज्ञा-पालकता।

Alliance मैत्री; गुट। दो या दो से अधिक देशों के बीच संधि अथवा समझौते द्वारा जो मैत्री स्थापित होती है, उसके लिए यह शब्द प्रयुक्त होता है। यदि समान शत्रु के विरुद्ध युद्ध संचालन में मदद देने के लिए संधि की जाती है तो इसे Offensive alliance अर्थात् आक्रमणात्मक मैत्री कहा जाता है और यदि विरोधी राष्ट्र द्वारा हमला होने की दशा में ही सहायता और संरक्षण देने के लिए संधि की जाय तो उसे Defensive alliance अर्थात् रक्षात्मक मैत्री कहा जायगा। यदि संधि के दोनों ही उद्देश्य हों तो ऐसी मैत्री को आक्रमणात्मक-रक्षात्मक मैत्री कहा जाता है।

Allowance अतिरिक्त वेतन; भत्ता। वह रकम जो किसी सरकारी कर्मचारी को अतिरिक्त सेवाओं के बदले निश्चित वेतन के अलावा दी जाती है।

Ambassador राजदूत। यह उच्चतम श्रेणी का अधिकारी होता है और इसे महत्वपूर्ण कूटनीतिक अधिकार प्राप्त होते हैं। एक स्वतंत्र राष्ट्र ही दूसरे स्वतंत्र राष्ट्रों की राजधानी में अपने अपने राजदूत भेज सकता है। राजदूत दो प्रकार के होते हैं–साधारण और असाधारण। साधारण राजदूत जहाँ भेजे जाते हैं, वहाँ उनका निवासकाल और कार्य निश्चित नहीं होता, वह अपने देश के व्यापारिक और अन्य हितों की देख-भाल करते हैं, असाधरण राजदूत किसी बड़े कार्य को सम्पादित करने के लिए अल्प काल के लिए नियुक्त किये जाते हैं।

Amend संशोधन करना; सुधारना; ठीक करना।

Amendment संशोधन; दुरुस्ती। किसी दावे, प्रस्ताव बिल अथवा कानून में जो संशोधन उपस्थित किया जाता है, उसके लिये यह शब्द व्यवहार किया जाता है, किसी प्रस्ताव के लिए वही संशोधन स्वीकार

किया जाता है जो मूल प्रस्ताव के हेतु और आशय के विपरीत न हो ।

Ammunition सैनिक सामग्री; गोला बारूद ।

Amnesty राज-क्षमा; आममाफी। राज्य विरोधी हलचलों के लिए दोषी समझे जानेवालों अथवा दण्डित व्यक्तियों को राज्य द्वारा एक साथ क्षमा-दान ।

Annexation संयोगीकरण । किसी छोटे प्रदेश को बड़े देश में मिलाने का कार्य ।

Annuity वार्षिक वृत्ति ।

Annul रद्दकरना; मंसूख करना। कानूनों, विशेष आज्ञाओं, फरमानों, अदालतों के फैसलों अथवा अन्य स्थापित नियमों को रद्द करने के लिए यह शब्द काम में लाया जाता है ।

Apologize क्षमा मांगना, माफी मांगना।

Appeal अपील करना, मातहत अदालत के निर्णय के विरुद्ध न्याय प्राप्त करने के लिए उच्च अदालत की शरण में जाना ।

Application अर्जी; दरख्वास्त; प्रार्थना-पत्र ।

Appointment नियुक्ति; मुकर्ररी; पद; ओहदा । कार्यकारी सत्ता द्वारा किसी पद पर नियुक्त करने के लिए यह शब्द काम में लाया जाता है ।

Apportion विभाजित करना; निर्दिष्ट करना ।

Apprehension धर पकड़; गिरफ्तारी । यह क़ानून; के अनुसार ही की जा सकती है ।

Apprentice उम्मीदवार; शिक्षार्थी ।

Approbation पसन्दगी ।

Appropriate किसी चीज़ को अपनी बनाना; किसी काम के लिए पूर्णतः निर्दिष्ट कर देना; अलग रखदेना ।

Appropriation विशेष उद्देश्य के लिए रुपया खर्च करने का अधिकार जो धारा सभा द्वारा सरकारी अफसरों को दिया जाता है ।

Approval स्वीकृति; मंजूरी ।

Approved Bill स्वीकृत क़ानून का मस्विदा । वह बिल जिसके खिलाफ कोई सकारण आपत्ति न उठाई जा सके और जिसे मंजूर कर लिया जाना चाहिये ।

Approved plan स्वीकृत योजना; पसन्द शुदा योजना ।

Approver सरकारी गवाह । वह व्यक्ति जिसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया हो और अपने साथी अपराधियों को दण्ड दिलाने के लिए सरकार की ओर से गवाही दे ।

Arbitration पंचायत; मध्यस्थता । दो पक्षों में मत भेद होने की स्थिति में किसी मामले को निर्णय के लिए एक या एक से अधिक व्यक्तियों के सिपुर्द करने के लिए यह शब्द प्रयुक्त किया जाता है ।

Arbitrator पंच; मध्यस्थ निर्णायक ।

Area क्षेत्रफल; रकबा ।

Arms अस्त्र-शस्त्र है । बन्दूक, तलवार, तीर, भाला आदि का इसमें समावेश होता है ।

Arms or coat of arms राज्य चिन्ह ।

Armament युद्ध-सामग्री; थल-जलसेना; किसी जहाज की तोपों की संख्या और शक्ति ।

Armada लड़ाकू जहाजों का बेड़ा ।

Armed सशस्त्र; हथियारबन्द ।

Armed and equipped सशस्त्र और युद्ध सामग्री से सज्जित ।

Armed at all points पूर्णतः शस्त्र-सज्जित; अर्थात् आधुनिक और प्रसंगानुसार आक्रमणात्मक और रक्षात्मक शस्त्रों से पूर्णतः सज्जित ।

Armed neutrality सशस्त्र तटस्थता । लड़ाकू देशों के बीच स्थित तटस्थ राष्ट्र द्वारा किसी भी सम्भावित आक्रमण का मुकाबला करने के लिए सैन्य तैयार रखना ।

Armed peace सशस्त्र शान्ति । किसी देश की वह स्थिति जो शान्ति काल में भी युद्ध काल के अनुसार अपना सैन्य तैयार रखता है ताकि वह किसी भी क्षण युद्ध के लिए उद्यत होसके ।

Armed ship सशस्त्र जहाज । वह व्यापारिक जहाज जिसे सरकार एक विशेष अवसर के लिए अपने काम में लगा लेती है और यथा सम्भव उसे युद्ध-पोत सा सज्जित कर देती है ।

Armed to the teeth पूर्णतया शस्त्र सज्जित ।

Armistice अस्थायी सुलह; विराम संधि । विरोधी शक्तियों के पारस्परिक समझौते द्वारा अस्थायी समय के लिए लड़ाई बन्द करना ।

Army सेना; फौज। साधारणतः जमीन पर लड़ने वाली सेना के लिए ही यह शब्द प्रयुक्त होता है।

Arrear बकाया। वह रकम जो समय पर अदा न की जाय।

Arrest गिरफ्तारी। किसी अधिकारी व्यक्ति के आदेश पर किसी व्यक्ति को गिरफ्तार कर के जेल में डाल देना।

Arsenal शस्त्रागार।

Articles of Association संस्था के नियमोपनियम। इनकी प्रमाणित प्रतिलिपि संस्था स्थापित करने वालों की ओर से कानून के अनुसार सरकारी अफसर के सामने रजिस्ट्री के लिए पेश की जाती है।

Articles of faith धर्म तत्व।

Articles of war थल ओर जल सेना के नियमोपनियम।

Assembly सभा; समिति; मजमा। कुछ व्यक्तियों का समान उद्देश्य के लिये, आम तौर पर विचार करने, कानून बनाने, पूजाकरने अथवा सामाजिक मनोरंजन करने के लिए एक स्थान पर एकत्रित होना।

Assent मंजूरी; स्वीकृति। जब गवर्नर-जनरल अथवा गवर्नर किसी धारा सभा द्वारा स्वीकृत कानून को अपनी स्वीकृति देते हैं तो इस शब्द का व्यवहार किया जाता है।

Assessment जमाबन्दी; कर–निर्धारण। विशिष्ट करों के लिए यह शब्द प्रयुक्त होता है, जो भूमि अथवा सम्पत्ति पर लगाये जाते हैं। सर्व साधारण पर लगाये जाने वाले टैक्सों के लिए यह शब्द प्रयुक्त नहीं होता।

Asylum शरण-स्थान; आश्रय-स्थल। वह स्थान जहां चले जाने पर अपराधियों को अभय-दान मिल जाता है।

Attorny General राज्य का प्रधान कानूनी अफ़सर।

Auction निलांम। ज़मीन अथवा माल का सार्वजनिक निलाम।

Audit हिसाब की जांच।

Auditor हिसाब-परीक्षक।

Authorised agent अधिकृत एजेण्ट अथवा वकील।

Authority अधिकार; सत्ता हुकूमत।

Autocracy स्वेछाचारिता, अमर्यादित सत्ता। एक आदमी के इशारे पर चलने वाली सरकार।

Autocrat निरंकुश शासक; वह राजा अथवा शासक जो अपने जन्मसिद्ध अधिकार के बल पर बिना किसी मर्यादा के शासन-सत्ता का उपभोग करता है

Autonomy स्वशासन; स्वायत-शासन; स्वशासन की सत्ता।

Auxiliary सहायक।

Auxiliary Forces सहायक सेना।

Award पंच फैसला; निर्णय।

B

Backing a Warrant गिरफ्तारी की आज्ञा का समर्थन। जब एक देश में जारी किया हुआ गिरफ्तारी का वारण्ट दूसरे देश के मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाता है और वह उसे अपने देश में अमल में आने योग्य बनाने के लिए उस पर हस्ताक्षर करता है तो इस शब्द का व्यवहार होता है।

Badge पट्टा; चिन्ह। यथा पुलिस के सिपाही का पट्टा चपरासी की चपरास आदि।

Bail जमानत।

Bailiff नाजिर; अमीन।

Ballot मत-पत्रिका। यह कागज की छोटी सी पर्ची होती है जिनमें उम्मीदवारों के नाम दर्ज होते हैं जिन्हें मत दाता चुनाव में अपना मत देना चाहता है। ये मत पत्रक मोड़ कर एक सन्दूकची में डाल दिये जाते हैं। आज कल प्रायः सभी देशों में इन मत-पत्रकों द्वारा ही मत लिये जाते हैं।

Ballot Box मत-पत्रक सन्दूक।

Banishment देश निकाला। जिला वतनी। किसी नागरिक का अपने देश या निवास स्थान से शासन सम्बन्धी आवश्यकता के नाम पर राजनैतिक अधिकारियों द्वारा निष्कासन।

Bank बैंक। वह संस्था जो रुपया जमा कराने, उधार देने, चैक और हुण्डियों का भुगतान करने आदि विविध आर्थिक लेन देन का काम करती है।

Bank holiday बैंक की छुट्टी। इस दिन लेन-देन करने वाली पार्टियों को भुगतान न करने की क़ानून द्वारा छूट रहती है।

Base coin खोटा सिक्का।

Belligerent युद्ध-तत्पर, युद्ध-रत राष्ट्र।

Belligerency युद्ध-तत्परता; युद्ध-रतता। लड़ाई में संलग्न होने की स्थिति।

Bench बेंच; स्थान; कोर्ट का वह स्थान जहां न्यायाधीश बैठते हैं।

Bench (front bench) दल के मुखिया। ब्रिटिश पार्लियामेंट्री परम्परा में दल के मुखिया इसलिए कहे जाते हैं कि वह धारा सभा में अपनी-अपनी तरफ के अग्रिम स्थानों पर बैठते हैं।

Benches, ministerial मन्त्री मण्डल के समर्थकों की बैठकें।

Benches, opposition विरोधी दल वालों की बैठकें।

Bill of rights ब्रिटिश पार्लियामेंट के सन् १६८९ के एक कानून का नाम, जिसमें प्रजाजन के अधिकार और स्वतन्त्रता की घोषणा और इंग्लैण्ड के राजा के उत्तराधिकार का प्रश्न निर्धारित किया गया है।

Bill, finance अर्थ-बिल; राज्य के आय व्यय का ब्योरा जो एक क़ानून के मस्विदे के रूप में धारा सभा के सामने स्वीकृति के लिए उपस्थित किया जाता है।

Black list काली सूची; विरोधी सूची। वह सूची जो पुलिस का खुफिया विभाग तैयार करता है और जिसमें कथित सरकार-विरोधी व्यक्तियों के नाम दर्ज रहते हैं। बहिष्कार करने के लिए जो सूचियां तैयार की जाती हैं, उनके लिए यह शब्द प्रयुक्त होता है।

Blue book सरकारी विभागों द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट। इन रिपोर्टों का पुट्ठा नीला होता है, इसलिए इसे 'नीली किताब' कहा जाता है।

Board समिति; मण्डल। यथा शिक्षा बोर्ड; कृषि बोर्ड, स्वास्थ्य बोर्ड, मालगुजारी बोर्ड आदि। ऐसे बोर्डों का काम अपने विभागों की देख-भाल और संचालन करना होता है।

Body of laws नियम-संग्रह।

Body politic संस्था; जमात। व्यक्तियों का वह संगठन जो किसी ख़ास उद्देश्य की पूर्ति के लिए क़ानून के अनुसार स्थापित किया जाता है।

Border सीमा-रेखा। वह रेखा जो एक देश, राज्य, प्रान्त अथवा जिले को दूसरे से अलग करती है।

Border-land सीमा प्रदेश। दो देशों की सीमा के बीच का अनिश्चित प्रदेश।

Boundry सीमा।

Bounty राजकीय सहायता। वह रक़म जो सरकार की ओर से कुछ व्यक्तियों को लोक-हितकारी कार्यों के लिए दी जाती है। किसी राष्ट्रीय उद्योग को उत्तेजन के लिए यदि सरकार सहायता दे तो इसी शब्द का व्यवहार किया जायगा।

Breach of law क़ानून-भंग। किसी क़ानून, अधिकार अथवा कर्त्तव्य को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भंग करना।

Breach of peace शांति-भंग। क़ानून के ख़िलाफ़ दंगा-फ़साद, लड़ाई-झगड़ा अथवा उपद्रव मचाना सार्वजनिक शान्ति को भंग करना है। शान्ति भंग से तात्पर्य सार्वजनिक शांति भंग से है। सार्वजनिक शांति सुरक्षिता की वह अदृश्य भावना है जो हर व्यक्ति अनुभव करता है और जो उसकी सुविधा के लिए आवश्यक होती है तथा जिसके लिए कि सरकार क़ायम होती है। इसीलिए सार्वजनिक शांति में बाधा डालना अपराध समझा जाता है और सरकारों को सार्वजनिक शांति क़ायम रखने के लिए व्यापक अधिकार प्राप्त होते हैं।

Bribe रिश्वत; घूँस।

Bribery रिश्वतखोरी; घूँसखोरी।

Brigade सेना का एक भाग। इसमें सेना की कई टुकड़ियां और पल्टनें शामिल होती हैं।

British India ब्रिटिश भारत। इसमें वह सब भू-प्रदेश शामिल है, जो भारत के गवर्नर जनरल अथवा अन्य किसी अधीनस्थ अफसर के जरिये ब्रिटिश सम्राट् द्वारा शासित होता है। देशी रियासतों का इलाक़ा इसमें शामिल नहीं है।

British Indian Subject ब्रिटिश भारत की प्रजा।

Budget बजट; आय-व्यय पत्र। यह सरकार का सालाना आर्थिक विवरण होता है, जो धारा सभा सभा की मंजूरी के लिए पेश किया जाता है। यह विवरण पेश करते समय अर्थ-सदस्य सरकार की

सामान्य अर्थ-नीति का परिचय देता है और साथ ही अगले वर्ष के सम्भावित आय-व्यय का ब्योरा उपस्थित करता है तथा यह बताता है कि कौन-कौन से पुराने कर घटाये जायँगे अथवा रद्द किये जायँगे और कौन कौन से नये कर लगाये जायँगे।

Budget-grant बजट की मंजूर शुदा रक़म।

Bulletin सरकारी रिपोर्ट; वृत्त पत्र।

Bureaucracy अधिकारी तंत्र; नौकरशाही।

Bureaucrat नौकरशाह। नौकरशाही तंत्र के आधीन काम करनेवाला अफ़सर।

By authority आज्ञानुसार; बहुक्म।

By-election उप-निर्वाचन।

By-laws उपनियम। इसमें वह सब आज्ञायें, आर्डिनेन्स, नियम आदि शामिल समझे जाते हैं जो धारा सभा द्वारा अधिकृत किसी अधिकारी द्वारा बनाये जाते हैं।

By legislation उप-नियम निर्माण। कार्यकारी विभाग द्वारा अधीनस्थ अथवा अल्प महत्व रखने वाले मामलों के लिए उपनियमों का निर्माण।

C

Cabinet मंत्रि-मंडल। मंत्रियों की संयुक्त समिति जो किसी देश के शासन का संचालन करती है। ब्रिटिश विधान में मंत्रि-मण्डल शासन-कार्य चलाने वाली मुख्य संस्था है।

Cacoeconomy कुशासन; कुव्यवस्था; बदइन्तजामी।

Cadaster राष्ट्रीय सम्पत्ति का विवरण-पत्र। यह कर-निर्धारण के लिए आधारभूत होता है।

Cadet फौजी उम्मीदवार; शिक्षार्थी। यह थल या जल सेना में अफ़सर के पद के लिए उम्मीदवार होता है।

Cadre ढांचा; योजना।

Cage बन्दीगृह; पिंजरा।

Caitiff बन्दी; कैदी।

Canal officer नहर अफसर।

Cancel मंसूख करना।

Candidate उम्मीदवार। वह व्यक्ति जो किसी चुनाव के लिए स्वयं खड़ा हो और मतदाताओं द्वारा मनोनीत किया जाय। किसी पद या ओहदे के लिए उम्मीदवार होने के लिए भी यह शब्द काम में लाया जाता है।

Cantonment छावनी; फौजी केन्द्र।

Canvassing प्रचार-कार्य। चुनाव के समय मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए उम्मीदवार तथा उसके पक्षपातियों की ओर से किया जानेवाला प्रचार-कार्य।

Capita प्रति मनुष्य।

Capital punishment मृत्यु-दण्ड; फांसी की सजा।

Capitation tax प्रति व्यक्ति कर। वह कर जो प्रत्येक व्यक्ति से बिना इस बात का विचार किये कि वह कितनी सम्पत्ति रखता है अथवा क्या काम-धंधा करता है, वसूल किया जाता है।

Capitula विशेष राजयाज्ञाओं का विषयानुसार संग्रह।

Capture पकड़ना; गिरफ्तार करना।

Casting vote अतिरिक्त मत।

Casual Election अल्पकालीन चुनाव।

Casual vacancy आकस्मिक रिक्त स्थान। किसी निर्वाचित संस्था में प्रतिनिधि की मृत्यु अथवा त्यागपत्र देने पर खाली होने वाला स्थान।

Caucus मतदाताओं की सभा। किसी राजनैतिक दल के नियमित मतदाताओं की सभा, जो प्रतिनिधियों का चुनाव करने अथवा किसी ओहदे के लिए उम्मीदवार मनोनीत करने के लिए, बुलाई जाती है।

Censure निन्दा; धिक्कार। विरोधी दल जब किसी सरकारी कार्य के प्रति अपनी नाराजगी प्रकट करना चाहता है तो धारा सभाओं में निन्दासूचक प्रस्ताव पेश करता है।

Census मनुष्य गणना; जन गणना; मर्दुमशुमारी। किसी देश के निवासियों की सरकारी गणना; जिसमें उनकी जाति; अवस्था, लिंग, धंधा आदि का ब्योरा भी दिया जाता है।

Central Government केन्द्रीय सरकार।

Certificate प्रमाण पत्र; यह किसी अधिकारी व्यक्ति

द्वारा किसी स्थिति की यथार्थता अथवा अयथार्थता के विषय में दिया जाता है।

Certified सरकारी तौर पर प्रमाणित। धारा सभा द्वारा नामंजूर किसी तजवीज को गवर्नर-जनरल द्वारा मंजूर करने के लिए भी यह शब्द काम में लाया जाता है।

Chairman अध्यक्ष; सभापति; किसी सार्वजनिक सभा, सम्मेलन, धारा सभा, संचालक मंडल अथवा समिति की अध्यक्षता करनेवाला अधिकारी।

Chancellor मुख्य पदाधिकारी, यथा विश्वविद्यालय के चांसलर, नरेन्द्र-मण्डल के चांसलर।

Chancellor of Exchequer ब्रिटेन में अर्थ विभाग के मन्त्री।

Change of citizenship नागरिकता का परिवर्तन। एक देश से दूसरे देश में जाकर बसना और वहां के नागरिक अधिकार प्राप्त करना।

Charge D'Affairs राजनीतिक दूत अथवा एलची। यह विदेशी सरकार की राजधानी में रहते हैं और अपनी सरकार की ओर से काम-काज करने का इन्हें अधिकार होता है। यह राजदूतों (Ambassadors) से निम्न श्रेणी के राजनीतिक अधिकारी होते हैं।

Charter अधिकार-पत्र। यह किसी शासक द्वारा अपने प्रजाजनों के नाम जारी किया जाता है और उसमें प्रजाजनों के अधिकारों की घोषणा की जाती है

Chief मुख्य; प्रधान।

Chief commissioner चीफ कमिश्नर। ब्रिटिश भारत के उन प्रदेशों का; जो चीफ कमिश्नरी प्रांत कहलाते हैं, प्रधान सरकारी अधिकारी।

Chief court प्रधान-न्यायालय।

Chief customs officer प्रधान अफसर जक़ात।

Chief forest officer प्रधान अफ़सर जंगलात।

Chief Inspector प्रधान निरीक्षक।

Chief Justice प्रधान न्यायाधीश।

Chief revenue officer प्रधान अफसर माल।

Chief secretary प्रधान सेक्रेटरी।

Circuit हल्का; शासनकार्य के लिए किसी देश का अल्प भाग।

Citizen नागरिक; राज्यनिवासी। वह व्यक्ति जो राज्य के प्रति निष्ठा रखता है और बदले में राज्य जिसके अमुक अधिकारों की रक्षा करता है।

Citizenship नागरिकता।

City council नगर-परिषद्। यह म्युनिसिपल कौंसिल का पर्यायवाची शब्द है। नगर की म्युनिसिपल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए इन संस्थाओं की स्थापना की जाती है और इन्हें राज्य की ओर से क़ानून द्वारा निर्दिष्ट अधिकार प्राप्त होते हैं।

City election म्युनिसिपल निर्वाचन; नगर-कौंसिल का चुनाव।

City officers नगर अधिकारी; म्युनिसिपल अधिकारी

Civic नागरिक, नागरिकता, अथवा नगर सम्बन्धी। यथा नागरिक अधिकार और कर्त्तव्य; नागरिक संस्था आदि।

Civil सभ्य; दीवानी; मुल्की।

Civil commotion लोक-विक्षोभ। किसी शासन-कार्य के विरुद्ध लोगों में बेचैनी फैल जाना।

Civil conspiracy लोक-षड्यन्त्र। इसमें क्षति अथवा हानि होने का भी समावेश होता है।

Civil court दीवानी अदालत।

Civil death नागरिक अधिकारों की विहीनता।

Civil disabilities क़ानूनी अयोग्यतायें।

Civil government मुल्की सरकार।

Civil impositions नागरिक कर।

Civil injuries व्यक्तिगत अधिकारों का अपहरण।

Civil jail दीवानी जेल।

Civil Jurisdiction दीवानी अदालत का अधिकार।

Civil law म्युनिसिपल क़ानून; मुल्की क़ानून। किसी राष्ट्र विशेष का स्थापित क़ानून।

Civil liberty नागरिक स्वतंत्रता। इसमें लेखन, भाषण, सम्मेलन आदि स्वतंत्रताओं का समावेश होता है। हरेक सभ्य शासन-तन्त्र नागरिक स्वतंत्रता की रक्षा करना अपना कर्त्तव्य समझता है, किन्तु इसका उपभोग समाज के सामूहिक हितों को ध्यान में रख कर ही किया जाना चाहिए।

Civil list राजघराने का व्यय ।
Civil matters मुल्की मामले ।
Civil offence राज्यापराध ।
Civil office सरकारी पद; मुल्की ओहदा । वह पद जो राज्य का सामान्य शासन-कार्य चलाने के लिए स्थापित किया जाता है । और जिसके अधिकार और कर्त्तव्य निश्चित कर दिए जाते हैं ।
Civil officer मुल्की अफसर । फौजी अधिकारियों के अलावा राज्य के आधीन काम करने वाले हर व्यक्ति का इस परिभाषा में समावेश होता है, चाहे वह कार्यकारी विभाग में काम करता हो, अथवा न्याय विभाग में ।
Civil prison दीवानी जेल ।
Civil prisoner दीवानी कैदी ।
Civil rights नागरिक अधिकार । वह अधिकार जिन्हें म्युनिसिपल क़ानून स्वीकार करता है ।
Civil service सरकारी नौकरी । इसमें फौजी सेवा शामिल नहीं है । इंग्लैण्ड में कुछ समय पहले तक विभागों के प्रधान ही क्लर्कों और मातहत कर्मचारियों को नियुक्त करते थे और सामान्यतः उनकी योग्यता की कोई जांच नहीं की जाती थी । सन् १८८५में वहाँ इस प्रकार की परीक्षाओं की प्रणाली संगठित करने के लिए एक कमिशन नियुक्त किया गया । सिविल सर्विस के सदस्य यों तो राज्य की मर्जी हो तभी तक अपने पदों पर बने रह सकते हैं; किन्तु वह स्थायी कर्मचारी समझे जाते हैं । उन्हें पेंशन प्राप्त करने का हक़ होता है । सिविल सर्विस के नौकरों से यह आशा की जाती है कि सरकारी मंत्रियों के आदेशों का वफादारी के साथ पालन करें, फिर चाहे वह मंत्री किसी भी राजनैतिक दल के क्यों न हों । इसीलिए इन नौकरों का राजनीति में क्रियात्मक भाग लेना अनुचित समझा जाता है । भारत के लिए भी सिविल सर्विस की योजना की गई है । जो लोग इसकी परीक्षा पास करते हैं, उन्हें भारतीय शासन-तंत्र में महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त किया जाता है ।
Civil status नागरिक पद, नागरिक दर्जा । इसमें राज नैतिक और म्युनिसिपल अधिकारों और कर्त्तव्यों का उपभोग शामिल होता है ।
Civil war गृह-युद्ध, घरेलू लड़ाई । एक ही राष्ट्र अथवा समाज के विरोधी नागरिक समूह के बीच होने वाली पारस्परिक लड़ाई ।
Civilian मुल्की नौकर; सिविल सर्विस परीक्षोत्तीर्ण राज्य-कर्मचारी ।
Class श्रेणी; वर्ग ।
Class Legislation वर्ग भेदभावात्मक क़ानून । वह क़ानून, जो एक वर्ग के कुछ व्यक्तियों पर बोझ डाल देता है और दूसरे वर्ग के व्यक्तियों को स्वतंत्र छोड़ देता है । इस प्रकार के कुछ क़ानून युक्तियुक्त और कुछ बिल्कुल मनमाने होते हैं ।
Clause धारा ।
Clemency राज-दया, राजक्षमा । किसी राजा अथवा राज्य के प्रधान को यह अधिकार होता है कि वह अमुक परिस्थितियों में अपराधियों को दया प्रदर्शित करते हुए क्षमा कर दे ।
Clerk लेखन-कार्य करनेवाला कर्मचारी ।
Clerical error लेखकीय भूल; कारकूनी भूल ।
Closure बहस बन्द करने का प्रस्ताव ।
Co-administrator सहशासक; संयुक्त शासक ।
Coalition संयुक्त; गंगा-जमुनी । विभिन्न दलों का अपने विशिष्ट सिद्धान्तों को कायम रखते हुए अस्थायी एकीकरण ।
Code विधि-संग्रह । किसी भी विषय पर राज्य के क़ानून का व्यवस्थित और सम्पूर्ण संग्रह । यथा Civil procedure code जाब्ता दीवानी; Criminal procedure code जाब्ता फौजदारी; Indian Penal code ताज़ीरात हिन्द ।
Codification क़ानून संकलन । यह संकलन इतना सरल होना चाहिए कि कम-से-कम समय में कोई भी व्यक्ति क़ानून की जानकारी प्राप्त कर सके । इस प्रकार के संकलन में तमाम सम्बद्ध क़ानून एक स्थान पर एकत्र कर दिये जाते हैं ।
Coerceion दमन; दबाव । बलपूर्वक अथवा किसी क़ानून या सत्ता द्वारा कोई काम कराना या किसी काम को करने से रोकना ।

Coin सिक्का। राज्य की ओर से प्रचारित धातु का सिक्का
Coinage सिक्का साज़ी।
Collection वसूली; संग्रह।
Collector ज़िला अधिकारी। यह मुख्यतः राज्य के माल-विभाग का कार्य करता है, किन्तु इसे शासन सम्बन्धी अन्य अधिकार भी प्राप्त होते हैं।
Collector's office कलक्टरी कचहरी।
Collectorate कलक्टरी इलाका; वह ज़िला जिसके लिए कि कलक्टर नियुक्त किया जाता है।
Colonial औपनिवेशिक।
Colony उपनिवेश; बस्ती।
Color of office पद की आड़ में सत्ता का दुरुपयोग।
Command अधिकृत आज्ञा; आदेश।
Commander सेनापति।
Commander-in-chief प्रधान सेनापति।
Commanding officer सेना संचालक।
Commercial law व्यापारिक क़ानून। क़ानून की वह शाखा जिसमें व्यापारिक व्यवहार सम्बन्धी नियमों का समावेश होता है। यह क़ानून किसी एक राष्ट्र से सम्बन्ध नहीं रखता, बल्कि व्यापारिक जगत की परम्पराओं के आधार पर उत्पन्न होता है।
Commissary एक अफ़सर, जिसका मुख्य काम सेना के लिए आवश्यक सामग्री देना होता है।
Commission राज्यादेश। वह आज्ञा जो राज्य की ओर से किसी पद पर नियुक्ति के समय किसी के नाम जारी की जाती है। जब किसी विषय की जांच करने के लिए कुछ व्यक्तियों को अधिकार दिया जाता है तब भी यह शब्द प्रयुक्त होता है।
Commissioned officer उच्च-श्रेणी का फौजी अफ़सर
Commissioner एक सरकारी पद का नाम। मुख्य जिला अधिकारी।
Commissioner of police पुलिस कमिश्नर। बम्बई, कलकत्ता, मद्रास आदि बड़े शहरों में नियुक्त प्रधान पुलिस अधिकारी।
Commissioner of revenue रेवेन्यु कमिश्नर। जिले के मालगुजारी शासन का प्रधान अफसर।
Common informer सुफिया; वह व्यक्ति जिसका काम क़ानून भंग करनेवाले अपराधियों के विरुद्ध सूचना देना होता है।
Common law सामान्य क़ानून। इनमें उन सिद्धांतों, परम्पराओं और नियमों का समावेश होता है जिन्हें धारा सभाओं ने निश्चित रूप से स्वीकृत नहीं किया होता।
Common weal लोकहित; जनता की भलाई।
Commotion लोक-क्षोभ। किसी राजनैतिक घटना के फल स्वरूप जनता में क्षोभ अथवा रोष फैलने के लिए यह शब्द प्रयुक्त होता है।
Communal cases साम्प्रदायिक मामले।
Communication यातायात अथवा सम्पर्क के साधन। इनमें रेल, सड़क, तार आदि का समावेश होता है।
Competent authority योग्य अधिकारी।
Condemned cell सजायाफ्ता व्यक्ति के रहने की काल कोठड़ी।
Confine कैद करना; सीमाबद्ध करना।
Confinement कैद।
Confiscation जब्ती। जब सरकार किसी की जायदाद जब्त करती है तो इस शब्द का व्यवहार किया जाता है।
Conscription अनिवार्य सैनिक भर्ती।
Conscription of wealth युद्ध के लिए सम्पत्ति पर कर लगाना अथवा सम्पत्ति को जब्त करना।
Conservance Authority नदी अथवा बन्दरगाह नियामक अधिकारी।
Conspiracy षड्यन्त्र। किसी अपराध को करने के लिए दो या दो से अधिक व्यक्तियों का सहमत होना।
Consipirator षड्यंत्रकारी।
Constable पुलिस का सिपाही।
Constabulary पुलिस दल।
Constituency निर्वाचन-क्षेत्र।
Constitute नियुक्त करना; निर्वाचित करना; कायम करना। किसी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों को किसी पद के लिए मनोनीत करना।
Constituents निर्वाचक गण; निर्वाचक संगठन के सदस्य जो किसी व्यक्ति को धारा सभा के लिए चुनने का अधिकार रखते हैं।
Constitution विधान; राज्य के संगठन का लिखित

रूप। इसमें राजकीय विभागों और राज्याधिकारियों तथा शासक और शासितों के अधिकारों तथा कर्त्तव्यों का उल्लेख रहता है।

Constitutional law वैधानिक क़ानून। यह सार्वजनिक क़ानून की वह शाखा है, जिसमें राज्य के राजनैतिक संगठन का वर्णन रहता है। इसमें धारा-सभा, कार्यकारिणी विभाग; न्यायविभाग तथा अन्य विभागों के निर्माण और संचालन के नियम दिये होते हैं।

Constructive authority विधायक अधिकार। पूर्ववर्ती अधिकार के आधार पर सम्पादित अधिकार

Consul दूत; प्रतिनिधि। वह व्यक्ति जो किसी राष्ट्र-द्वारा विदेशी राष्ट्र में रहने के लिए नियुक्त किया जाता है। इसका मुख्य कार्य उस राष्ट्र में अपने राष्ट्र के व्यापारिक हितों की देख-भाल करना होता है। इस प्रकार के प्रतिनिधियों के कई भेद होते हैं, यथा Consul-General प्रधान प्रतिनिधि; Vice Consul उप-प्रतिनिधि; Consular agent कौंसलर एजेण्ट; pro-Consular स्थानापन्न दूत आदि। यह सब विदेश-स्थित व्यापारिक दूतावास के अधिकारी कहलाते हैं।

Consulate व्यापारिक दूतावास।

Contingent expenses विशेष परिस्थिति के लिए सुरक्षित रक़म। किसी सार्वजनिक काम के लिए धारा-सभा द्वारा स्वीकृत मोटी रक़म।

Controller नियामक; व्यवस्थापक। इस नाम के अलग-अलग विभागों के लिए कई सरकारी अधिकारी होते हैं। यथा Controller of civil supplies जनता की खाद्य सामग्री का नियमन करनेवाला अधिकारी; Controller of king's household राजा के निजी मामलों का व्यवस्थापक आदि।

Convene बुलाना। धारा सभा आदि। सामूहिक संस्थाओं की बैठक बुलाने के लिए यह शब्द काम में लाया लाता है।

Convertible paper currency विनिमय साध्य कागजी सिक्का। सरकार द्वारा मुद्रित कागज के नोट, जो नक़द सिक्के के रूप में बदले जा सकते हैं

Convict सजायाफ्ता; कैदी।

Copper coin पैसा; तांबे का सिक्का।

Coronation राज्यारोहण समारोह।

Coronation cath राज्य-शपथ। वह शपथ जो राज्यारोहण के समय राजा को लिवाई जाती है।

Coroners म्युनिसिपल अधिकारी; इनका मुख्य काम आकस्मिक मौतों की जाँच करके निर्णय देना होता है

Corporation नगर-परिषद्; म्युनिसिपल संघ। यह शब्द कलकत्ता, बम्बई; मद्रास आदि शहरों की म्युनिसिपैलिटियों के लिए प्रयुक्त होता।

Corporator कोर्पोरेशन का सदस्य।

Corrupt practices अप्रामाणिक कार्रवाइयां। चुनाव सम्बन्धी कानून में रिश्वत देना, मतदाताओं पर अनुचित असर डालना, असली मतदाता के बजाय दूसरे से मत दिलवाना, चुनाव खर्च का गलत हिसाब पेश करना आदि अप्रामाणिक कार्रवाइयां समझी जाती हैं और इनके आधार पर चुनाव रद्द हो सकता है।

Corruption भ्रष्टता; अप्रामाणिकता। व्यक्तिगत स्वार्थ साधन करने के लिए कानून के विरुद्ध कार्य करना।

Council कौंसिल; राज्य अथवा म्युनिसिपल कार्य-भार चलाने के लिए निर्मित व्यक्तियों की सभा।

Council chamber कौंसिलचेम्बर;धारासभा भवन।

Council draft भारतमन्त्री की हुण्डी। यह बैंक आफ इंग्लैण्ड में भुनवाई जा सकती है।

Council of elders उच्च कौंसिल; विशिष्ट कौंसिल। भारत में Council of state राज्य परिषद के लिए यह शब्द प्रयुक्त होता है। यह धारा सभा की अपेक्षा संकुचित मताधिकार द्वारा चुनी जाती है।

Council of war युद्ध-समिति। विशेष परिस्थिति उत्पन्न होने पर बुलाई गई प्रधान अधिकारियों की सभा।

Councillor कौंसिल का सदस्य।

Countermand विपरीत आज्ञा;वह आज्ञा जो पुरानी आज्ञा को रद्द करने के उद्देश्य से जारी की जाती है

Counter-sign सह-हस्ताक्षर करण। मुख्य अफ़सर के साथ साथ सेक्रेटरी अथवा और किसी मातहत कर्मचारी का किसी दस्तावेज की यथार्थता सिद्ध करने के लिए हस्ताक्षर करना।

Coup d'etat आकस्मिक बलात् राज्य-क्रान्ति।
Court अदालत; न्यायालय।
Courts of equity and courts of-law प्रथम श्रेणी की अदालतों का अधिकार-क्षेत्र उन्हीं मामलों तक सीमित होता है जो केवल पार्टियों के न्याय संगत अधिकारों से सम्बन्ध रखते हैं और दूसरी श्रेणी की अदालतें कानून के अनुसार दायर हुए दावों का निर्णय करती हैं।
Court of error अपील कोर्ट; हालैण्ड में उमराव सभा के लिए यह शब्द प्रयुक्त होता है जो अपने सामने लाई जानेवाली गलतियों पर विचार करती है।
Court of Exchequer इंग्लैंड की उच्च अदालत। यह क़ानून और रेव्हेन्यु के मामले निपटाती है।
Court of Inquiry जांच अदालत। यह किसी व्यवहार अथवा अभियोग की जांच के लिए नियुक्त जाती है।
Court of Justice न्यायाधीश; इसमें एक या एक से अधिक न्यायाधीशों का समावेश भी होता है जो मिलकर न्याय-दान का कार्य करें।
Court of Parliament पार्लियामेंट की अदालत के बहुत से काम न्याय-दान से सम्बन्ध नहीं रखते। ऐसी और भी अदालतें होती हैं, यथा Coroner's Court अर्थात् आकस्मिक मृत्यु घटनाओं की जांच अदालत।
Court of original and Court of Appellate Jurisdiction प्रथम श्रेणी की अदालतें वह होती हैं जिनमें प्रारम्भ में दावा दायर होता है और जो उस दावे की अपील नहीं सुन सकतीं। दूसरी श्रेणी की अदालतें मातहत अदालतों के फैसलों के विरुद्ध अपील सुनती हैं।
Court of Oyer and Terminer इंग्लैंड की फौजदारी अदालत। यह राजद्रोह और गुरुतर अपराधों की सुनवाई करती है।
Court of Probate धार्मिक अदालत।
Court of Record रिकार्ड अदालत। इसमें उन सब अदालतों का समावेश होता है जो अपनी कार्रवाई का लिखित रिकार्ड (प्रमाण) रखती हैं और जो जुर्माने या कैद की सजा दे सकती हैं।
Court of Review अपील अदालत। वह उच्च अदालत जो मातहत अदालत के निर्णयों पर गौर करती है।
Court, of small causes अदालत खफीफा; जो लेन देन सम्बन्धी छोटे-मोटे मामलों की सुनवाई करती है
Court, Commissioners अदालती कमिश्नर। इनको न्याय सम्बन्धी अल्प महत्व के अधिकार प्राप्त होते हैं और यह अदालत के मातहत कर्मचारी होते हैं
Court martial फौजी अदालत; यह अदालत फौजी सिपाहियों और अफसरों के अपराधों की सुनवाई करती है
Crime अपराध; जुर्म; क़ानून विरुद्ध कार्य।
Criminal अपराधी।
Criminal Court फौजदारी अदालत।
Criminal law फौजदारी क़ानून। वह क़ानून जो अपराधों से सम्बन्ध रखता है।
Criminal Prisoner सजायाफ्ता कैदी। वह कैदी जो किसी अपराध में दण्डित होने के बाद अधिकारी अदालत द्वारा जेल में भेजा जाता है।
Criminal proceeding फौजदारी कार्रवाई। वह कार्रवाई जो किसी व्यक्ति को किसी अपराधके लिए दण्ड दिलवाने के लिए राज्य के नाम पर शुरू की जाती है।
Criminal prosecution फौजदारी मुकद्दमा। वह मुकद्दमा जो राज्य की ओर से किसी अपराध के लिए दण्ड दिलवाने के लिए किसी अदालत से दायर किया जाता है।
Cross voting विरुद्ध मतदान। एक सदस्य का दूसरे दल के पक्ष में अथवा अपने ही दल के प्रस्ताव के विरुद्ध मत दान।
Crown ताज; सम्राट्; बादशाह। शाही सत्ता का अधिकारी, चाहे वह राजा हो या रानी।
Crown cases फौजदारी मामले।
Crown colony उपनिवेश, जो इंग्लैण्ड की सरकार के नियंत्रण में हैं।
Crown lands ताज की निजी भूमि।
Crown law फौजदारी क़ानून। इंग्लैण्डण्ड में इस क़ानून के लिए यही शब्द प्रयुक्त होता है।
Crown lawyer सरकारी वकील।
Crown, prerogative of सम्राट् का विशेष अधिकार यह उस अधिकार का अवशेष है जिसके अनुसार

सम्राट् न्यायालयों के कार्य में हस्तक्षेप कर सकते थे। इंग्लैण्ड और स्वशासन भोगी उपनिवेशों के सम्बन्ध में ताज को ऐसा कोई अधिकार नहीं रह गया है; केवल छोटी-मोटी ब्रिटिश आवादियों के सम्बन्ध में ही वह ऐसा करने का अधिकार रखता है

Crown Prince युवराज।

Crown Princess युवराज की पत्नी।

Crown Representative ताज का प्रतिनिधि। भारत में वायसराय ताज के सबसे बड़े प्रतिनिधि हैं जो देशी राज्यों के सम्बन्ध में सम्राट् का प्रतिनिधित्व करते हैं।

Currency मुद्रा; धातु अथवा कागज का सिक्का।

Customs सायर कर। वह कर जो किसी देशके भीतर बाहर से आने वाले माल पर लिया जाता है।

Customs Collector आयातकर संग्रह कर्ता।

D

De facto Goverment अनियमित सरकार। वह सरकार जो क़ानूनी सरकार पर कब्जा प्राप्त कर लेती है और शस्त्र-बल के आधार पर अपना वर्चस्व क़ायम रखती है तथा असली सरकार की भांति व्यवहार करती है।

De facto officer अनियमित अधिकारी। वह अधिकारी जो नियुक्त होने के पहले ही किसी पद पर कार्य करना शुरू कर देता है।

Dead letter मृत क़ानून। :वह क़ानून जिस पर अमल नहीं किया जाता।

Death duties उत्तराधिकार कर। यह कर मृतक की सम्पत्ति के हस्तान्तर होनेके सिलसिले में लिये जाते हैं

Debate Parliamentary धारा सभाओं का वाद-विवाद।

Declaration युद्ध-घोषणा।.

Declaratory statutes घोषणात्मक क़ानून। ऐसे क़ानून जो पहले से बने हुए क़ानूनों को उसी रूप में व्यक्त करते हैं।

Defence रक्षा; बचाव।

Delegate प्रतिनिधि।

Delegation of power अधिकार-दान।

Delimit सीमा-निर्धारण। किसी प्रदेश अथवा देश की सीमा निर्धारित करना।

Demi-official अर्द्ध-सरकारी।

Demobilization सैन्य-भंग।

Demonetisation सिक्के के क़ानूनी मूल्य का अपहरण

Department विभाग; महकमा।

Department of state राजकीय विभाग।

Dependency अधीनस्थ प्रदेश।

Deportation निर्वासन; किसी अवांछित व्यक्ति का देश से निष्कासन।

Depose पदच्युत करना; गद्दी से हटाना।

Deputy नायब।

Deputy Secretary उपमन्त्री।

Deputy Superintendent नायब सुपरिन्टेण्डेण्ट।

Desertion अनियमित पद-त्याग। बिना किसी उचित कारण के नौकरी छोड़ना।

Designate नियुक्त करना। किसी ओहदे पर मुकर्रर करना।

Detention नजरबन्दी। बिना मुकद्दमा चलाये कार्यकारी सत्ता द्वारा लोगों को नजरबन्द रखने का कार्य।

Detenue नजरबन्द।

Dethrone गद्दी से उतारना।

Development Commissioner नगर-सुधार कमिश्नर। इनका कार्य नगर सुधार की योजनाओं को कार्यान्वित करना होता है और यह सरकार द्वारा नियुक्त किये जाते हैं।

Diarchy द्वैत शासन। इस प्रकार के शासन में राजकीय विभागों का संचालन दो स्वतंत्र सत्ताओं द्वारा होता है। भारत में मांटेग्यु-चेम्स फोर्ड सुधारों के अनुसार प्रांतों में इस प्रकार की प्रणाली जारी की गई थी। इसके अनुसार कुछ विभाग लोक-प्रिय मंत्रियों को सौंप दिये गये थे और कुछ अंग्रेज अधिकारियों के ही हाथों में रखे गये थे।

Diarchical द्वैत शासन सम्बन्धी।

Dictator सर्वाधिकारी; तानाशाह। वह व्यक्ति जिसे संकट-काल के लिए पूर्णसत्ता प्राप्त होती है।

Dictatorial निरंकुशतापूर्ण; स्वेच्छाचारितापूर्ण।

Dictatorship सर्वाधिकारी का पद। वह सरकार जिसमें राज्य की सर्वोपरि सत्ता एक व्यक्ति के हाथों में रहती है, जो 'डिक्टेटर' या सर्वाधिकारी कहलाता है।

Digest संक्षिप्त संकलन, विशेषतः क़ानूनों का संकलन।

Dignitary उच्च पदाधिकारी।

Diplomacy कूटनीतिज्ञता; अन्तर-राष्ट्रीय मामलों से सम्बन्ध रखनेवाले विषयों का कुशल सम्पादन।

Diplomatic Agents राज प्रतिनिधि; किसी राजा अथवा सरकार के, विदेशी सरकार की राजधानी में रहने वाले प्रतिनिधि।

Diplomatic service कूटनीतिक नौकरी; इसमें उन सब पदों का समावेश होता है जो अन्तर-राष्ट्रीय मामलों को निपटाने के लिए अस्तित्व में आये हैं।

Direct Tax प्रत्यक्ष कर; वह कर जिसका भार स्वयं अदा करनेवाले पर पड़ता है। इस प्रकार के कर अदा करनेवाले की सम्पत्ति, आय, व्यक्तित्व, धंधे आदि पर लगाये जाते हैं।

Director संचालक।

Director General प्रधान-संचालक। यथा Director General of posts and Telegraphs डाक और तार विभाग के प्रधान संचालक।

Disaffection अप्रीति; सरकार के प्रति सद्भावना का अभाव।

Disarmament निःशस्त्रीकरण; युद्धोचित व्यवस्था का परित्याग अथवा न्यूनता।

Disband भंग करना; तोड़ना।

Disbar वंचित करना; किसी वकील को वकालत करने के अधिकार से वंचित करना।

Discretion निर्णय शक्ति; विवेक। जब सरकारी कर्मचारियों के सम्बन्ध में यह शब्द प्रयुक्त होता है तो उसका यह अर्थ होता है कि कानून ने उन्हें ख़ास परस्थितियों में अपने स्वतंत्र विवेक और अन्तः-करण के अनुसार आचरण करने का अधिकार दिया है।

Discretionary Power विवेक संगत सत्ता। यह सत्ता किसी काम को करने या न करने दोनों के लिए काम में लाई जा सकती है।

Disfranchise नागरिकता से वंचित करना।

Disfranchisement मताधिकार अथवा निर्वाचन अधिकार अपहरण।

Dismiss अलग करना; खारिज करना; बर्खास्त करना पदच्युत करना।

Dismissal पदच्युति; बर्खास्तगी।

Disperse बिखेरना; भंग करना। यथा किसी गैर कानूनी सभा को बल-प्रयोग द्वारा भंग करना।

Displeasure नाराजगी; यथा मातहत कर्मचारियों के व्यवहार पर उच्च अफ़सरों की नाराजगी।

Disqualification अयोग्यता।

Disqualified अयोग्य; अनधिकारी।

District ज़िला; किसी प्रान्त का एक निर्दिष्ट भू-भाग

District Board ज़िला बोर्ड।

District Collector ज़िला कलक्टर।

District Court ज़िला अदालत, दीवानी अदालत; हाईकोर्ट जो दीवानी दावों का निर्णय करती है।

District Judge ज़िला जज। प्रारम्भिक अधिकार क्षेत्र रखने वाली मुख्य दीवानी अदालत का न्यायाधीश।

District Magistrate ज़िला मजिस्ट्रेट। वह मुख्य अफ़सर, जिसके हाथ में जिले के फौजदारी मामलों का प्रबन्ध होता है।

District Police जिला पुलिस।

District Superintendent जिला सुपरिण्टेण्डेन्ट पुलिस।

Division देश का एक भाग; शासन कार्य के लिए देश का एक निर्दिष्ट भू-भाग। यह जिला अथवा तहसील का समान-अर्थी शब्द है।

Divisional officer विभागीय अफ़सर।

Division Court शाखा अदालत; वह अदालत जिसमें हाईकोर्ट के दो या तीन जज होते हैं और जो साधारणतः विशेष मामलों के लिए बैठती है।

Domicile निवास-स्थान; स्थायी घर।

Dominion अधिकार; वर्चस्व; अधिकृत प्रदेश;

स्वशासन भोगी ब्रिटिश उपनिवेश।

Duty कर।

E

Edict राज्याज्ञा; शाही हुक्म।
Education शिक्षा; तालीम।
Education Department शिक्षा विभाग; महकमा तालीम।
Efficient दक्ष; कार्यक्षम; कार गुजार।
Efficiency दक्षता; कार्यक्षमता; व्यवस्थितता।
Elect चुनना; निर्वाचित करना।
Elected निर्वाचित; चुना हुआ।
Election चुनाव; निर्वाचन।
Election-direct प्रत्यक्ष चुनाव।
Election, indirect अप्रत्यक्ष चुनाव।
Election, valid नियमित चुनाव।
Election, invalid अनियमित चुनाव।
Election petition चुनाव अर्जी; चुनाव के खिलाफ़ दरख्वास्त।
Election, General साधारण चुनाव; आम चुनाव।
Election, Primary प्राथमिक चुनाव।
Election, Special विशिष्ट चुनाव।
Election Agent उम्मीदवार का एजेण्ट अर्थात् प्रतिनिधि।
Election Commissioners चुनाव कमिश्नर। चुनाव की अप्रमाणिक कार्यवाही की जांच करने के लिये यह सरकार द्वारा नियुक्त किये जाते हैं।
Election Expenses निर्वाचन व्यय; चुनाव में होने वाला खर्च।
Election Result चुनाव परिणाम; चुनाव का नतीजा।
Elector निर्वाचक; निर्वाचन-कर्ता।
Electoral Right निर्वाचनाधिकार।
Eligible निर्वाचन के योग्य।
Embargo पाबन्दी; रुकावट। सरकारी आज्ञा, जिसके द्वारा किसी देश के बन्दरगाह से माल अथवा जहाजों का जाना रोक दिया जाता है। एक राज्य की सीमा से माल की निकासी पर लगाई गई पाबन्दी के लिए भी यह शब्द प्रयुक्त होता है।
Emergency असाधारण परिस्थिति; संकटकाल।
Emissary राजदूत। वह व्यक्ति जो किसी हेतु विशेष की सिद्धि के लिए अथवा राजकीय कार्य के सम्बन्ध में अन्य देश में भेजा जाता है।
Emperor सम्राट्।
Empire साम्राज्य।
Enabling Statute अनुमतिदायक कानून। वह कानून जो किसी ऐसे काम को करने की अनुमति देता है, जिसका करना अन्य या कानून-सम्मत नहीं होता।
Enact कानून बनाना।
Enactment कानून।
Enemy शत्रु; दुश्मन। विरोधी सेना-अथवा राष्ट्र का सदस्य।
Enemy State शत्रु-राज्य।
Enemy property शत्रु-सम्पत्ति; शत्रु की जायदाद।
Enforcing an order हुक्म की पाबन्दी, आज्ञा को कार्यान्वित करना।
Enfranchise मताधिकार देना।
Enfranchisement मताधिकार।
Engagement सरकारी वादा; सरकारी करार।
Enhancement of Rent लगान-वृद्धि; कर-वृद्धि।
Enlist भर्ती करना या होना।
Enlistment भर्ती।
Enquiry जाँच; तहकीकात।
Enquiry, local स्थानीय जाँच; घटनास्थल की जाँच।
Enquiry, Preliminary प्रारम्भिक जाँच।
Enquiry, legal कानूनी जाँच।
Enquiry, secret गुप्त जाँच; खुफिया जाँच।
Enquiry, subject of जाँच का विषय।
Escape, जेल से भागना।
Estate, duty जायदाद-कर।
Exaction अनियमित वसूली. किसी राज्य कर्मचारी

का उस काम के लिए रुपया मांगना और लेना जिसके लिए कोई कानूनी आधार न हो।

Excellency सम्मान सूचक पदवी। यह वायसराय तथा उनकी पत्नियों, राजदूतों और राजनीति विभाग के कुछ अन्य सदस्यों को दी जाती है। ब्रिटिश भारत और ब्रिटिश गवर्नरों और उनकी पत्नियों के लिए यह शब्द प्रयुक्त होता है।

Exchequer राज्यकोष; राज्य का वह विभाग जो राज्य की आय प्राप्त करता और अपने पास रखता है।

Excise आबकारी।

Excise commissioner आबकारी कमिश्नर।

Excise law आबकारी कानून।

Excise revenue आबकारी आय।

Excise duties देशस्थ चुंगी; वह कर जो देश में बनने तथा बिकने वाली चीजों पर लगाये जाते हैं।

Executive कार्यकारी शासन सम्बन्धी; कानूनी अमल सम्बन्धी।

Executive authority शासकमण्डल; कार्यकारी सत्ता।

Executive business शासन-कार्य; वह कार्य जिसे करने के लिए कानून किसी सरकारी अफसर को आदेश देता है और जिन पर उसे अमल करना ही चाहिए।

Executive department शासन सम्बन्धी महकमे; कार्यकारी विभाग।

Executive government कार्यकारी सरकार; शासन करने वाली सरकार।

Executive officers सरकार के कार्यकारी विभागों में काम करने वाले अफसर।

Explanation, to call for सफाई मांगना; कैफियत तलब करना।

Export-duties निर्यात-कर। वह कर जो माल की निकासी पर वसूल किये जाते हैं।

Extra-territoriality विशेषाधिकार; अतिरिक्त अधिकार। उदाहरण के लिए कुछ समय पहले तक चीन में योरोपीय राष्ट्रों को जो विशिष्ट अधिकार प्राप्त थे उनके लिए यह शब्द प्रयुक्त होता है।

Extortion नाजायज वसूली। किसी सरकारीकर्मचारी द्वारा अपने अधिकार के नाम पर गैरकानूनी वसूली।

Extradition अभियुक्तों का हस्तान्तरकरण। एक सरकार द्वारा अपनी सीमा में रहने वाले किसी अभियुक्त को उस सरकार के हवाले करना जिसके अधिकार-क्षेत्र में उसने अपराध किया हो।

Extra-ordinary Powers असाधारण अधिकार; गैर मामूली अख्तियार।

F

Factory and workshops Acts कारखानों सम्बन्धी कानून।

Favoured Nation विशेष रियायत भोगी राष्ट्र। यह शब्द उस राष्ट्र के लिए प्रयुक्त होता है, जिसे अन्य राष्ट्रों की तुलना में कम से कम आयात—कर की शरह पर माल भेजने का अधिकार प्राप्त है।

Federal Court संघीय अदालत।

Federal Government संघीय सरकार; संघीय सिद्धान्तों पर स्थापित सरकार।

File फाइल; फाइल करना।

Final order अन्तिम आज्ञा; आखिरी हुकम।

Finance राजस्व; राज्य के आर्थिक साधन; अर्थविज्ञान।

Finance Member अर्थ सदस्य।

Financial आर्थिक; माली।

Financial year बजटी साल।

Finger print अंगूठे की निशानी।

Foreign Department परराष्ट्र विभाग।

Foreign office परराष्ट्र कार्यालय।

Forest Court जंगलात-अदालत।

Forest offiicers अफसर जंगलात।

Franchise मताधिकार।

Frontier देश-सीमा; सीमान्त प्रदेश।

Funded Debt सरकारी ऋण, जिसकी अदायगी के लिए रुपया निर्दिष्ट कर दिया जाता है।

G

Gabel कर; महसूल; टैक्स।
Gag मुँह बन्दी।
Game Laws शिकार कानून।
Gaol जेल; कैदखाना।
Gaoler जेलर; कैदखाने का अफ़सर।
Garrison क़िले की फौज।
Gazette ग़ज़ट; सरकारी वृत्त-पत्र। यह सरकारी प्रकाशन होता है, जिसमें सरकारी विज्ञप्तियाँ, सरकारी नियुक्तियाँ और क़ानूनी विज्ञापन प्रकाशित होते हैं।
Gazetteer, official सरकारी पुस्तिका, प्रकाशन अथवा समाचार पत्र, जो सप्ताह में निश्चित दिन को प्रकाशित होता है। इसमें शाही घोषणायें सरकारी आज्ञायें और नियम, सरकारी सर्क्युलर, नियम, उपनियम और अन्य आम नोटिस छपते हैं।
Gazetted officer उच्चश्रेणी के सरकारी अफ़सर।
Generalissimo संयुक्त जल और थल सेना का अथवा कई सेनाओं का सेनापति; महा सेनापति।
Government सरकार; शासन आदि।
Government Lands सरकारी जमीन; वह जमीन जिसकी मालिक सरकार हो।
Government of India भारत सरकार।
Government orders सरकारी आज्ञायें; सरकारी हुक्म।
Government pleader सरकारी वकील।
Government Provident Fund सरकारी कर्मचारी सहायक कोष।
Government Regulation सरकारी नियम।
Government Security सरकारी कागज; नोट बॉण्ड आदि।
Governor प्रान्त का शासक।
Governor General प्रधान शासक; समस्त देश का शासक।
Governor General in Council सपरिषद् गवर्नर जनरल।
Governor in Council सपरिषद् गवर्नर; कार्यकारिणी सहित गवर्नर।
Guard रक्षक; सन्तरी।

H

HarbourAuthority बन्दरगाह अधिकारी।
Head man मुखिया; पटेल।
Head quarters मुख्य कार्यालय; केन्द्रीय दफ्तर।
Health officer स्वास्थ्य विभाग का अफसर।
Heir Apparent युवराज।
Hereditary office वंशानुगत पद; खानदानी ओहदा।
High Court or High Court of Justice or High Court of Judicature प्रधान न्यायालय; हाईकोर्ट; किसी इलाके की सर्वोच्च अपील अदालत।
History Ticket विवरण–पत्र। यह जेल-नियमों के अनुसार प्रत्येक कैदी के सम्बन्ध में रक्खा जाता है।
Holder of Power अधिकारी।
Holiday छुट्टी; तातील।
Honorable सम्माननीय; माननीय; कौंसिल के सदस्यों के लिए यह शब्द प्रयुक्त होता है।
Honorary Magistrate ऑनरेरी मजिस्ट्रेट; अवैतनिक न्यायाधीश।
Honour, Titles of पदवियाँ, खिताब, जो राजा की ओर से दिये जाते हैं और व्यक्तिगत विशेषताओं के द्योतक होते हैं।
Hostage जमानती आदमी; वह व्यक्ति जिसे कोई युद्धरत राष्ट्र अपने विरोधी राष्ट्र को जमानत के तौर पर सौंप देता है।
House of correction सुधार-गृह; वह स्थान जहाँ नवयुवा अपराधियों को सुधारने की दृष्टि से रक्खा जाता है।
House of Commons आम सभा; लोक सभा; इंगलैण्ड की लोक सभा।

House of Legislature धारा सभा; व्यवस्थापक सभा।

House of Lords इंग्लैण्ड की वरिष्ठ धारा सभा; उमराव सभा।

House of refuse बाल-अपराधियों की जेल।

I

Illegal गैर कानूनी; नाजायज।

Illegal practices at elections चुनावों में नियम विरुद्ध कार्य अर्थात कानून द्वारा निषिद्ध कार्य।

Illegality अवैधता; गैर कानून।

Illicit खिलाफ कानून; अवैध; नियम-विरुद्ध; निषिद्ध।

Imbargo पाबन्दी; रुकावट; जो सरकारी आज्ञा द्वारा जहाजों या माल के आवागमन पर लगाई जाती है।

Immunity कर-मुक्ति; दायित्व-मुक्ति। सामान्य नियम के अपवाद के रूप में कानून द्वारा स्वीकृत व्यक्तियों अथवा वस्तुओं को प्राप्त टैक्सों से छुटकारा।

Impale सूली पर चढ़ाना।

Impendiments in law कानूनी प्रतिबन्ध; कानूनी अयोग्यता।

Imperial शाही; सर्वोच्च; सार्वभौम।

Imperial parliament ब्रिटिश पार्लियामेंट।

Implied abrogation गर्भित उच्छेद; किसी कानून को बिल्कुल विपरीत और नया कानून बनाकर रद्द करना।

Import duty विदेश अथवा पर-राज्य से आने वाले माल पर लिया जाने वाला कर; आयात कर।

Imposition कर; टैक्स।

Impost जकात; चुंगी। यह बाहर सेआने वाले माल पर ली जाती है। साधारणतः किसी भी राज्य-कर के लिए यह शब्द प्रयुक्त हो सकता है।

Imprisonment कैद; कारावास।

In exercise of powers or authority कानून द्वारा प्रदान की हुई सत्ता अथवा अधिकारों का उपयोग करते हुए।

Incidental expenses मुतफर्रिक खर्च।

Incidental power आनुसंगित अधिकार।

Incitement प्रोत्साहन; उत्तेजन, यथा हिंसा के लिए प्रोत्साहन।

Income tax आय-कर। यह निर्दिष्ट सीमा से अधिक आमदनी होने पर वसूल किया जाता है।

Income tax officers आय-कर अफसर।

Incompetent अयोग्य; नाक़ाबिल।

Inconvertible paper currency अविनिमय-शील कागजी मुद्रा।

Increment वेतन वृद्धि।

Indefinite imprisonment अनिश्चित कैद; बेमियाद कैद।

India office भारत मंत्री का कार्यालय; ब्रिटिश सरकार का एक विभाग, जिसके प्रधान भारत मंत्री होते हैं।

India stock भारतीय ऋण-पत्र। यह भारत मंत्री द्वारा पार्लियामेंट के कई कानूनों के अनुसार जारी किये जाते हैं।

Indian civilian भारतीय सिविल सर्विस का सदस्य।

Indian civil service भारत सरकार का मुल्की महकमा। यह उन थोड़े से अफसरों का द्योतक है, जो न्याय, माल तथा अन्य सरकारी विभागों में मन्त्रियों (secretaries) के तौर पर काम करते हैं।

Indian income tax भारतीय आय कर।

Indian marine court भारतीय सामुद्रिक अदालत।

Indian railway company भारतीय रेल कम्पनी।

Indian soldier भारतीय सैनिक।

Indian waters भारतीय समुद्र। समुद्र का वह मार्ग जो पश्चिम में शुमासा अन्तरीप से लगाकर पूर्व में मगेलन के जल-मार्ग (straits) के बीच में स्थित है।

Indirect tax अप्रत्यक्ष कर। चीजों पर जो कर लगाया जाता है, वह इसी श्रेणी में आता है।

Industry उद्योग धन्धे।

Infantry पैदल सेना ।
Inferior courts मातहत अदालतें; अल्प अधिकार वाली अदालतें ।
Information department सूचना–विभाग । इस विभाग का काम सरकारी कार्यों के बारे में आवश्यक जानकारी देना होता है ।
Informer, police पुलिस का खुफिया कर्मचारी ।
Inherent powers निहित अधिकार; स्वयं सिद्ध अधिकार, अन्तर-वर्ती अधिकार ।
Inheritance tax उत्तराधिकार टैक्स ।
Inland Revenue देशस्थ राजकीय आय ।
Inquiry जांच; तहकीकात ।
Inquisition सरकारी जांच ।
Insolvent Law दिवालिया कानून ।
Inspector General प्रधान निरीक्षक; इन्सपेक्टर जनरल । यह भी कई पदों के साथ प्रयुक्त होता है, यथा पुलिस, जेल आदि के इन्सपेक्टर जनरल ।
Installation गद्दी नशीनी; राज्याभिषेक; किसी उच्च पद पर नियुक्ति ।
Instrument of Instructions आदेश-पत्र । सन् १९३५ के भारत-सरकार के विधान में ऐसे आदेश पत्रों का उल्लेख है जो गवर्नर-जनरल और गवर्नरों को दिये जाते हैं ।
Insurrection बगावत; विद्रोह ।
Inter-State अन्तर–राज्य । किसी केन्द्रीय सत्ता अधीनस्थ राज्यों का पारस्परिक व्यवहार ।
Intercept बीच में रोक लेना । डाक विभाग द्वारा सन्देहास्पद चिट्ठियों को बीच में ही रोक लेना ।
Interim officer अस्थायी अफसर ।
Interior (department) गृह विभाग; सरकार का अन्तर-वर्ती महकमा । यथा Minister of Interior अर्थात् गृह-मंत्री ।
Intern नज़रबन्द करना ।
Interpellate धारासभा में सार्वजनिक महत्व के विषयों पर प्रश्न पूछना ।
Irregularity अनियामितता; बेजाब्तगी ।
Irrigation Department सिंचाई विभाग; महकमा आबपाशी ।

J

Jail जेल; कैदखाना ।
Jailor जेलर; जेल-रक्षक ।
Joint administrators संयुक्तशासक; सहशासक ।
Joint session धारा सभाओं का संयुक्त अधिवेशन ।
Judge जज; न्यायाधीश जिन्हें दीवानी अथवा फौजदारी मामलों में अपना निर्णय देने का अधिकार प्राप्त होता है ।
Judgeship जज अथवा न्यायाधीश का पद ।
Judicature न्यायालय; अदालत ।
Judicial Commissioner ज्युडिशियल कमिश्नर । उन प्रान्तों का, जहाँ हाईकोर्ट नहीं है, प्रधान न्यायाधीश ।
Judicial committee ज्युडीशियल कमेटी । "यह प्रिवी कौंसिल के सदस्यों से निर्मित न्यायालय है । यह ब्रिटिश साम्राज्य में अपील की अन्तिम अदालत है ।
Judicial department न्याय विभाग । इस विभाग का काम क़ानून की व्याख्या करना और क़ानून को लागू करना है ।
Judiciary न्याय–विभाग । सरकार का यह एक ऐसा विभाग है जिसको स्वतंत्र और अलग अधिकार प्राप्त होते हैं । यह प्रबन्ध और विधान निर्माण विभाग पर अंकुश रखता है ।
Jurisdiction अधिकार-क्षेत्र ।
Justice न्यायाधीश ।
Justice, chief प्रधान न्यायाधीश । सर्वोच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश ।

K

King's Advocate सरकारी वकील ।
King's Bench इंग्लैण्ड का सर्वोच्च न्यायालय ।
King's Evidence सरकारी गवाह ।

L

Labour Department सरकार का श्रम विभाग। यह श्रम तथा श्रमिकों विषयक समस्याओं को हल करने के लिए क़ायम किया जाता है।

Labour Exchange सरकार का स्थानीय श्रम कार्यालय। इसका काम जहाँ आवश्यकता हो, वहाँ श्रमिकों को भेजना होता है।

Land Acquisition Act भूमि-हस्तान्तर कानून।

Land forces थल-सेना।

Land Laws भू-सम्पत्ति विषयक कानून।

Land Mark सीमा-चिन्ह।

Land measures जमीन के माप; यथा बीघा, बिस्वा, एकड़ आदि।

Land Record office सरकार का भू-विवरण विभाग।

Land Revenue मालगुजारी। वह रकम जो सरकार भूमि पर किसी भी प्रकार का स्वार्थ रखने वाले व्यक्तियों से कानून के अनुसार प्राप्त करती है।

Land Tax भूमि-कर; वार्षिक लगान।

Landing order जकात की ओर से यह आज्ञा-पत्र मिलने पर ही किसी जहाज पर से माल उतारा जा सकता है।

Law कानून।

Law, Administrative शासन सम्बन्धी कानून।

Law, Civil दीवानी कानून।

Law, Criminal फौजदारी कानून।

Law, Common प्रचलित कानून; सार्वजनिक कानून।

Law, Constitutional वैधानिक कानून।

Law, Customary रिवाजी कानून; परम्परागत कानून।

Law, Federal संघीय कानून।

Law, Maritime सामुद्रिक कानून।

Law, Martial फौजी कानून।

Law, Municipal म्युनिसिपल कानून।

Law and Order कानून और व्यवस्था।

Law of arms सामरिक कानून।

Law court अदालत, न्यायालय।

Law of Nations of International Law राष्ट्रों का कानून अथवा अन्तर्राष्ट्रीय कानून।

Law of Parliament पार्लियामेंट का क़ानून।

Law, Territorial प्रादेशिक क़ानून।

Law, unwritten अलिखित क़ानून।

Law of the land राज्य का आम क़ानून; देश का क़ानून।

Law officers अफ़सर क़ानून, यथा सरकारी एडवोकेट जनरल अथवा एडवोकेट आदि। मोटे तौर पर इनमें सरकारों के क़ानूनी सलाहकारों का भी समावेश किया जाता है। यह अफसर अदालतों में सम्राट् का प्रतिनिधित्व करते हैं।

Law relating to usury सूदखोरी सम्बन्धी क़ानून।

Law Retrospective पश्चातवर्ती क़ानून, सिद्धान्ततः इन क़ानूनों का बनाया जाना उचित नहीं समझा जाता।

Lawful क़ानून संगत।

Lawful act क़ानून–संगत कार्य।

Lawful custody क़ानून–संगत हिरासत।

Lawful order क़ानून–संगत आज्ञा।

Lawlessness अव्यवस्था; अन्धेर गर्दी।

Lay down छोड़ना; त्यागना यथा पदत्याग करना।

Lay papers धारासभा की मेज़ पर सदस्यों की जानकारी के लिए काग़जात रखना।

Leave छुट्टी। छुट्टियां कई प्रकार की होती हैं, यथा, साधारण, सवेतन, अवेतन आदि।

Legal क़ानूनी; नियमानुसार।

Legal means क़ानूनी साधन; क़ानूनी उपाय; वह उपाय जिनको करने की क़ानून इजाजत देता है।

Legalize क़ानून अथवा नियम संगत बनाना।

Legally क़ानून के अनुसार।

Legislate क़ानून बनाना; नियम बनाना।

Legislation क़ानून-निर्माण; क़ानून निर्माण की सत्ता।

Legislative Authority क़ानून–निर्माणाधिकार। क़ानून बनाने के अधिकार में किसी क़ानून को रद्द या संशोधित करने का अधिकार भी शामिल होता है।

Legislative Council धारा-सभा; व्यवस्थापक सभा

Legislative Department धारा विभाग; व्यव-

स्थापक विभाग। इस विभाग का काम क़ानून बनाना होता है। यह प्रबन्ध और न्याय विभाग से स्वतंत्र होता है।

Legislative office धारासभा–कार्यालय।

Legislative Power क़ानून बनाने की सत्ता।

Legislature व्यवस्थापक मण्डल। यह धारा सभा का पर्यायवाची शब्द है।

Letters Patent अधिकार-पत्र। यह अधिकार पत्र शासन के मुखिया की ओर से सरकारी मुहर लगा कर किसी अफ़सर को दिया जाता है और इसके द्वारा उसे वह अधिकार प्राप्त हो जाता है जो उसे पहले प्राप्त न था।

Levy कर निर्धारण; कर लगाना; कर-संग्रह करना।

License अनुमति पत्र; इजाजतनामा।

License Fee or Tax लायसेंस शुल्क अथवा कर।

Lieutenant Governor प्रान्तीय गवर्नर।

Lieutenant Governor in Council सपरिषद् गवर्नर।

Liquidator दिवालिया सम्पत्ति का सरकारी प्रबन्धक।

Listers कर-दाता; सूची-निर्माता; कर दाताओं की फहरिस्त बनाने वाले।

Listing कर-दाता सूची निर्माण। इसमें कर-निर्धारण कार्य का समावेश किया जाता है।

Lobby धारा सभा भवन का एक भाग।

Lobbying धारा सभा के सदस्यों के मनों को प्रभावित करना।

Local Act of legislature धारा सभा का प्रादेशिक अथवा स्थानिक क़ानून।

Local assessments स्थानीय कर।

Local Authority स्थानीय अधिकारी; स्थानीय संस्थायें। इस शब्द में उन सब अफसरों का समावेश होता है, जिन्हें किसी निर्दिष्ट क्षेत्रों में क़ानून के अनुसार नियंत्रण और शासन करने की सत्ता प्राप्त होती है। म्युनिसिपल बोर्डों, ज़िला बोर्डों और बन्दरगाह प्रबन्धक समितियों के लिए भी यह शब्द प्रयुक्त होता है।

Local election स्थानीय म्युनिसिपल संस्थाओं का चुनाव।

Local fund स्थानीय कोष, यह स्थानीय म्युनिसिपल संस्थाओं के आधीन होता है।

Local government स्थानीय सरकार। गवर्नरी प्रान्तों में स्थानीय सरकार का अर्थ होता है—स-कौंसिल गवर्नर अथवा मंत्रि मण्डल सहित गवर्नर। चीफ कमिश्नरी प्रान्त की सरकार के लिए भी स्थानीय सरकार शब्द प्रयुक्त होता है। स्थानीय सरकार से तात्पर्य उन अधिकारियों से है जिन्हें क़ानून द्वारा ब्रिटिश भारत के अमुक निर्धारित भाग में शासन-कार्य चलाने का अधिकार प्राप्त हो।

Local investigation घटना स्थल की जांच।

Local law स्थानीय क़ानून। वह क़ानून जो देश के अमुक भाग पर ही लागू होता हो।

Local taxation स्थानीय कर; प्रादेशिक कर।

Lock-up house अस्थायी बन्दी-गृह।

Lord Advocate मुख्य सरकारी वकील।

Lord Chief justice इंग्लैण्ड की सर्वोपरि अदालत के प्रधान न्यायाधीश।

Lord Mayor लन्दन, लिवरपुल आदि बड़े नगरों के म्युनिसिपल कार्पोरेशनों का प्रधान।

Lord of the admiralty जल सेनाध्यक्ष।

Loyalty राज्य-निष्ठा, राज्य-भक्ति।

M

Magazine शस्त्रागार; भण्डार।

Magistrate मजिस्ट्रेट; फौजदार।

Magistrate of the district ज़िला मजिस्ट्रेट। यह जिले का मुख्य अफसर होता है और जिले का प्रबन्ध करता है तथा मजिस्ट्रेट के अधिकारों का उपभोग करता है।

Magistrate of Police पुलिस मजिस्ट्रेट। ये मजिस्ट्रेट कलकत्ता, बम्बई और मद्रास में नियुक्त किये गये हैं।

Mal administration कुशासन; बद इन्तजामी।

Malconduct अयोग्य आचरण।

Management प्रबन्ध; शासन व्यवस्था; अमलदारी।

Mandatory order आदेशात्मक आज्ञा; वह आज्ञा जिसका पालन करना अनिवार्य होता है।

Maritime Law सामुद्रिक क़ानून; बन्दरगाहों, जहाजों और मल्लाहों से सम्बन्ध रखने वाला क़ानून; सामुद्रिक राष्ट्रों का व्यापारिक क़ानून।

Martial Law फौजी क़ानून।

Master of Mint टकसाल का प्रधान अफसर।

Mayor म्युनिसिपल कार्पोरेशन का मुख्य मजिस्ट्रेट।

Medical officer चिकित्सा विभाग का सरकारी अफसर।

Members of Assembly असेम्बली के सदस्य; धारा सभा के सदस्य।

Members of Police Force पुलिस-कर्मचारी।

Military सेना; फौज।

Military attache सैनिक अफसर; जो विदेशी राष्ट्र की राजधानी में अपने देश के राजनीतिक प्रतिनिधि को सहायता देने के लिए नियुक्त किया जाता है।

Military Courts फौजी न्यायालय। इन्हें आम तौर पर Courts-martial कहा जाता है और यह थल और जल सेना में फौजी क़ानून विषयक अपराधों का फैसला करती है।

Military decoration फौजी सम्मान; तमग़ा, पट्टी आदि।

Military Department फौजी विभाग।

Military Government फौजी सरकार। फौजी हुकूमत। ऐसी सरकार युद्धकाल में विजित प्रदेश के लिये क़ायम की जाती है।

Military Law फौजी क़ानून। यह वह क़ानून है जिसके अनुसार शान्ति और युद्ध दोनों ही समय में सेनायें शासित होती हैं।

Military officer फौजी अफ़सर।

Military Police officers फौजी पुलिस अफ़सर। इनकी छः श्रेणिया हैं, यथा सुबेदार, जमींदार, हवलदार, नायक, लैंसनायक और सिपाही।

Military Service फौजी नौकरी।

Militia राष्ट्रीय सेना।

Minister मंत्री; राजकीय विभाग का संचालक; सरकार का प्रतिनिधि। अन्य राष्ट्रों में रहने वाले प्रधान राजनीतिक अधिकारी के लिए भी इस शब्द का व्यवहार होता है।

Ministerial मंत्रीमण्डल सम्बन्धी।

Ministerial office सचिव-पद।

Ministry मंत्रीमंडल; राज्य के मंत्रियों का दल। यह कैबिनेट की अपेक्षा अधिक व्यापक शब्द है। इसमें उन सब राजनैतिक पदाधिकारियों का समावेश होता है जो प्रधान मंत्री के साथ अधिकारारूढ होते हैं और त्यागपत्र देते हैं। राज्य के प्रत्येक विभाग का एक मंत्री होता है, जो इसका धारा सभा में प्रतिनिधित्व करता है।

Mint टकसाल; यहाँ राज्य के सिक्के ढाले जाते हैं।

Mixed currency मिश्रित मुद्रा। इसमें धातु के सिक्के और कागज के नोट दोनों का समावेश होता है।

Mixed law मिश्रित क़ानून। वह क़ानून जो व्यक्ति और सम्पत्ति दोनों से सम्बन्ध रखते हैं।

Monopoly एकाधिकार।

Motion प्रस्ताव; तजवीज; जो धारा सभाओं आदि में पेश की जाती है।

Mover प्रस्तावक।

Municipal act म्युनिसिपल क़ानून। धारा सभा का वह क़ानून जिसके अनुसार म्युनिसिपैलिटी की रचना होती है और उसे अधिकार प्राप्त होते हैं।

Municipal affairs म्युनिसिपल मामले।

Municipal authority म्युनिसिपल सत्ता। इसमें म्युनिसिपल कार्पोरेशन अथवा म्युनिसिपल सदस्यों का समावेश होता है जो क़ानून के अनुसार अस्तित्व में आते हैं।

Municipal by-law म्युनिसिपल उपनियम।

Municipal commissioner म्युनिसिपल कमिश्नर; म्युनिसिपल कमेटी का सदस्य।

Municipal committee म्युनिसिपल कमेटी; शहर अथवा कस्बा कमेटी॥

Municipal corporation म्युनिसिपल कार्पोरेशन। यह शब्द म्युनिसिपल कमेटी के अर्थों में प्रयुक्त होता है। बड़े शहरों की म्युनिसिपल कमेटियों को म्युनिसिपल कार्पोरेशन कहा जाता है।

Municipal district म्युनिसिपल ज़िला; म्युनिसि-

पल कमेटी के अधिकार-क्षेत्र का प्रदेश ।

Municipal duty म्युनिसिपल–कर ।

Municipal election roll म्युनिसिपल मतदाताओं की सूची ।

Municipal fund म्युनिसिपल कोष ।

Municipal law म्युनिसिपल विधान; राज्य सत्ता द्वारा निर्धारित नागरिकों के आचार नियम। राष्ट्रीय अथवा प्रादेशिक विधान का द्योतक है ।

Municipal office म्युनिसिपल कचहरी ।

Municipal ordinances म्युनिसिपल नियम; ये म्युनिसिपल प्रबन्ध कारिणी सभा द्वारा म्युनिसिपल मामलों के नियमन के लिए बनाये जाते हैं । आधुनिक अर्थों में आर्डिनेन्स और उपनियम (by-law) पर्यायवाची शब्द बन गये हैं ।

Municipal regulation म्युनिसिपल नियम ।

Municipal revenue म्युनिसिपल आय । इसमें उन सब टैक्सों का समावेश होता है जो म्युनिसिपल उद्देश्यों के लिए वसूल किये जाते हैं ।

Municipality म्युनिसिपैलिटी । इस शब्द की उत्पत्ति municisium से हुई है । यह स्वतन्त्र नगर का द्योतक है, जो अपने ही नियमों द्वारा शासित होता था । स्वशासन के इसी आदर्श को सामने रख कर इंग्लैण्ड में नागरिक संस्थाओं का निर्माण हुआ और इन संस्थाओं ने सामन्तशाही ताक़त को नष्ट करने में बहुत बड़ा भाग लिया । व्यवस्थित सरकार को अस्तित्व में लाने का इन्हें सबसे अधिक श्रेय प्राप्त हुआ है । स्वशासन के इसी सिद्धान्त पर भारत में भी म्युनिसिपल संस्थाओं का विकास किया जा रहा है ।

Mutiny विद्रोह; बगावत, गदर ।

N

National Currency राष्ट्रीय चलन; राज्य के मुद्रा क़ानून के अनुसार प्रचलित नोट, सिक्का अथवा बिल

National debt राष्ट्रीय ऋण; सरकारी कर्ज ।

Native State देशी रियासत । वह भौगोलिक प्रदेश जो किसी देशी राजा के अधिकार में हो ।

Natural allegiance प्रकृत भक्ति; वह भक्ति जो किसी राज्य में पैदा होने मात्र से उस राज्य के प्रति अनिवार्य होती है ।

Natural Boundary प्रकृत सीमा; कुदरती हद । कोई नदी अथवा अगम्य पहाड़ किसी देश की प्रकृत सीमा कहलाती है ।

Naturalisation स्वदेशी करण; विदेशी प्रजाजन को किसी राज्य का नागरिक बनाने की विधि ।

Naturalised Citizen वह विदेशी व्यक्ति जो राज्य के क़ानूनों के अनुसार विधिवत राज्य का नागरिक बन गया हो ।

Naval नौ सेना सम्बन्धी ।

Naval Courts नौ सेनिक न्यायालय । यह अदालतें जहाजी कर्मचारियों के विरुद्ध की गई शिकायतों की जाँच करती हैं ।

Naval Courts Martial नौ सैनिक फौजी न्यायालय । यह जंगी जहाजों के प्रबन्ध सम्बन्धी अपराधों का विचार करते हैं ।

Naval Forces सामुद्रिक सेना; नौ सेना ।

Naval law नौ सेना क़ानून ।

Navy जल सेना; जहाजी बेड़ा ।

Navy Bills नौ सेना वेतन-पत्र । यह बिल नौ सेना के अफसरों द्वारा अपना वेतन वसूल करने के लिए तैयार किये जाते हैं ।

Navy list नौ सेना के अफसरों की सूची ।

Nepotism पक्षपात । सरकारी नौकरियों में अपने रिश्तेदारों को स्थान देने के लिए यह शब्द प्रयुक्त होता है ।

Nominate मनोनीत करना; नामजद करना ।

Nomination नियुक्ति; नामज़दगी ।

Non-assessable जिस पर कर नहीं लगाया जा सके ।

Non-combatant गैर लड़ाकू; सेना के वे कर्मचारी जिनके लिए लड़ना अनिवार्य नहीं होता ।

Non-commissioned officer निम्न श्रेणी का फौजी अफसर जिसे कमीशन प्राप्त नहीं हुआ हो ।

Non-intervention अहस्तक्षेप; दूसरे राष्ट्र के झगड़ों से अलग रहना।

Non-official Commissioner गैर सरकारी कमिश्नर।

Notary सरकारी अफसर; जिसका काम व्यक्तिगत दस्तावेजों को अपने हस्ताक्षरों और सरकारी मुहर के द्वारा प्रमाणित करना होता है।

Notification सरकारी सूचना। वह आज्ञा जो सरकारी गज़ट में प्रकाशित हुई हो।

Notified विज्ञापित क्षेत्र। सरकारी तौर पर गज़ट में विज्ञापित प्रदेश।

O

Occupation Tax रोजगार टैक्स; वह कर जो पेशों अथवा धन्धों पर वसूल किया जाता है।

Octroi चुंगी; यह स्थानीय कर है और किसी शहर में आने वाले माल पर म्युनिसिपैलिटी द्वारा लिया जाता है।

Office कार्यालय; दफ्तर अथवा पद; ओहदा।

Officer अफसर; अधिकारी।

Office Copy अधिकृत नकल। अधिकारी व्यक्ति द्वारा प्रमाणित नकल।

Officer in-charge स्थानापन्न अफसर।

Official सरकारी।

Official act सरकारी कार्य; वह कार्य जो किसी सरकारी अफसर द्वारा सरकारी हैसियत से किया जाता है।

Official action सरकारी कार्रवाई।

Official duty सरकारी कर्त्तव्य; सरकारी फर्ज।

Official function सरकारी काम।

Official misconduct सरकारी अयोग्याचरण। किसी सरकारी अफसर का अपने सरकारी पद सम्बन्धी मामलों में कानून अथवा नियम विरुद्ध आचरण।

Official receiver जायदाद का सरकारी प्रबन्धक। यह दिवालिया क़ानून के अनुसार दिवालिया जायदाद का प्रबन्ध करने के लिए नियुक्त किया जाता है।

Official refree सरकारी निर्णायक। विवाद ग्रस्त हिसाब के मामलों का निपटारा करने के लिए अदालत द्वारा नियुक्त किया जाता है।

Official register सरकारी रजिस्टर; सरकारी विवरण पुस्तक।

Official secret सरकारी रहस्य; सरकारी गुप्तवार्ता, एक क़ानून के अनुसार सरकारी गुप्त बातों की जानकारी प्राप्त करना और प्रकट करना अपराध ठहराया गया है।

Official year सरकारी साल। भारत सरकार का साल १ अप्रैल से प्रारम्भ होता है।

Officiate स्थान पूर्ति करना; किसी पदाधिकारी के स्थान पर काम करना।

Oppression जुल्म; अत्याचार।

Order आदेश; आज्ञा; हुक्म।

Ordinance विशेष क़ानून, भारत में इस प्रकार के विशेष क़ानून बनाने की सत्ता गवर्नर-जनरल और गवर्नरों को मिली हुई है। यह क़ानून असाधारण परिस्थिति में बनाये जाते हैं और छः महीने की निर्दिष्ट अवधि के लिए होते हैं।

Ordnance फौजी भण्डारों का विभाग।

Ordnance survey देश की जाँच पड़ताल, जो फौजी बचाव की दृष्टि से की जाय।

Organic law राज्य का विधान; मूलभूत क़ानून। इसका पालन करना अनिवार्य रूप से आवश्यक होता है।

Original jurisdiction मौलिक अधिकार-क्षेत्र। अदालतों के मामलों की प्रारम्भिक अथवा इब्तदाई समायत करने का अधिकार।

Overgovern आवश्यकता से अधिक शासन करना आवश्यकता से अधिक विधि-विधान बनाना।

Overrule रद्द करना; वरिष्ठ सत्ता द्वारा मातहत कर्मचारियों के निर्णय को खारिज करना।

Overtax आवश्यकता से अधिक कर लगाना।

P

Paper Currency कागजी नोट; कागजी मुद्रा।
Paper Currency Department कागजी मुद्रा विभाग।
Paramount Power सार्वभौम सत्ता; ब्रिटिश सरकार।
Pardon क्षमा; अधिकारी सत्ता द्वारा अपराधी को क्षमा-दान।
Parliament पार्लियामेंट; इंग्लैण्ड की सर्वोपरि व्यवस्थापक लोक सभा। इसमें इंग्लैण्ड के बादशाह उमराव सभा और लोक सभा तीनों का समावेश होता है। यह न केवल क़ानून बनाती है, बल्कि क़ानूनों के अमल की भी व्यवस्था करती है।
Parliamentary Law पार्लियामेंट अथवा धारा-सभाओं का विधान। इसमें नियमों तथा परम्पराओं का समावेश होता है।
Parliamentary tax पार्लियामेंट का कर। वह कर जो प्रत्यक्षतः पार्लियामेंट के क़ानून द्वारा लगाया जाता है।
Parole मर्यादित रिहाई; अल्पकालीन सशर्त मुक्ति। जब कैदी को उसकी सजा पूरी होने के पहले कुछ काल के लिए कुछ शर्तों पर रिहा किया जाता है तो इस शब्द का प्रयोग होता है।
Passage of an Act क़ानून की स्वीकृति।
Passport अनुमति-पत्र। वह राजकीय आज्ञा जो किसी यात्री को अपने देश से बाहर जाने की अनुमति देती है। इस आज्ञा द्वारा दूसरे देश में यात्री पहचाना जाता है और संरक्षण पाने का अधिकारी होता है।
Patent विशिष्ट अधिकार। यह अधिकार वरिष्ठ सत्ता द्वारा किसी आविष्कारक को उसके आविष्कार के सम्बन्ध में दिया जाता है।
Pay वेतन।
Pay day वेतन देने का दिन।
Penal law फौजदारी क़ानून। वह क़ानून जो अपराधों के लिये कैद या जुर्माने का दण्ड निर्धारित करता है।
Penalty जुर्माना; दण्ड।
Pension पैंशन।
Pensionable office पैंशन मिलने वाला पद।
Pensioner पैंशन प्राप्तकर्त्ता।
Permanent Settlement स्थाई बन्दोबस्त।
Police पुलिस।
Police authority पुलिस अधिकारी।
Police Commissioner पुलिस कमिश्नर। कलकत्ता, बम्बई और मद्रास शहर का वरिष्ठ पुलिस अधिकारी।
Police custody पुलिस की हिरासत। इसमें पुलिस की देख भाल का भी समावेश किया जाता है।
Police Magistrate पुलिस मजिस्ट्रेट। इसको पुलिस अथवा म्युनिसिपल क़ानून के अमल सम्बन्धी अधिकार प्राप्त होते हैं।
Police Regulation पुलिस नियम; अमन और व्यवस्था सम्बन्धी नियम।
Police Station पुलिस स्टेशन; थाना।
Political discretion राजनैतिक विवेक। राष्ट्रीय हितों पर असर डालने वाले समस्त आन्तरिक और बाह्य परिस्थितियों का विचार करने के बाद किया गया निर्णय।
Political Division राजकीय विभाग; यथा जिला तहसील आदि। यह विभाग इसलिए किये जाते हैं कि विभाजित प्रदेशों में राजनैतिक सत्ता अर्थात् शासन सत्ता का सुविधापूर्वक उपयोग किया जा सके।
Political offences राजनैतिक अपराध।
Political Prisoner राजनैतिक कैदी। राजनैतिक अपराध के लिए दण्डित बन्दी।
Poll Tax मूंडका-कर। यह कर सम्पत्ति पर नहीं बल्कि प्रति व्यक्ति पर वसूल किया जाता है।
Polling officer निर्वाचन-निरीक्षक; निर्वाचन अफ़सर
Poor law दरिद्र क़ानून। इस क़ानून के अनुसार इंगलैण्ड में दरिद्र व्यक्तियों का भरण पोषण किया जाता है।
Port charges or dues बन्दरगाही-कर।

Preamble क़ानून की भूमिका, जिससे क़ानून का उद्देश्य स्पष्ट होता है ।

Prerogative of mercy दया का अधिकार । यह राजा अथवा प्रधान शासक को प्राप्त होता है

Presidency प्रान्त । यह शब्द केवल बम्बई, मद्रास और बंगाल प्रान्तों के लिए प्रयुक्त होता है ।

Presidency town प्रान्तीय राजधानी; यथा बम्बई, मद्रास और कलकत्ता नगर ।

Presiding Judge प्रधान जज; वह न्यायाधीश जो अदालत की कारवाई का संचालन करता है ।

Prisoner of state राजनैतिक बन्दी; शाही कैदी ।

Privilege विशेषाधिकार ।

Privilege tax विशेषाधिकार-कर । यह कर अमुक प्रकार के धन्धों पर वसूल किया जाता है जिनको करने के लिए राज्याज्ञा की आवश्यकता होती है ।

Privy Council प्रिवी कौंसिल, ब्रिटिश सम्राट् की सम्मानित परिषद् । इसके सदस्य सम्राट् द्वारा नियुक्त किये जाते हैं । वही इसकी संख्या भी निश्चित करते हैं । पुराने जमाने में उनकी संख्या बारह के लगभग होती थी किन्तु अब उनकी कोई निर्धारित संख्या नहीं है । वह काफी बड़ी संख्या है ।

Privy Councillor प्रिवी कौंसिल का सदस्य ।

Privy Purse जेब खर्च । वह रकम जो राज्य कोष से राजा के व्यक्तिगत खर्च के लिए दी जाती है ।

Privy Seal राज्य मुहर ।

Prize Court नौ सेना अदालत की एक शाखा । यह युद्ध-काल में समुद्र में पकड़ी गई सम्पत्ति सम्बन्धी विवादग्रस्त प्रश्नों का निपटारा करती है अर्थात् वह यह निश्चय करती है कि अमुक सम्पत्ति पर कब्जा करना उचित है अथवा नहीं ।

Prize law युद्ध-पुरस्कार क़ानून । यह युद्ध क़ानून है । इस कानून के अनुसार युद्ध-रत राष्ट्र के जंगी जहाजों को समुद्र पर से शत्रु की सम्पत्ति पर कब्जा कर लेने का अधिकार होता है ।

Probate Court विरासत सम्बन्धी अदालत । इस अदालत का काम वसीयत की रजिस्ट्री करना और मृत व्यक्ति की सम्पत्ति की व्यवस्था करना होता है, चाहे मृत व्यक्ति कोई वसीयत कर गया हो अथवा न हो

Procedure कार्य-पद्धति; यथा धारा सभा की कार्य पद्धति, कानूनी कार्य पद्धति आदि ।

Proceedings कार्यवाही, यथा धारा सभा की कार्यवाही:आदि ।

Proclamation राजकीय घोषणा यथा सम्राट्, वायसराय या गवर्नर की घोषणा ।

Prohibited place निषिद्ध स्थान; वह जगह जहाँ आम लोगों का जाना निषिद्ध ठहरा दिया गया हो ।

Promalgation प्रचारित करना । यह शब्द राज्य के उस कार्य का द्योतक है जो देश की जनता को नये कानून की जानकारी देने के लिए किया जाता है । अधिकतर देशों में कानून सरकारी गज़ट में प्रकाशित करके प्रचारित किये जाते हैं ।

Proper authority योग्य अधिकारी ।

Prosecute मुकद्दमा चलाना ।

Prosecuting attorney सरकारी वकील । इसका काम अपराधियों को दण्ड दिलवाना होता है, किन्तु साथ ही इसे यह भी देखना होता है कि किसी को क़ानून के विरुद्ध दण्ड न मिले ।

Prosecution मुकद्दमा चलाना जो फौजदारी अभियोगों में किसी अदालत में चलाया जाता है । इस प्रकार के मुकद्दमे सरकार की ओर से चलाये जाते हैं ।

Protected forest रक्षित जंगल ।

Protected monuments रक्षित एतिहासिक स्थान

Protectorate संरक्षित राज्य; अधीनस्थ राज्य । किसी बलवान और सार्वभौम राज्य की अधीनता में रहने वाला छोटा राज्य ।

Province प्रान्त; सूबा । स्थानीय सरकार द्वारा शासित होने वाला देश का निर्दिष्ट भाग ।

Provisional Government अस्थायी सरकार । इस प्रकार की सरकार थोड़े काल के लिए बनाई जाती है और उस समय तक रहती है जब तक दूसरी स्थायी सरकार उसके स्थान पर कायम नहीं हो जाती ।

Public जनता; आम लोग; जन समाज; लोक समाज राज्य के समस्त नागरिक; स्थान विशेष के निवासी

Public accounts राष्ट्र के व्यय का हिसाब ।

सम्पत्ति की मांग; भागे हुए अपराधी को सौंपने की मांग जो एक सरकार दूसरी सरकार से करती है।

Residency ब्रिटिश रेसिडेन्ट का निवास-स्थान।

Resident, Political राजनैतिक विभाग का अफसर जो देशी रियासतों से व्यवहार करने के लिए नियुक्त किया जाता है।

Resignation इस्तीफा; त्यागपत्र।

Resolution प्रस्ताव; तजवीज।

Restraining order निषेध आज्ञा।

Restraining Statute मर्यादक कानून। वह कानून जो सामान्य अथवा आम कानूनों को मर्यादित करता है।

Retired officer अवसर प्राप्त अफसर।

Retrenchment कमी; कांट छांट; किफायत।

Retrospective Law पश्चाद्वर्ती कानून; वह कानून जिसका अमल कानून बनाने से पहले ही शुरू हुआ माना जाता है।

Revenue आय; लगान; मालगुजारी। इस शब्द में भूमिका के अलावा सरकार की ओर से दी गई तकावी तथा बांध आदि के लिए दी गई रकम की अदायगी का भी समावेश होता है।

Revenue Commissioner रेवेन्यु कमिश्नर; माल-विभाग का उच्च अफसर।

Revenue laws राजकीय आय सम्बन्धी कानून।

Revenue officers माल अफसर वाले मुख्य अफसर यथा रेवेन्यु अफसर नमक रेवेन्यु अफसर आदि।

Royal air force शाही हवाई बेड़ा।

Royal assent शाही स्वीकृति; शाही मंजूरी; पार्लियामेंट के किसी भी कानून पर अमल शुरू होने के पूर्व शाही स्वीकृति अर्थात् सम्राट् की स्वीकृति आवश्यक होती है।

Royal Charter शाही घोषणा पत्र। इस घोषणा पत्र द्वारा सम्राट् लोगों को विशेष स्वतंत्रता अथवा अधिकार प्रदान करते हैं।

Rules नियम।

Rural Development Department ग्रामोत्थान विभाग। इस सरकारी महकमे का मुख्य काम देहातों और देहातियों की अवस्था में सुधार करना होता है।

S

Salt-revenue नमक-कर की आय।

Salt-revenue-officers नमक विभाग के अफ़सर।

Sanction पूर्व स्वीकृति।

Sanitary authorities सफाई विभाग के अधिकारी।

Scrutiny जांच; यथा मत-पत्रों की जाँच।

Sea laws सामुद्रिक कानून।

Seal, official सरकारी मुहर।

Search तलाशी; खोज।

Secret service सरकार का गुप्त विभाग; खुफिया महकमा।

Secretary मंत्री। सरकारी विभागों के प्रधान कर्मचारी के लिए यह शब्द प्रयुक्त होता है।

Section भाग; हिस्सा; धारा।

Security जमानत।

Sedition राजद्रोह; राज्य के विरुद्ध अशान्ति और रोष फैलाने के लिए यह शब्द प्रयुक्त होता है।

Seizure जब्ती; सम्पत्ति की जब्ती।

Self Governing dcminion स्वशासनभोगी उपनिवेश। आस्ट्रेलिया; कनाड़ा, न्यूजीलैण्ड, दक्षिण अफ्रीका आदि ब्रिटिश सम्राज्य के स्वशासन भोगी उपनिवेश कहलाते हैं।

Semi-official अर्द्ध-सरकारी।

Senior authority वरिष्ठ अधिकारी; उच्च सत्ता।

Sentence दण्ड; सजा।

Session अधिवेशन।

Session Laws धारा सभा में स्वीकृत क़ानून।

Sessons Court सेशन अदालत। फौजदारी मुकद्दमों की समायत करने वाली वरिष्ठ अदालत।

Settlement of land revenue भूमि-कर निर्धारण; जमाबन्दी; बन्दोबस्त।

Settlement officer बन्दोबस्त अफ़सर; वह अफ़सर जो भूमि-कर निर्धारित करने के लिए आवश्यक

जाँच तथा अन्य कार्रवाई करता है।
Sheriff शेरिफ़।
Sinking fund ऋण शोषक कोष।
Small Causes Court अदालत खफ़ीफ़ा; वह अदालत जो हल्के दीवानी मुकद्दमों का फैसला करती है।
Solicitor General बड़ा क़ानूनी अफ़सर।
Solitary Confinement-एकांत कैद; जब जेल में किसी को एकान्त कैद की सज़ा दी जाती है तो उसे कैदियों से बिलकुल अलग एक कोठरी में बन्द रक्खा जाता है।
Sovereign सर्वोच्चसत्ता धारी मुख्यशासक, राजा; बादशाह। यह शब्द उस राज्य के लिए भी प्रयुक्त हो सकता है जिसमें एक व्यक्ति अथवा व्यक्ति मण्डल सर्वोच्चमुल्की, फौजी और राजनैतिक सत्ता का उपयोग करता हो। इंग्लैण्ड में यह सम्राट शब्द वहाँ के लिए व्यवहार में लाया जाता है।
Sovereignty शासन की सर्वोच्च सत्ता; जो राज्य के शासन के लिए क़ानून बनाती और उन पर अमल करवाती है।
Speaker धारा सभा का अध्यक्ष।
Special Act विशेष क़ानून; वह क़ानून जो आम क़ानून से भिन्न हो और विशेष हेतु के लिए बनाया गया हो
Special Laws विशेष क़ानून।
Special Session विशेष अधिवेषन; यथा धारा सभा अथवा अदालत का विशेष अधिवेशन।
Staff कर्मचारी-मण्डल; सेनापति सहायक अफसर-दल।
Stamp duties स्टाम्प-कर।
Standing army स्थायी सेना; वह सेना जो शान्ति काल में भी कायम रक्खी जाती है।
Standing Committe स्थायी समिति; यथा धारा सभा की स्थायी समिति।
State राज्य; राष्ट्र।
Stationary office लेखन सामग्री कार्यालय; यह कार्यालय सरकार को लेखन-सामग्री सुलभ करता है।
Statute क़ानून; वह कानून जो राज्य की व्यवस्थापक सत्ता द्वारा बनाया गया हो। मुख्यत: यह शब्द उस क़ानून के लिए प्रयुक्त होता है जो धारा सभा द्वारा स्वीकृत हुआ हो।
Statute Book क़ानून-संग्रह पुस्तिका; वह पुस्तिका जिसमें क़ानूनों का संग्रह किया गया हो।
Statute Law क़ानून तथा क़ानून प्रत्युत्पन्न व्याख्या और प्रयोग। इसमें अदालती निर्णयों का समावेश होता है।
Statutory obligation क़ानूनी उत्तरदायित्व।
Statutory orders and Rules क़ानूनी आज्ञायें और नियम। यह शब्द उन आर्डिनेन्सों के लिए प्रयुक्त होता है जो सपरिषद् गवर्नर-जनरल, सरकारी मुकद्दमों अथवा म्युनिसिपल संस्थाओं द्वारा बनाये जाते हैं।
Sub-division ज़िले के उपविभाग।
Sub-divisional officer ज़िले के उपविभाग का कार्यकारी अफसर।
Subject प्रजाजन।
Subordinate court मातहत अदालत।
Subordinate officer मातहत अफसर।
Succession duty a tax उत्तराधिकार कर; वह कर जो उत्तराधिकार में मिलने वाली सम्पत्ति पर लिया जाता है।
Successor in office पदस्थ उत्तराधिकारी।
Superintendent निरीक्षक और कार्यवाहक।
Superior Courts वरिष्ठ अदालत।
Superior officer वरिष्ठ अफसर आला अफसर।
Supercede भंग करना; यथा सरकार द्वारा किसी म्युनिसिपल अथवा स्थानीय संस्था को भंग करना।
Supervisor निरीक्षक।
Supreme Court सर्वोच्च न्यायालय। भारत में संघ अदालत (Federal Court) सर्वोच्च अदालत समझी जाती है।
Surcharge अतिरिक्त कर।
Survey जाँच करना; यह शब्द जमीन की पैमायश के लिए भी प्रयुक्त होता है।
Survey officer बन्दोबस्त अफसर; जमीन के बन्दोबस्त के समय इन अफ़सरों का काम जमीन की पैमायश करवाना होता है।
Suspend स्थगित करना; मोअत्तिल करना।
Swear शपथ लेना।

T

Tarrif आयात-निर्यात् कर सूची। इस सूची में कस्टम (जकात) की वह दर लिखी होती है जिसके अनुसार देश में बाहर से आने वाले और देश से जाने वाले माल पर कस्टम-कर वसूल किये जाते हैं।

Taxes कर; जो राज्य द्वारा प्रजाजनों और उनकी सम्पत्ति पर लगाये जाते हैं और जिनकी आय सार्वजनिक कामों पर खर्च की जाती है। कर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों प्रकार के होते हैं।

Taxation कर-निर्धारण; कर लगाने का कार्य।

Tax-Collector कर-संग्राहक; कर-संग्रहकर्त्ता। यह राज्य कर्मचारी करों की रकम वसूल कर के राज्य कोष में जमा करा देते हैं।

Tax-legislation कर सम्बन्धी कानून। इन कानूनों के अनुसार नागरिकों पर कर अदा करने का दायित्व उत्पन्न होता है।

Taxing power कर लगाने की सत्ता; कर-शक्ति। यह सत्ता प्रत्येक सरकार में जन्मजात होती है।

Tenancy Act कब्जा आराजी कानून। वह कानून जो भूमि स्वामित्व विषयक प्रश्नों का समाधान करता है।

Term of office कार्य-काल।

Territory प्रदेश; सीमा।

Toll राहदारी कर।

Toll-collector राहदारी कर संग्राहक।

Town council म्युनिसिपल निर्वाचित कौंसिल।

Treasury राज्य कोष; खजाना।

Treasury Bills सरकारी ऋण-पत्र। यह मियादी होते हैं और मियाद समाप्त होने पर सरकारी खज़ाने से इनकी रकम वसूल की जा सकती है।

Treaty संधि।

U

Ultra vires अनियमित; क़ानून विरुद्ध।

Under Secretary सहायक मंत्री; उपमंत्री।

Undertrial prisoner हवालाती; जेर तजवीज कैदी।

Unfranchised मताधिकार रहित।

Uulawful गैर क़ानूनी।

Unlawful assembly गैर क़ानूनी जमात।

Usage परम्परा; रिवाज।

Usurpation किसी पद पर बलात् कब्जा; गैर क़ानूनी अधिकार।

V

Vacancy रिक्त-स्थान; खाली जगह।

Valid नियमित; क़ानून संगत।

Verify पुष्टि करना।

Veto निषेधाधिकार; रद्द करने का अधिकार धारा सभा द्वारा स्वीकृत बिल को रद्द करने का जो अधिकार गवर्नर-जनरल और गवर्नरों को प्राप्त है, उसके लिए यह शब्द प्रयुक्त होता है।

Viceroy सम्राट प्रतिनिधि; भारत में गवर्नर जनरल को ही वायसराय कहते हैं। यह भारत का सर्वोच्च शासक है और उन्हें शासन के असीम अधिकार प्राप्त हैं।

Village cess ग्राम-कर; लाग।

Village headman पटेल; गाँव का मुखिया।

Vote मत; वोट।

W

Warning चेतावनी।

Writ राजा की आज्ञा; अदालत की आज्ञा। यह लिखित और मुहर शुदा होनी चाहिए।

Written law लिपिबद्ध क़ानून; नियमित रूप से स्वीकृत क़ानून।

THE

TWENTIETH CENTURY ENGLISH-HINDI

DICTIONARY

OF

Revenue Terms

A

Abondcnment त्याग; स्वत्व त्याग। यदि कोई आसामी भूस्वामी अथवा अधिकारी व्यक्ति को सूचना दिये बिना खेती करना बन्द कर देता है और उस स्थान से चला जाता है तो कहा जाता है कि उसने अपनी जमीन का अर्थात् जमीन पर अपने स्वत्व का त्याग कर दिया।

Abatement of Rent किराया घटाना। भारतवर्ष में भूमि-सम्बन्धी जो कानून बने हुए हैं, उनमें विभिन्न श्रेणी के किसानों के लिये अमुक परिस्थितियों में जमीन के किरायों में कमी करने की सुविधा स्वीकार की गई है।

Absolute occupancy tenant पूर्ण स्वत्व भोगी मौरूसी किसान; दखीलकार आसामी। वह किसान जिसने विविध प्रान्तीय भूमि सम्बन्धी कानूनों के अनुसार जमीन पर दखल रखने के सम्पूर्ण अधिकार प्राप्त किये हों।

Absolute owner पूर्ण अधिकारी; कुल मालिक। वह व्यक्ति जो किसी दायित्वयुक्त भूमिको अथवा उसमें निहित हितों को अपनी इच्छानुसार वेच सके।

Absolute title पूर्ण स्वामित्व। इसमें उन सब अधिकारों का निषेध होता है जो उस स्वामित्व की अपेक्षा से असंगत हों।

Abstract of title अधिकार-विवरण-पत्र। इसके द्वारा यह मालूम होता है कि किसी जमीन अथवा जायदाद का स्वामित्व अमुक व्यक्ति को किस प्रकार प्राप्त हुआ है। यह जमीन अथवा जायदाद के बेचने अथवा रहन रखने के समय तैयार किया जाता है और इसमें उस जमीन अथवा जायदाद पर उत्पन्न होने वाले दायित्वों का भी उल्लेख रहता है।

Abuttals भूमि की चतुर्दिक सीमायें।

Abutting owner समीपवर्ती भूमि का स्वामी।

Acceleration of an estate शीघ्र अधिकार प्राप्ति। किसी जायदाद में अधिकार प्राप्त होने की सम्भावना हो, उसको ध्यान में रखते हुए, बीच के समय को कम करना।

Access आवागमन का अधिकार। वह अधिकार जो समीपवर्ती भूमि के स्वामी को अपनी भूमि तक आने और वहाँ से जाने का प्राप्त होता है।

Accretion भूमि-संवर्द्धन। भूमि संवर्द्धन का सिद्धान्त यह है कि प्राकृतिक कारणों, जैसे जल-प्रवाह आदि के, द्वारा धीरे-धीरे और अप्रत्यक्ष में नई भूमि तैयार होती है और समीपवर्ती स्वामी की सम्पत्ति हो जाती है।

Acknowledgment प्राप्ति स्वीकार। वह क्रिया जिसके द्वारा एक व्यक्ति यह स्वीकार करता है कि उसने अमुक दस्तावेज लिखा है और उसके बाद वह दस्तावेज विना किसी अन्य प्रमाण के प्रमाणभूत मान लिया जाता है।

Acknowledgment of debt or liability ऋण-

स्वकृति। लिखित रूप में स्वीकार करना कि इतना ऋण बाकी है अथवा अमुक दायित्व अब भी विद्यमान है।

Acquisition प्राप्ति। भूमि सम्बन्धी कानून के अनुसार एक भूस्वामी अपने आसामी से अमुक शर्तों पर अमुक कार्य के लिये जमीन हस्तगत कर सकता है।

Acquittance ऋण-मुक्ति पत्र; फारखती।

Acre एकड़। ४,८४० वर्ग गज अथवा ४३,५६० वर्ग फीट जमीन का टुकड़ा। खेती अथवा चरागाह के योग्य किसी भी खेत के लिए भी एकड़ शब्द का उपयोग किया जाता है। सब देशों में एकड़ का माप समान नहीं है।

Acreage एकड़ के रूप में सामूहिक क्षेत्र फल।

Act of Insolvency दिवालिया कानून। इस कानून के अनुसार लोग अदालत में अर्जी देकर अपने-आपको दिवालिया घोषित करवा सकते हैं और ऋण अदा करने के दायित्व से मुक्त हो सकते हैं।

Actual produce वास्तविक उत्पन्न। बंगाल में भूस्वामी को व्यवस्था और संग्रह आदि का खर्च चुकाने के बाद जो आय होती है, उसे वास्तविक उत्पन्न कहा जाता हैं।

Actual Rent वास्तविक कर।

Administer प्रबन्ध करना; व्यवस्था करना; इन्तजाम करना।

Administration शासन; प्रबन्ध। मृत व्यक्ति की सम्पत्ति का कानून द्वारा नियुक्त किसी अधिकारी द्वारा प्रबन्ध।

Advance अग्रिम देना; पेशगी देना। रुपया अथवा बीज आदि उधार के तौर पर देना।

Adverse Possession विरोधी अधिकार; मुख़ालिफ़ कब्जा। यह एक तरीका है, जिसके अनुसार दूसरे की जमीन पर जबरदस्ती अधिकार कर लिया जाता है और कुछ बातें पूरी होने पर कानून भी उस अधिकार को सही मान लेता है।

Agraian भूमि-सम्बन्धी।

Agrarianism वह वाद जिसके अनुसार भूमि के अधिक न्यायोचित पुनर्विभाजन पर बल दिया जाता है।

Agreement प्रतिज्ञा, करार, राजीनामा। दो या दो से अधिक व्यक्तियों के बीच किसी काम को करने की पारस्परिक स्वीकृति।

Agricultural कृषि-सम्बधी।

Agricultural cattle कृषि-पशु अर्थात् वह पशु जो खेती के काम में लाये जाते हैं और जिन्हें किसान अपने घरू उपयोग के लिए रखता है। दुग्धशालाओं तथा अन्य व्यापारिक कार्यों के लिए रखे जाने वाले पशुओं का इसमें समावेश नहीं होता।

Agricultural Department कृषि-विभाग।

Agricultural financing खेती के लिए पूंजी सुलभ करना।

Agricnltural holding खेत।

Agricultural Income कृषि आय।

Agricultural Indebtedness किसानों की कर्जदारी।

Agricultural land जोत भूमि; खेती की ज़मीन।

Agricultural marketting कृषि-पदार्थ-विक्रय खेती की पैदावारी की बिक्री।

Agricultural Product कृषि पैदावार।

Agricultural Property कृषि-सम्पत्ति। इसमें खेती की जमीन, चरागाह, जंगल का वह भाग जहाँ से जलाने की लकड़ी लाई जाती है और झोंपड़ियाँ आदि का समावेश होता है।

Agricultural Purposes कृषि-विषयक काम। फसलें उगाने के लिए भूमि को जोतना और उसमें खेती करना कृषि-विषयक काम समझे जाते हैं।

Agricultural rent कृषि-कर। वह रुपया जो एक इक़रारनामे के अनुसार खेती करने के बदले अदा किया जाता है।

Agricultural year कृषि-संवत। यह अलग अलग स्थानों में अलग-अलग तारीखों से प्रारम्भ और समाप्त होता है।

Agriculture कृषि-विज्ञान। इसमें मिट्टी तैयार करने बीज बोने, फसल उगाने और काटने और खेती के लिए उपयुक्त पशुओं को पालने आदि सभी कामों का समावेश होता है।

Agriculturist किसान। वह व्यक्ति जो स्वयं या

अपने नौकरों या आसामियों की सहायता से सम्पूर्णतः अथवा मुख्यतः खेती से अपनी आजीविका कमाता है।

Alienation स्वामित्व-परिवर्तन, हस्तान्तर करण। एक आदमी के हाथ में से दूसरे के हाथ में अधिकार दिया जाना।

Alienation of Land भूमि-हस्तान्तर करण।

Allodial Lands माफ़ी ज़मीन; निःशुल्क भूमि, जिस पर किसी किस्म का कर अथवा सेवा नहीं देनी पड़ती।

Allotment system भूमि-विभाजन पद्धति। खेतीहरों और ग्रामीणों द्वारा दिन भर का काम कर लेने के बाद जमीन को खेती के लिए छोटे छोटे हिस्सों में बांट लेने की पद्धति।

Alluvial Land कछार भूमि। नदी के द्वारा धीरे-धीरे तैयार की गई भूमि, जिसका कोई स्वामी नहीं होता और जो समीपवर्ती भू-स्वामी की सम्पत्ति समझी जाती है।

Alluvion कछार।

Amortisation ऋण-परिशोध। ऋण अदा करने के लिए भूमि हस्तान्तरित करना।

Amount of Rent annually payable वार्षिक किराये की रक़म। वह रक़म जो एक आसामी अपने भूस्वामी को प्रति वर्ष अदा करता है।

Ancestral Property पैतृक सम्पत्ति। वह सम्पत्ति जो पिता के मरने के बाद विरासत में मिलती है।

Appraise मूल्याङ्कन करना, कूतना। कृषि की पैदावार के मूल्य का अनुमान लगाना।

Arbitration पञ्चायत, मध्यस्थता। किसी झगड़े को एक या एक से अधिक व्यक्तियों को अन्तिम निर्णय के लिए सौंपना और उस निर्णय का दोनों पक्षों द्वारा स्वीकार किया जाना।

Area क्षेत्रफल।

Arrears बकाया। वह रकम जो निर्दिष्ट समय पर अदा न की जाय।

Arrears of land revenue भूमिकर का बकाया।

Arrear of rent खेती की जमीन के किराये की बकाया।

Arrears of revenue मालगुजारी की बकाया।

Assess कर लगाना, जमाबंदी करना।

Assessment कर निर्धारण। कर लगाने की दृष्टि से किसी व्यक्ति की सम्पत्ति, अथवा आय का मूल्याङ्कन करना।

Assets सम्पत्ति; मिल्कियत।

Assign समर्पण; स्वत्व हस्तान्तर करण।

Attach अदालत की आज्ञा से सम्पत्ति पर कब्जा करना।

Attachment कुर्की; जब्ती।

Attestation प्रमाणित; तस्दीक़। किसी दस्तावेज पर हुए हस्ताक्षरों की तस्दीक करना।

Auction निलाम। सार्वजनिक रूप से सबसे ऊँची बोली बोलनेवाले को जमीन, अथवा सामान का वेचा जाना।

Auctioneer निलाम करनेवाला, जिसे क़ानून द्वारा जमीन या सामान निलाम करने का अधिकार दिया जाता है।

Authorised distribution अधिकृत विभाजन। नहर कानून सन् १८७३ की धारा ७० (४) के अनुसार पानी का वह विभाजन जो नहर अधिकारियों द्वारा किया जाता है।

B

Bale of cotton रूई की गांठ।

Bank नहर या नदी का किनारा।

Banker सर्राफ़; महाजन। जो रुपये के लेन-देन का काम करता है।

Bankrupt दिवालिया।

Bankruptcy दिवालियापन।

Bid बोली।

Bidder बोली लगानेवाला। वह व्यक्ति जो निलाम

के समय बोली लगाता है।

Bidding निलाम लगाना ।

Bilateral contract द्विपक्षीय इक़रार। वह करार जिसके अनुसार दोनों पक्षों को एक दूसरे के प्रति कुछ दायित्व पूरे करने पड़ते हैं।

Board of revenue मालगुजारी बोर्ड ।

Bonafide occupation वास्तविक अधिकार ।

Bond दस्तावेज; तमस्सुक । कोई भी लिखित दस्तावेज जिसके द्वारा एक व्यक्ति अमुक रुपया देने अथवा अमुक काम करने के लिए वचनबद्ध होता है।

Boundary सीमा; हद्द ।

Bull सांड ।

C

Cadaster राष्ट्रीय सम्पत्ति की सूची; भूमिकर लगाने के लिए आवश्यक विवरण ।

Calamities दैवी प्रकोप; क़ुदरती आफ़त। अत्यधिक वर्षा होना, सूखा पड़ जाना, बाढ़ आ जाना आदि बातों का दैवी प्रकोप में समावेश होता है; जब किसान भूमि-कर में रियायत प्राप्त करने का अधिकारी होता है ।

Canal नहर ।

Canal officer नहर अफ़सर ।

Cart गाड़ी । पशुओं द्वारा खींची जाती है ।

Castration बधिया करना; नपुंसककरण ।

Cattle ढोर; पशु; जानवर ।

Cess अबवाब; लाग । वह टैक्स जो ज़मींदार, ताल्लुकेदार अथवा जागीरदार भूमिकर के अलावा किसानों से वसूल करते हैं ।

Chemical manure रासायनिक खाद ।

Chief revenue Authority महकमा माल का मुख्याधिकारी ।

Circle हलक़ा ।

Civil court दीवानी अदालत; अदालत मालगुजारी ।

Code of civil procedure दीवानी क़ानून ।

Collector अफ़सर माल । ज़िला रेवेन्यु अफसर ।

Commissioner of revenue रेवेन्यु (माल विभाग) कमिश्नर ।

Commodity वस्तु; पदार्थ; जिन्स ।

Commutation of rent भूमिकर देने की पद्धति में परिवर्तन अथवा भूमि कर में कमी ।

Compensation क्षति पूर्ति; हर्जाना, मुआविजा । किसी क़ानूनी अधिकार के बल पर जब किसी व्यक्ति की भूमि या सम्पत्ति पर कब्जा किया जाता है, तो उस व्यक्ति के हर्जाने की पूर्ति के लिए यह शब्द काम में लाया जाता है ।

Composition कर्ज़दार और कर्ज़दाता में समझौता ।

Compounding with creditors कर्जदाता से समझौता । इसके अनुसार कर्जदार अपने ऋण को निपटाने के लिए अमुक आना प्रति रुपया देना स्वीकार करता है और कर्जदाता उसके प्रस्ताव को स्वीकार करता है ।

Compound Interest चक्रवृद्धि ब्याज; सूद पर सूद ।

Compromise पारस्परिक समझौता ।

Concession रियायत । साधारणतः सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के लिए यह शब्द व्यवहृत होता है।

Conciliation मेल-जोल; समझौता ।

Conciliator समझौता करानेवाला ।

Confiscation जब्ती ।

Consolidation of land भूमि का एकीकरण । अपने दूर-दूर फैले हुए खेतों को एक स्थान पर करने के लिए भूमि का पारस्परिक आदान-प्रदान ।

Continuous possession सतत अधिकार; क़ानून द्वारा सम्मत दीर्घकालीन अधिकार ।

Co-operation सहयोग ।

Co-operative सहयोगात्मक ।

Co-operative society सहकारी समिति । साधारणतः श्रमिकों, किसानों, व्यापारियों अथवा छोटे

पूँजीपतियों का संघ, जो मिलकर उत्पादन करता है और जिसमें व्यक्ति को उसके श्रम अथवा लगी हुई पूँजी के अनुसार मुनाफा बांटा जाता है।

Coparceners सम-उत्तराधिकारी। पूर्वज की विरासत के सम-भागीदार।

Coparcenary सहभागीदारी।

Copyhold भू-स्वामी की इच्छा पर खेती करने का अधिकार।

Corn अनाज।

Co-sharer हिस्सेदार, भागीदार।

Cottage झोंपड़ी, कुटिया।

Co-tenent साझीदार किसान।

Cottage Industry गृहउद्योग यथा हाथ कताई-बुनाई आदि।

Court for relief of insolvent debtors दिवालिया कर्जदार सहायक अदालत।

Cow गाय।

Cow house गोशाला।

Cow-keeper गोपालक।

Credit साख; सुख्याति। उधार लेने वाले की सामर्थ्य पर भरोसा।

Crop फसल।

Crown property सम्राट् की जायदाद।

Cultivable land खेती के योग्य जमीन। मद्रास भूमि क़ानून के अनुसार इसमें उसी जमीन का समावेश होता है, जो नियमित रूप से खेती के काम में ली जाती है।

Cultivate खेती करना; परिश्रम करके खेती की उपज बढ़ाना।

Cultivation खेती।

Cultivator किसान; खुद काश्तकार। जो स्वयं अपने आप अथवा अपने परिवार के सदस्यों तथा मजदूरों की सहायता से खेती करता है और खेती के लिए आवश्यक पशु रखता है।

Customary rent परम्परागत कर। इस कर का देनेवाला निश्चित रक़म अदा करने पर ज़मीन पर अपना क़ब्जा रख सकता है।

D

Dairy गोशाला।

Dairy farm डेरी फार्म। जिसका मुख्य काम दूध से बननेवाली चीजें उत्पादन करना होता है।

Dam बाँध।

Debt ऋण; कर्ज।

Debtor कर्जदार।

Declaratory suit अधिकार स्वीकृति दावा। अपने हक़ और हिस्से की स्वीकृति के लिए आसामी जो नालिश करता है, उसके लिए यह शब्द व्यवहृत होता है।

Decree डिक्री। जाब्ता दीवानी के अनुसार अदालत का अन्तिम निर्णय जो किसी मुकद्दमे में दोनों पक्षों के बारे में दिया जाता है।

Deed ख़त; दस्तावेज़। दो पक्षों के बीच लिखित समझौता।

Deed of settlement समझौता-पत्र।

Defendant प्रतिवादी।

Demarcation हदबन्दी; समीपवर्ती हल्कों का विभाजन। बन्दोबस्त का यह आवश्यक अंग है।

Deposit of Rent लगान जमा करना।

Depression मन्दी। जब खेती से पैदा होने वाली चीज़ों का मूल्य बहुत गिर जाता है तो इस शब्द का व्यवहार होता है।

Derilict lands सूखी भूमि। वह भूमि जो समुद्र के हट जाने के कारण निकल आती है। यदि इस प्रकार की भूमि धीरे-धीरे और थोड़ी-थोड़ी निकलती है तो वह समीपवर्ती भूस्वामी की सम्पत्ति समझी जाती है और यदि यकायक बहुत सारी भूमि निकल आती है तो राज्य की मानी जाती है।

Determination of rent लगान नियत करना।

Develop उन्नति करना, सुधार करना।

Devolve उत्तराधिकार में प्राप्त होना।

मृतक व्यक्ति की सम्पत्ति का अपने-आप उसके उत्तराधिकारियों के हाथों में चला जाना ।

Dispossession अधिकार अपहरण; बेदखली ।

Dispute झगड़ा; विवाद ।

Distribution विभाजन; बटवारा ।

Doubtful title शंकास्पद अधिकार ।

Dry mortgage शुष्क रहन । इस प्रकार के रहन में रहन रखने वाले पर व्यक्तिगत उत्तरदायित्व नहीं होता ।

Dry rent निरपवाद लगान । इस प्रकार के लगान में दैवी प्रकोपों के अवसर पर छूट या रियायत मांगने का अधिकार नहीं होता ।

Dutiable goods चुङ्गी (कर) लगने योग्य जिन्स या सामान ।

Dutiable value चुङ्गी (कर) निर्धारण के लिए सम्पत्ति का मूल्य ।

Duties आयात कर; चुङ्गी कर ।

Duty कर; टैक्स । चीज़ों के आयात, निर्यात और खपत पर सरकार जो कर लगाती है, उसके लिए इस शब्द का व्यवहार किया जाता है ।

Dwelling house निवास स्थान; रहने का मकान। जिसको आसामी ने खेतों के पास रहने के लिए बनाया हो । इसमें मवेशियों के बाड़े और गोदाम आदि का भी समावेश होता है ।

E

Earning कमाई ।

Easement भोगाधिकार; हक़ ओसायश । वह विशेष अधिकार जो किसी भूमि के स्वामी अथवा दखील-कार आसामी को सरकारी पट्टे द्वारा अन्य व्यक्ति की भूमि पर प्राप्त होता है और जिसके बदले में उसे कुछ नहीं देना पड़ता ।

Easement, Apparent प्रत्यक्ष भोगाधिकार ।

Easement, Non-apparent अप्रत्यक्ष भोगाधिकार

Easement, continuous सतत भोगाधिकार ।

Easement, Discontinuous सामयिक भोगाधिकार ।

Easement, customary परम्परागत भोगाधिकार

Easement, permanent स्थायी भोगाधिकार ।

Easement, negative निषेधात्मक भोगाधिकार ।

Easement of necessity आवश्यकता सूचक भोगाधिकार ।

Disturbance of easement भोगाधिकार में विघ्न होना ।

Extinction of easement भोगाधिकार की समाप्ति ।

Suspension of easement भोगाधिकार का स्थगित होना ।

Eject बेदखल करना; निष्कासित करना ।

Ejection बेदखली ।

Ejectment बेदखली । वह क़ानूनी कार्यवाही जो एक भूस्वामी अपनी भूमि से अलग करने के लिए उस किसान के विरुद्ध करता है जो भूस्वामी को निर्दिष्ट कर नहीं दे पाता अथवा पारस्परिक इकरार नामे की और कोई शर्त्त पूरी करने में असमर्थ होता है ।

Embankment बांध । वह दीवार अथवा चबूतरा जो पानी को न आने देने, नियंत्रित करने अथवा टिकाये रखने के लिए खड़ा किया जाता है ।

Embankment officer बांध-अफसर ।

Emblements जमीन की प्राकृतिक पैदावार; इसमें बोने से जो पैदावार होती है, उसी का समावेश होता है । किन्तु व्यापक अर्थ में इसमें घास, फल आदि की वह सब पैदावार शामिल समझी जाती है, जो प्राकृतिक तौर पर उत्पन्न होती है ।

Emergency विशेष परिस्थिति; असाधारण घटना ।

Employer मालिक; नौकर रखनेवाला ।

Encroach हस्तक्षेप करना; दूसरे की भूमि, सम्पत्ति या अधिकारों को नाजायज तौर पर हड़प लेना ।

Encroachment अन्याययुक्त पराधिकार हरण ।

Encumbrance भार; बोझ; दायित्व । जब किसी कार्य की वजह से मालिक के अबाधित अधिकारों में अन्तर आ जाता है, तो कहा जाता है कि उस

मालिक की जमीन अथवा जायदाद पर अतिरिक्त बोझ या दायित्व आ पड़ा है।

Enhancement लगान वृद्धि; इजाफा लगान। इस से तात्पर्य उस लगान वृद्धि से नहीं है जो रक़्बे के बढ़ जाने से होती है; बल्कि लगान की दर में वृद्धि से है।

Entire estate पूरी जायदाद। वह जायदाद जो एक इकाई के तौर सरकारी कागजात में दर्ज होती है।

Entry दाखिला; इन्दराज; घुसना।

Estate जमींदारी। जमीन का वह रक़्बा जिसकी मिल्कियत के सम्बन्ध में सरकारी कागजात में अलग इन्दराज हुआ हो और जिस पर लगान भी अलग से मुकर्रर किया गया हो। व्यापक अर्थ में हर किस्म की जायदाद के लिए भी यह शब्द काम में लाया जाता है।

Estate of Inhertance उत्तराधिकार मूलक सम्पत्ति। वह जायदाद जिसे मालिक दूसरों को देने का अधिकार रखता है और जो उसके मर जाने पर उत्तराधिकारियों को मिल जाती है।

Estimate अनुमान लगाना; कूतना।

Eviction निष्कासन। क़ानून की सहायता से भूमि आदि पर से निकाल देना।

Exaction बलात् वसूली। अनधिकृत रूप से सेवा अथवा कर आदि वसूल करना।

Exchange of lands ज़मीन का विनिमय; जमीन की अदला बदली।

Execute तामील करना; सरकारी आदेश को कार्यान्वित करना। दस्तावेज लिखना।

Execution of decree डिग्री की तामील।

Execution stay डिग्री की तामील पर अस्थायी रोक

Exemption मुक्ति; छुटकारा।

Export निकासी।

Exproprietory tenant स्वत्व-त्यागी आसामी; साकितुल मिल्कियत आसामी। क़ानून कब्ज़ा आराजी संयुक्त प्रान्त सन् १९३९ के अनुसार जब कोई भू-स्वामी किसी रक़्बे के अपने तमाम अधिकार अपनी इच्छा से दूसरे को सौंप देता है, अथवा अदालत की डिग्री के जरिये निलाम होने पर यह अधिकार दूसरे को मिलते हैं तो वह उस रक़्बे का साक़ितुल मिल्कियत आसामी हो जाता है जिस पर उसने अधिकार छोड़ने से पहले तीन साल तक खुद काश्त या खेती की हो। क़ानून के अनुसार इस प्रकार के आसामियों को कुछ खास अधिकार प्राप्त होते हैं।

F

Fallow बंजर; बेजोत भूमि।

Farm खेत। विस्तृत भू-भाग, जिसके एक हिस्से में खेती होती हो, कुछ भाग में घास पैदा की जाती हो और जहां कुछ मकानात भी बने हों।

Farm house खेत-गृह।

Farm product खेती की उपज।

Farmstead मकानात सहित खेत।

Farmer किसान। वह व्यक्ति जो अपनी खुद की जमीन में खेती करता है अथवा आसामी के तौर पर अथवा ठेके पर जमीन प्राप्त करके खेती करता है।

Farming खेती; काश्त।

Fence बाड़; रुकावट।

Feudal law जमींदारी क़ानून; सामन्त शाही क़ानून

Feudatory सामंत; जागीरदार।

Field खेत।

Field embankment खेत का पुश्ता; खेती की मेड़।

Fixed rent नियत लगान। इसका यह अर्थ नहीं कि लगान किसी दशा में बढ़ाया ही नहीं जा सके।

Fixed rent tenant नियत लगान देनेवाला आसामी। युक्तप्रान्त आराजी क़ानून के अनुसार

जब कोई आराजी बन्दोबस्त के समय से लगान की एक ही शरह पर किसी आसामी के कब्जे में चली आती हो, तो उसको नियत लगान देनेवाला आसामी समझा जाता है और वह उसी शरह पर उस आराजी पर कब्जा रख सकता है ।

Flood बाढ़ ।

Flood embankment नदी का बांध । वह बांध जो बाढ़ को रोकने के लिए और सिंचाई का नियंत्रण करने के लिए नदी अथवा तालाब पर सरकार की ओर से बांधा जाता है ।

Floriculture फूलों की खेती ।

Fodder घास फूस; पशुओं का चारा ।

Food भोजन; खुराक ।

Forest जंगल ।

Forest prcduce जंगल की पैदावार ।

Freehold माफी जमीन ।

Free of revenue कर मुक्त ।

Fruit फल ।

Future rent भावी-कर ।

G

Game laws शिकार के क़ानून ।

Game Tenant शिकार का ठेका लेने वाला किसान ।

Garden बाग़; बगीचा ।

Government land सरकारी ज़मीन ।

Grain अनाज ।

Grant मंजूर करना; देना; अता करना ।

Gross Rent कुल कर ।

Grove बाग़ की आराजी । वह रक़्वा जिसमें बड़ी मात्रा में पेड़ लगाये गये हों और जिसका खेती के लिए उपयोग न किया जा सके ।

Growing crops खड़ी फ़सल ।

H

Head of the village पटेल; गांव का मुखिया ।

Headman जाति का मुखिया ।

Heir उत्तराधिकारी; वारिस ।

Hereditary वंश परम्परागत; मौरूसी ।

Hereditary Rights वंश परम्परागत अथवा मौरूसी अधिकार ।

Hereditary tenant मौरूसी आसामी ।

Holder आसामी ।

Hclding खेती की ज़मीन । वह खेती की जमीन जो एक ही किस्म के पट्टे या इक़रारनामे द्वारा प्राप्त की गई हो ।

Horticulture बागायत ।

Husbandry कृषि और पशु पालन ।

Hypothecation पैदावार की मक़फूली । यह शब्द भू-स्वामी के उस अधिकार को सूचित करता है जो उसे लगान की अदायगी न होने तक खेती की उत्पन्न पर प्राप्त होता है ।

I

Illegal cess ग़ैर क़ानूनी कर; लाग-बाग ।

Immunity कर मुक्ति; माफ़ी ।

Impartible estate अविभाजनीय जमींदारी ।

Implements of husbandry खेती के औजार । इन औजारों को कर्जदाता कुर्क नहीं करवा सकता ।

Implied easement गर्भित अधिकार । जब कोई मालिक अपने हिस्से की जमीन का कुछ भाग बेच देता है तो इस विक्री के साथ ख़रीदार को वह सब प्रकट अधिकार प्राप्त हो जाते हैं, जिनका पूर्व मालिक उपभोग करता रहा हो ।

Imposition कर; लगान ।

Improved lands परिष्कृत भूमि; खेती के योग्य भूमि

Indebtedness क़र्जदारी ।

Indirect taxes अप्रत्यक्ष कर । सामान्यतः ऐसे कर जो मुख्यतः ऐसे लोगों द्वारा दिये जाते हैं जो उन करों का बोझ दूसरों पर डाल सकते हैं; अथवा

जिन्हें अदा करने की उनकी क़ानूनी जिम्मेदारी नहीं होती।

Inheritance उत्तराधिकार; पैतृक धन; दाय; बपौती।

Injunction निषेधाज्ञा; प्रतिबन्धक हुक्म।

Insolvency दिवाला। वह स्थिति जब कर्जदार अपना कर्ज़ अदा नहीं कर सकता।

Instalment किश्त।

Interest सूद; ब्याज।

Interest in land भूमि सम्बन्धी स्वार्थ।

Investment in land भूमि में रुपया लगाना।

Irrigation सिंचाई, आबपाशी।

Irrigation canal नहर आबपाशी;आबपाशी की नहर

J

Joint landlords सम्मिलित जमींदार; संयुक्त भू-स्वामी।

Joint tenants संयुक्त आसामी, जो मिलकर खेती करते हैं।

Jointure of lands स्त्री धन रूपी जमीन। कहीं-कहीं यह रिवाज पाया जाता है कि विवाह के बाद कुछ जमीन जीवन भर के लिए स्त्री के नाम कर दी जाती है।

Jurisdiction अधिकार क्षेत्र। किसी मामले को सुनने और उसका निर्णय करने की सत्ता।

L

Labourer मजदूर; श्रमिक।

Land भूमि; जमीन।

Land acquisition act भूमि हस्तान्तर क़ानून।

Land bank भू-सम्पत्ति पर उधार देने वाला बैंक।

Land charges भूमि कर।

Land classification भूमि-वर्गी करण।

Landed estate भू-जायदाद। इसमें खेती और उससे सम्बन्ध रखनेवाले मकान, पशु आदि समस्त मिल्कियत का समावेश होता है।

Land holder आसामी।

Land laws भू-सम्पत्ति विषयक क़ानून।

Land lord भू-स्वामी जमींदार।

Land nationalisation भू-राष्ट्रीय करण, यह समाजवादी सिद्धान्त है, जिसके अनुसार देश की समस्त भूमि को राष्ट्र की सम्पत्ति बना दिया जाता है।

Land record भूमि विषयक सरकारी कागजात।

Land record office दफ्तर महकमा माल।

Land revenue मालगुजारी; भूमि कर।

Land societies भू-समितियां। इन समितियों का यह उद्देश्य होता है कि अल्प साधनों वाले व्यक्ति अपने लिए थोक मूल्य पर भू-भाग प्राप्त कर सकें। ये समितियां बड़ी जायदाद खरीद लेती हैं और उसे अपने सदस्यों में बांट देती हैं। सदस्यों को यह अधिकार होता है कि वह अपनी सुविधानुसार किश्तों द्वारा उस जमीन का मूल्य दे दें।

Land Tax भूमि-कर।

Land tenant आसामी।

Landed property भू-सम्पत्ति।

Landed proprietor भू-सम्पत्ति का स्वामी।

Lease पट्टा। वह इक़रार जिसके अनुसार भू-स्वामी अपनी ज़मींदारी का कुछ हिस्सा अमुक वर्षों के लिए अमुक वार्षिक लगान पर उठा देता है।

Lease for agricultural purposes खेती के कार्यों के लिए ज़मीन का पट्टा।

Leasehold पट्टेदारी।

Lessee पट्टेदार; इजारदार।

Lessor पट्टा देनेवाला।

Lender साहूकार; उधार देनेवाला।

Levy कर लगाना।

Limitation मियाद; अवधि।

Litigation मुकद्दमेबाजी।

Live stock पशु धन। पालतू पशु यथा घोड़े, गाय, बैल, भैंस, भेड़ आदि।

Local assessment स्थानीय कर। यह कर विशिष्ट सम्पत्ति पर लगाया जाता है।

Low land निम्न भूमि; निचली जमीन।

M

Management प्रबन्ध; व्यवस्था; अमलदारी।
Manager प्रबन्धक; व्यवस्थापक; मुन्तजिम।
Manager of estate जायदाद का प्रबन्धक।
Manure खाद। यह जमीन को स्मृद्ध बनाने के लिए उपयोग में लाया जाता है; ताकि उसमें ज्यादा और अच्छी फ़सल उत्पन्न हो सके।
Map नक़्शा। जमीन की सतह और उस पर स्थित विभिन्न वस्तुओं का चित्र।
Market बाज़ार; वह स्थान जहां सार्वजनिक रूप से क्रय-विक्रय होता है।
Meadow चरागाह; गोचर भूमि।
Measure नाप; माप।
Merger अन्तरहित होना; समाविष्ट होना; छोटी भू-सम्पत्ति का बड़ी में समाविष्ट होना।
Middleman दलाल। वह व्यक्ति जो खरीदार और विक्रेता दोनों पक्षों को एकत्र कर देता है, ताकि वह अपना सौदा स्वयं तय कर ले। वह दोनों पक्षों से अपना कमिशन ले सकता है।
Milch cow दूध देनेवाली गाय।
Mineral lands खनिज भूमि। वह भूमि जिसमें खनिज पदार्थ बड़ी मात्रा में पाये जाते हैं।
Minor नाबालिग़; अल्पवयस्क। १८ वर्ष से कम उम्र का व्यक्ति नाबालिग़ समझा जाता है।
Modification परिवर्तन; संशोधन; हेरफेर।
Money lender साहूकार; जो रुपये के लेन-देन का काम करता है।
Mortgage रहन; गिरवी। ऋण प्राप्त करने के लिए जमानत के तौर पर जायदाद को रहन रखना।
Mortgage deed रहन-पत्रक; बंधक दस्तावेज।
Mortgage property बंधक अथवा रहन शुदा जायदाद।
Movable property चल सम्पत्ति।

N

Natural Boundary प्रकृत सीमा; क़ुदरती हद।
Natural product प्राकृतिक उत्पन्न; पैदावार।
Near co-sharer नजदीकी हिस्सेदार; समीपवर्ती भागीदार।
Necessary tools आवश्यक औजार। वह औजार जो डिग्री की वसूली के समय कुर्क नहीं किये जा सकते।
Neighbourhood पड़ौस; समीपवर्ती स्थान।
Net earnigs खालिस आमदनी; विशुद्ध आय। वह मुनाफा जो किसी धन्धे में खर्च निकालने के बाद होता है।
Net price असल मूल्य।
New tax नया कर।
Non assessable कर मुक्त। वह सम्पत्ति जिस पर कर न लगाया जा सके।
Non-payment of rent लगान अदा न करना; अदम अदायगी लगान।
Non occupancy tenant ग़ैर दखीलककार आसामी। वह आसामी जिसका भूमि पर दखल न हो।
Notice सूचना; इत्तिला।

O

Occupancy दख़ल; कब्जा। भूमि पर वास्तविक कब्जा।
Occupancy right दखिलकार आसामी के अधिकार। वह अधिकार जो किसी दखिलकार आसामी को रिवाजन प्राप्त होते हैं और जिन्हें क़ानून भी स्वीकार कर लेता है।
Occupancy tenant दखिलकार आसामी। वह आसामी जिसे भूमि पर वास्तविक कब्जा प्राप्त होता है और जिसके अधिकार और दायित्व क़ानून द्वारा निर्धारित कर दिये गये हैं।
Occupant भू-काबिज; जमींदार; आसामी; इजारदार; पट्टेदार। वह व्यक्ति जो अपने दख़ल की भूमि पर कर या लगान वसूल कर सकता है।
Outstanding crop खड़ी फ़सल।
Outstanding title सर्वोपरि अधिकार।

Over crop अति उपज। वह भूमि जो निरन्तर खेती होती रहने के कारण फसल पैदा करने की क्षमता खो देती है।

Over production अत्यधिक उत्पादन; आवश्यकता से अधिक पैदावार।

Over rent अत्यधिक कर; बढ़ा हुआ लगान।

Over tax अति कर लगाना।

Owner of land भू-स्वामी।

P

Paddy धान; छिल्केदार चांवल।

Partition of land भूमि का विभाजन। वह बँटवारा जो उत्तराधिकारियों के बीच किया जाता है।

Pasturage पशु चराने का अधिकार। वह अधिकार जो किसी को दूसरे की भूमि में अपने पशु चराने का प्राप्त होता है।

Pasture चरागाह।

Patrimony उत्तराधिकार; विरासत। वह जायदाद जो उत्तराधिकार में प्राप्त होती है।

Pay अदा करना; चुकाना।

Payment of rent लगान जमा कराना; लगान की अदायगी।

Penalty जुर्माना; क्षति पूर्ति।

Pending suit विचाराधीन मुकद्दमा।

Permanent lessee मुस्तकिल इजारदार।

Permanent settlement स्थायी बन्दोबस्त। जमीन के लगान का स्थायी रूप से निर्धारण।

Permanent tenant स्थायी आसामी।

Permanent tenure holder मुस्तकि़ल पट्टेदार।

Plea उज्र; विशेष मन्तव्य।

Plot जमीन का टुकड़ा।

Ploughland हल जमीन। वह जमीन जो एक हल द्वारा जोती-बोई जा सके। लगभग १०० एकड़ जमीन।

Possession क़ब्जा; अधिकार।

Pre-emption हक़शफ़ा; विशेष अधिकार। किसी भी सम्पत्ति को दूसरों की अपेक्षा पहले खरीदने का अधिकार।

Pre-emptor सबसे पहले जमीन खरीदने का अधिकारी।

Prevailing rate लगान की प्रचलित दर।

Produce उत्पन्न; पैदावार।

Proprietory rights स्वामित्व सम्बन्धी अधिकार; मालिकाना हक़।

Proprietors of land जमींदार; ताल्लुकेदार; इस्तमुरारदार। वह व्यक्ति जो अपनी जमींदारी का निर्धारित लगान सरकार को देते हैं।

Protected waste land संरक्षित बंजर भूमि।

Prune बाग का पट्टा। यह पट्टा लेने वाला इस बात का इक़रार करता है कि वह बग़ीचे की बहबूदी के लिए सभी आवश्यक सावधानी काम में लेगा और बाग़ायत के सिद्धान्तों के अनुसार पेड़ उगाने और उनका पोषण करने का काम करेगा।

Public lands सरकारी जमीन। वह जमीन जो सरकार के अधिकार में होती है और जिसे वह इच्छानुसार बेच या दे सकती है।

Punitive tax दण्डात्मक कर।

Purpresture सार्वजनिक भूमि में हस्तक्षेप। जो भूमि सार्वजनिक उपयोग के लिए खुली होती है, उस पर किसी एक व्यक्ति द्वारा अपने व्यक्तिगत अधिकारों की स्थापना।

Q

Quiet enjoyment निर्विवाद उपभोग; शान्ति पूर्ण उपभोग। जब कोई भू स्वामी जमीन का पट्टा देता है तो उस पट्टे में इस शब्द का उपयोग किया जाता है, जिसका यह आशय होता है कि पट्टेदार अपने अधिकारों का निर्विवाद रूप से और शान्तिपूर्वक उपभोग कर सकेगा।

R

Rate शरह; दर।
Real estate भू-सम्पत्ति। वास्तविक जायदाद।
Receipt रसीद। प्राप्तिसूचक लिखित दस्तावेज।
Reclamation भूमि को खेती के योग्य बनाना।
Record office सरकारी काग़जात संग्राहालय; विवरण कार्यालय।
Record of rights काग़जात हकूक; ये बन्दोबस्त के समय तैयार किये जाते हैं।
Recovery of land भूमि हस्तगत करना।
Recovery of arrears बकाया वसूली।
Registration प्रमाण प्राप्त करना; रजिस्ट्री कराना। किसी दस्तवेज की नक़ल सरकारी रजिस्टर में दर्ज कराना और दस्तावेज पर सरकारी अफसर का प्रमाणपत्र प्राप्त करना।
Reinstatement पूर्व स्थिति पर लाना; वहाली। वेदखल हुए आसामी को उसकी जमीन वापस सौंपना।
Relief सहायता; मदद; कष्ट निवारण। आकस्मिक विपत्ति के समय दी जानेवाली सहायता।
Relief works सहायता-कार्य। अकाल अथवा व्यापारिक मंदी के समय सरकार द्वारा शुरू होनेवाले काम।
Remission छूट; रियायत; माफी। अकाल आदि के अवसरों पर लगान में राज्य की ओर से मिलने वाली छूट।
Rent भूमि कर; लगान। जमीन का उपयोग करने के लिए आसामी अपने भू-स्वामी को नक़द अथवा अन्य रूप में जो कुछ देता है, उसके लिए इस शब्द का व्यवहार होता है।
Rent-free grant माफी जमीन।
Rent-rate भूमि-कर की दर; शरह लगान।
Revenue लगान। वह रक़म जो भू-स्वामियों तथा आसामियों को जमीन के बदले प्रतिवर्ष सरकार को देनी पड़ती है।
Revenue free लगान मुक्त जमीन; माफी जमीन।
Revenue court अदालत माल।
Revenue laws क़ानून माल।
Revenue officer अफसर माल।
Right of occupancy भूमि पर रहने और जोतने का अधिकार।
Riparian proprietor नदी तटवर्ती भूमि का स्वामी। उस भूमि का स्वामी जो किसी नदी तट अथवा नाले के किनारे स्थित हो।
Running lease विस्तार सूचक पट्टा। वह पट्टा जिसमें आसामी का अधिकार केवल उसी जमीन तक सीमित नहीं रहता जो उसे दी जाती है, बल्कि वह अपने जीवन काल में जितनी चाहे, उतनी जमीन को साफ करके अपने अधिकार क्षेत्र में ले सकता है।
Rural ग्रामीण; देहाती।

S

Salien land खारी जमीन; ऊसर भूमि।
Schedule संक्षिप्त सूची।
Serf अर्द्ध दास; जागीरी गुलाम, जिनसे मुख्यतः खेती सम्बन्धी काम लिया जाता है।
Settlement बन्दोवस्त; भूमि-कर अथवा लगान निर्धारण।
Settlement deed of परवाना बन्दोवस्त।
Settlement of land revenue जमाबंदी।
Settlement, permanent or perpetual स्थायी बन्दोवस्त; दायमी बन्दोबस्त।
Settlement, summary सरसरी बन्दोबस्त।
Settlement, temporary अस्थायी बन्दोबस्त; मियादी बन्दोवस्त।
Settlement officer बन्दोवस्त अफसर।
Shade right छाया अधिकार; समीपवर्ती पेड़ों की छाया से होनेवाली फसल की हानि का मुआविजा पाने का अधिकाट जो किसी भू-स्वामी या दखिलकार आसामी को प्राप्त होता है।
Sharing in cultivation खेती में भागीदारी; खेती के काम में द्रव्य से अथवा शारीरिक श्रम

द्वारा सहायक होने को खेती में भागीदारी प्राप्त करना कहते हैं ।

State land राजकीय भूमि । इसमें शाही भूमि, सार्वजनिक सेवाओं के बदले अथवा सरकारी ओहदे के कारण मिली हुई भूमि, टापू और नदियों की कछार भूमि, गैर आबाद और संरक्षित तथा ग्राम्य जंगल भूमि और उस जोत भूमि का समावेश होता है जिस पर कोई अपना हक् पेश न करे ।

Sub-lease शिकमी पट्टा । वह पट्टा जिसके अनुसार कोई किसान अपनी जोत का कुछ भाग अस्थायी तौर पर किसी दूसरे को खेती के लिए देता है ।

Sub-proprietor आधीन आसामी; मातहतदार ।

Sub-tenant शिकमी आसामी; वह व्यक्ति जो मूल इजारेदार अथवा पट्टेदार से उसके पट्टे की जमीन का कुछ अथवा सारा हिस्सा खेती के लिए मूल पट्टे की मियाद से कम मियाद पर प्राप्त करता है ।

Suit for land भूमि के लिए दावा; वह दावा जो भूमि अथवा अन्य अचल सम्पत्ति पर स्वामित्व अथवा कब्जा प्राप्त करने के लिए किया जाता है ।

Superior proprietor मालिक आला; वह व्यक्ति जिसे सरकार की ओर से भूमि पर औरों की अपेक्षा उच्चतम स्वामित्व प्राप्त होता है ।

Surrender त्यागना; जोत से इस्तीफा देना । इसके लिए क़ानून के अनुसार शिकमी किसान को न केवल लिखित नोटिस देना चाहिए बल्कि जुताई भी बन्द कर देना चाहिए ।

Survey पैमायश; भूमि की सीमाओं का निर्धारण ।

Suspension स्थगित; मुल्तवी । लगान की वसूली कुछ समय के लिए रोकने के लिए यह शब्द काम में लाया जाता है ।

T

Tank तालाब; वह स्थान जहाँ सिंचाई के लिए बरसाती पानी का संग्रह किया जाता है ।

Tenancy कब्जा आराजी; भूमि पर आसामी का अस्थायी दखल । किसी भू-स्वामी द्वारा निर्दिष्ट शर्तों पर अपनी जमीन का कुछ भाग खेती आदि के लिए किसी अन्य व्यक्ति को देना ।

Tenant आसामी; वह व्यक्ति जिसके हक़ में जमीन का पट्टा जारी किया जाता है और जो कुछ वर्षों के लिए, जीवन भर के लिए भूमि कर देने की शर्त पर अथवा मुफ्त में जमीन पर अमुक स्वत्व प्राप्त करता है ।

Tenant at will ग़ैर पट्टेदार आसामी । वह आसामी जो भू-स्वामी की इच्छा हो, तभी तक जमीन पर दखल रख सकता है ।

Tenant for life आजीवन आसामी; वह व्यक्ति जो अपने जीवन भर के लिए जमीन पर दखल प्राप्त करता है ।

Tenant at sufferance दूसरे की मर्जी पर दाखिलकार आसामी; वह व्यक्ति जो जमीन पर दखल तो क़ानून के अनुसार प्राप्त करता है, किन्तु मियाद गुजर जाने के बाद भी ग़लत तौर पर अपना दखल बनाये रखता है ।

Tenants on common जोड़ीदार आसामी; जब दो या दो से अधिक आदमी भूमि पर अविभाजित हिस्सों के रूप में कब्जा प्राप्त करते हैं तो उन्हें जोड़ीदार आसामी कहा जाता है ।

Tenant in dower दहेज जायदाद की मालिक ।

Tenant in fee simple वंश परम्परागत माफीदार । वह व्यक्ति जो अपने और अपने उत्तराधिकारियों के लिए दायमी तौर पर निःशुल्क वर्चस्व रखता है ।

Tenant in tail वह आसामी जो अपने और अपनी सन्तति के जमीन पर दखल प्राप्त करता है ।

Tenantry जमींदारी के आसामी ।

Tenure भूमि पर कब्जा या दखल रखने का शर्तनामा

Tenure holder आसामी ।

Tillage कृषि; खेती ।

Title स्वामित्व; अधिकार ।

Tract भू-भाग, भूमि का टुकड़ा ।

Tractor इंजिन, जिससे बड़े पैमाने पर खेती की जाती है

Transfer परिवर्तन; तबादला। एक व्यक्ति की सम्पत्ति दूसरे के कब्जे में सौंपना।

Trespass अनधिकार प्रवेश; मदाखलत बेजा।

U

Under-proprietor मालिक अदना। वह व्यक्ति जो जमीन पर उत्तराधिकार और तबादले का अधिकार रखता है और उस जमीन का कर अदा करता है।

Under proprietary right हक़ मालिक अदना। वह दायमी हक़ जो मालिक अदना को प्राप्त होता है और जिसके अनुसार वह ज़मीन सम्बन्धी अपने स्वत्व दूसरों को सौंप सकता है और उसके उत्तराधिकारी निर्दिष्ट कर देकर, जिसकी शरह बन्दोबस्त के समय बदली जा सकती है, उस जमीन पर अपना कब्जा रख सकते हैं।

Under-tenant मध्य श्रेणी का आसामी। बंगाल क़ानून ८, १८७९ के अनुसार हक़ विरासत और मुन्तकिली (तबादला) वाली जमीन पर कब्जा रखने वाला व्यक्ति, जो जमींदार तो नहीं होता, किन्तु जिसकी स्थिति सरकार और रय्यत के बीच मध्यस्थ जैसी होती है।

V

Valuation मूल्याङ्कन; कूतना।

Variation in rent लगान में न्यूनाधिक्य अर्थात् कमी बेशी करना।

Village ग्राम; गांव। वह रक़बा जहां खेती-बाड़ी और उससे सम्बन्धित लोगों का एक समूह रहता है। इसमें ग्रामीण समाज तथा ग्राम्य भूमि और उस भूमि में बहनेवाले नदी-नालों का भी समावेश किया जाता है।

Village channel देहाती नाली। यह नहर से निकाली जाती है और सिंचाई के लिए सीधी खेतों में पहुँचाई जाती है।

Village community देहाती समाज; व्यक्तियों का वह समूह जो एक ही गांव में रहता है और उस गांव के रीति-रिवाजों को मानता है और देहात के अफसरों के शासन में रहता है। क़ानून अवध के अनुसार इसमें मालिक आला और मालिक अदना के अलावा हक़ विरासतवाले पट्टेदारों का भी समावेश होता है।

Village court ग्राम-अदालत।

Village forest ग्राम-जंगल।

Village forest officer ग्राम-जंगल-अफसर।

Village headman ग्राम का मुखिया; पटेल।

Village immoveable property जोत भूमि के अतिरिक्त ग्राम के हल्के की अचल सम्पत्ति।

Village land ग्राम-भूमि; देहात की जमीन।

Village panchayat ग्राम पंचायत। यह संस्थायें ग्राम पंचायत क़ानून के अनुसार एक गांव अथवा गांवों के समूह के लिये बनाई जाती हैं, जिनके कुछ सदस्य चुने हुए और कुछ मनोनीत होते हैं। इन पंचायतों को छोटे-मोटे मामले मुकद्दमे निपटाने का अधिकार भी होता है।

W

Waste land ग़ैर आबाद भूमि; अपरिष्कृत भूमि। वह भूमि जो खेती के लायक न बनाई गई हो।

Water channel पानी की नाली। वह नाली जो खेतों की सिंचाई के लिए नहर से निकाली जाती है।

Water rate पानी की शरह जो सिंचाई के लिए लिया जाय।

Wrongful ejectment ग़ैरक़ानूनी बेदखली।

THE

TWENTIETH CENTURY ENGLISH-HINDI

DICTIONARY

OF

Mill Industry Terms

THE

TWENTIETH CENTURY ENGLISH-HINDI

DICTIONARY

OF

Mill Industry Terms

A

Agency आढ़त ।

Agenda कार्य्यक्रम, कार्य्यसूची ।

Agent De change शेअरों का दलाल ।

Agent of production उत्पत्ति के साधन ।

Aggregate कुल मिलाकर ।

Allocation विभाजन, बंटनी ।

Allotment बँटनी ।

Allotment of shares शेअरों की बँटनी ।

Allotee वह मनुष्य जिसके नाम पर शेअर चढ़ाये जाते हैं ।

Allowance भत्ता, वट्टा, दस्तूरी, वेतन ।

Amalgamation एकीकरण; (जब दो या अधिक कम्पनियाँ एक हो जाती हैं, तब उनके इस एकीकरण के लिये यह शब्द काम में लाया जाता है । (जैसे Amalgamation of companies कम्पनियों का एकीकरण)

Amendment संशोधन, तरमीम, उपप्रस्ताव । किसी प्रस्ताव में कुछ शब्द घटा बढ़ाकर संशोधन करना ।

Amendment to the resolution प्रस्ताव का संशोधन ।

Application दरख्वास्त; आवेदन पत्र ।

Arbitration मध्यस्थता, पंचायती निर्णय, सालिशी ।

Arbitration award पंच फैसला, मध्यस्थ निर्णय; पंचों द्वारा किया हुआ निर्णय; फैसला; सालसी ।

Arbitration Board पंच समिति, पंचायत, मध्यस्थ समिति ।

To Submit to Arbitration पंच फैसले के लिये पेश करना ।

Arbitrator पंच; मध्यस्थ व्यक्ति ।

Articles of Association कम्पनी की नियमावली ।

Assets माल मिल्कियत, पूंजी, जायदाद, मालमत्ता; शेषधन, बची पूंजी । किसी कंपनी का माल जो उसकी देनदारी चुकाने के काम में आसके ।

At call मंगनी पर ।

At par मूल कीमत पर, (जब शेअरों का भाव बाजार में वही होता है जो मूल में उनके जारी करने के समय था, तब कहा जाता है कि शेयर at par हैं)

At Premium बढ़ती पर; अधिक मूल्य पर; असली कीमत से अधिक मूल्य पर । जब शेअर का भाव उसकी मूल कीमत से ऊपर चला जाता है तब उसके लिये at Premium शब्द काम में लाया जाता है ।

B

Bailing गाँठ बाँधना।

Bailing Press गाँठ बाँधने की मशीन।

Beam Dyeing ताने के सूत रंगने की मशीन।

Below Par मूल कीमत से नीचे; शेअरों का भाव जब अपनी मूल कीमत से नीचे चला जाता है तब उसे Below Par कहते हैं।

Blow Room हवा घर; ब्लो रूम।

Boiler बॉयलर।

Boiling Kier बॉयलिंग कियर।

Bond दस्तावेज, खत, तमस्सुक, रूक्का, इकरारनामा, पट्टा।

Bonds शाहाजोग जामीनगिरी, (इसमें सरकारी व म्युनिसिपल लोन, डिबेञ्चर आदिका समावेश होता है)।

Bonus अतिरिक्त लाभ, पुरस्कार; बक्षीस (यह लाभ कम्पनी के हिस्सेदारों को साधारण मुनाफ़े के अतिरिक्त मिलता है। वह उसी दशा में मिलता है जब कम्पनी को अच्छा लाभ होता है। कम्पनी के नौकरों, मज़दूरों को भी अच्छा लाभ होनेपर वह मिलता है)।

Bonus shares अतिरिक्त लाभ के हिस्से। जब कम्पनी को अनाप शनाप लाभ होता है और जब वह सीमा से अधिक मुनाफ़ा बाँटना अपनी नीति के खिलाफ़ समझती है, तब वह अपने शेअर होल्डरों को उनकी पूंजी के अनुपात से अतिरिक्त मुनाफे के शेअर (Bonus shares) निकाल कर देती है। फिर शेअर होल्डरों को अपने मूल शेअरों के साथ साथ इन अतिरिक्त मुनाफे के शेअरों पर भी कम्पनी के प्राप्त लाभ के अनुपात से ब्याज या मुनाफा मिलता है।

Bonus System बोनस पद्धति; अतिरिक्त लाभ देने की पद्धति।

Bourse स्टाक बाजार। प्रधान नगरों की वह सार्वजनिक इमारत जहाँ शेअर और स्टाक के सौदे किये जाते हैं।

Bundling Press सूत के पुड़ा बनाने की मशीन।

C

Calender कैलेन्डर; फिनिश करने की मशीन।

Call मंगनी, माँग। शेअर होल्डरों से उनके शेअरों के शेष रुपया जमा कराने की माँग।

Call in advance पेशगी माँग।

Call in arrears मंगनी के रुपयों का बकाया।

Call letter मंगनी का पत्र। (जब कोई लिमिटेड कम्पनी अपने शेअर निकालती है तो उन शेअरों की मूल कीमत का कुछ हिस्सा तो वह पेशगी ले लेती है। शेष कीमत एक दो या तीन किश्तों में अपने नियमानुसार वसूल करती है। इन किश्तों की माँग के लिये जो पत्र भेजा जाता है उसे Call letter कहते हैं।

Call money माँग या मँगनी का रुपया।

Capital पूंजी, मूलधन।

Capital, Authorised अधिकारित पूँजी, अधिकारित पूँजी वह पूँजी होती है जो कम्पनी के मेमोरेन्डम में लिखी जाती है। इसको रजिस्टर्ड या निर्दिष्ट पूँजी भी कहते हैं।

Capital, Auxiliary सहायक पूँजी।

Capital, Called up माँगी हुई पूँजी, बिकी हुई पूँजी का वह हिस्सा है जो कम्पनी अपने शेअर होल्डरों से प्रति शेअर पीछे माँगती है।

Capital Paid up प्राप्त हिस्सा पूँजी।

Capital, Subscribed बिकी हुई हिस्सा पूँजी। बिकी हुई पूँजी जारी की हुई पूँजी का वह हिस्सा है जिसे लोगों ने दरख्वास्त देकर खरीद लिया है।

Capital stock स्टाक पूँजी।

Capital uncalled बे माँगी हिस्सा पूँजी। यह वह

पूँजी है जो कम्पनी अपने बेचे हुये हिस्सों पर अभी नहीं माँग रही है।

Captains of Industry उद्योग-वीर; औद्योगिक नेत्ता, उद्योग धन्धों के प्रवर्तक।

Card पींजना, धुनकना, स्वच्छ करना।

Carded Catton पींजी हुई रूई।

Carded seed कपासिया, बिनौला।

Carded Thread पींजा हुआ सूत।

Carding Department धुनाई खाता; किरांट डिपार्टमेंट।

Cartel कई व्यापारी कम्पनियों का मेल, जिनमें से प्रत्येक अपना २ प्रवन्ध अलग अलग करती है परन्तु सबको एक केन्द्रीय संस्था के निरीक्षण में रहना पड़ता है, जो उत्पादन को नियमित करती तथा कीमत ठहराती है।

Cash नक्द, रोकड़।

Cash account रोकड़ खाता।

Cash balance रोकड़ बाकी।

Cash a bill हुण्डी भुनाना।

Cash bonus रोकड़ी लाभ।

Cash Book रोकड़ वही।

Cash discount नक्द बाद, रोकड़ी बटाव।

Cash deposit नक्द जमा, नक्द अमानत।

Cash Entry रोकड़ वही की मद।

Cash in hand नकद वदस्त; हाथ में की रोकड़।

Cash Reserve नकद वचत; वह रकम जो किसी कम्पनी या व्यापारी संस्था की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के लिये एकत्रित की जाकर सुरक्षित रखी जाती है।

Cash Transaction नकद व्यवहार; रोकड़ी लेन देन।

Cashier रोकड़िया।

Casting Vote निर्णायक मत, अतिरिक्त मत (जब सभा में दो दलों के मत बराबर आजाते हैं, तब सभापति किसी एक दल की ओर अपना निर्णायक मत देकर उस दलको विजयी कर देता है। इस निर्णायक मत को Casting Vote कहते हैं।

Certificate प्रमाणपत्र, दाखला।

Certificate of incorporation कम्पनी के रजिस्टर्ड होने का दाखला।

Certification सार्टिफिकेट देना।

Certification of Transfer शेअर ट्रांसफर का सार्टिफिकेट देना।

Chairman सभापति, प्रधान।

Chamber of Commerce व्यापार-मंडल।

Charges खर्च; व्यय।

Depreciation Charges घिसाई खर्च।

Insurance Charges बीमा खर्च।

Chartered Company सरकारी सनद शुदा कम्पनी।

Cheese Dyeing सूत रंगने की मशीन।

Clear days माल निकासी के दिन।

Clearance of goods माल की निकासी।

Combination एकीकरण; संयोजन, गुट, संघ। कारखानदारों का संघ जो कारखानों की उपज को मर्यादित करने, मज़दूरी घटाने या मूल्य निर्धारित करने आदि के उद्देश्य से संगठित होता है और जिसका प्रधान उद्देश्य कारखानदारों के स्वार्थ की रक्षा करना है।

Commission कमीशन।

Commission agent कमीशन एजन्ट, आढ़तिया।

Commission sale System कमीशन पर बिक्री की पद्धति।

Campany Limited परिमित दायित्व कम्पनी। यह वह कम्पनी है जिसके हिस्सेदारों की देनदारी का उत्तरदायित्व उनके हिस्सों की रकम तक ही परिमित रहता है। मान लीजिये किसी हिस्सेदार ने किसी लिमिटेड कम्पनी के सौ सौ रुपये के पाँच शेयर लिये। अगर इस कम्पनी पर उसके मूलधन से दूना कर्ज हो जावे तो वह हिस्सेदार अपने हिस्सों के लिये दूने मूल्य का देनदार न होगा। अपने पाँच शेअरों के मूल्य के ५००) रुपया दे देने के बाद वह अपनी देनदारी से बरी हो जायगा। लिमिटेड कम्पनी को अपना बाकायदा हिसाब रखना पड़ता है जिसकी जाँच नियमित समय पर सर्टिफाइड ऑडिटर करता है।

Company, Memorandum of the कम्पनी का उद्देश्य पत्र। (इसमें कम्पनी के उद्देश्य बहुत स्पष्ट और बारीकी से लिखे जाते हैं)।

Company, Private खानगी कम्पनी, वह कम्पनी प्राईवेट कम्पनी समझी जाती है जो अपने नियमानुसार अपने शेअरों को (हिस्सों को) दूसरों के हाथ परिवर्तन करने का अधिकार नहीं रखती और जिसके मेम्बरों की संख्या पचास तक रहती है। वह अपने शेअर या डिबेंचर लेने के लिये सर्वसाधारण से प्रार्थना भी नहीं कर सकती।

Company Promotor कम्पनी का मूल (संचालक) संस्थापक वह आदमी है, जो पूँजी जुटाकर कम्पनी को खड़ा करता है। न्यायाधीश काकबर्न ने एक मुकदमे में इस शब्द की व्याख्या करते हुए कहा था—"प्रोमोटर वह व्यक्ति है जो किसी कार्य के लिये कम्पनी बनाकर खड़ी कर देने की और उसे चला देने की अपने ऊपर जिम्मेदारी लेता है और जो इस उद्देश्य को पूर्ण करने के लिये आवश्यक प्रयत्न करता है।

Company, Registered रजिस्टर्ड कम्पनी; वह कम्पनी जिसकी नियमानुसार रजिस्ट्री हो गई हो।

Company Unlimited अपरिमित (देनदारी) कम्पनी।

Conciliation Board समझौता समिति, मेल मिलाप समिति, पंचायत, कानून द्वारा स्थापित संस्था जिसका उद्देश कारखानदारों और श्रमजीविकों के झगड़ों को जल्दी निपटा देना हो।

Consignment रवन्ना; चालान; वह माल जो ग्राहक को रेलवे या जहाज द्वारा भेजा जावे।

Cost and Freight लागत और भाड़ा।

Cost of Production उपज खर्च।

Operating Cost काम चलाने की पड़तल।

Output Cost उपज की पड़तल।

Supplementary Cost पूरक लागत।

Total Cost पूरी लागत।

Cotton Bailing Press रूई की गांठ बांधने की मशीन।

Count सूत का नम्बर।

Credit Sale उधार बिक्री।

Cut Throat Competition गला घोंटु प्रतियोगिता, घातक स्पर्धा।

D

Debenture ऋण स्वीकार पत्र, कर्जपत्र। यह शब्द कई अर्थों में काम में लाया जाता है। जब कोई कम्पनी शेअर होल्डरों के द्वारा प्राप्त अपनी पूंजी के अतिरिक्त किसी आवश्यकता के वश होकर रुपया उधार लेना चाहती है तो वह प्रायः ऋणपत्र Debenture निकालती है, जिनपर कम्पनी की मोहर लगी रहती है। इनमें ऋण की स्वीकृति लिखी जाती हैं। ये निश्चित मुद्दत के होते हैं और इनपर निश्चित ब्याज दिया जाता है।

Debenture Bonds डिबेंचर बांड; कम्पनियों के इस आशय के दस्तावेज कि उन्हें कुछ ऋण चुकाना है और उसके चुकाने की मिती तक एक निर्धारित दर से ब्याज दिया जायगा। इनका निश्चित समय पर भुगतान हो जाता है।

Debenture Stock सुपुर्दगी नामा से बदला हुआ स्टॉक; कभी २ ऐसा होता है कि डिबेंचर के भुगतान करने की मिती आजाती है, पर भुगतान करनेवाले को इस समय भुगतान करने में असुविधा प्रतीत होती है। इधर भुगतान लेनेवाला भी भुगतान के बजाय सूद लेते रहने की इच्छा प्रकट करता है। ऐसी दशा में दोनों पक्षों की सुविधा इस बातपर होती है कि डिबेंचर स्टॉक में परिवर्तित कर दिये जावें अर्थात् उनके ऐसे दस्तावेज कर दिये जावें जिनसे यह प्रतिज्ञा सूचित हो कि मूलधन देने के बजाय उनपर प्रतिवर्ष निर्धारित दर से ब्याज दिया जाता रहेगा। इसका स्पष्टीकरण यह है कि ये

अविनिमय साध्य होते हैं अर्थात् ये कम्पनी के अस्तित्व तक नहीं भुनाये जा सकते। इनपर केवल ब्याज मिलता है।

Debenture Loan डिबेंचर द्वारा प्राप्त कर्ज।

Declaration of Association कम्पनी में शामिल होने की घोषणा। लिमिटेड कम्पनी की एक धारा (Clause) विशेष जिसमें कम्पनी के संचालक इस बात की घोषणा करते हैं कि वे नियमानुसार कम्पनी में शामिल होना चाहते हैं और अपने निर्दिष्ट शेअरों की स्वीकृति देते हैं।

Declaration of Compliance with Company's Act कम्पनी के एक्ट को स्वीकृत करने की घोषणा।

Declared Value घोषित मूल्य।

Deferred Bonds विलम्बित बांड। ये वे बांड (बधक) हैं, जिन्हें कम्पनी जारी करती है। इनके खरीददारों को उत्तरोत्तर अधिक सूद मिलता जाता है। जब यह सूद अपनी निर्दिष्ट चरम सीमा पर पहुंच जाता है तब ये "नियत ब्याज" के बांड में परिवर्त्तित कर दिये जाते हैं।

Deferred Shares विलम्बित मुनाफा के शेअर। इनपर उस समय तक मुनाफा नहीं मिलता, जब तक कि उनसे उच्च श्रेणी के शेअरों या स्टाक पर मुनाफा न मिल चुके। संयुक्त पूंजीवाली कम्पनियों में प्रायः उनके संस्थापकों के इस प्रकार के शेअर होते हैं जिनका सूद या मुनाफा तबतक नहीं मिलता जबतक कि साधारण शेअरों पर कुछ वार्षिक मुनाफ़ा न मिल जाय।

Delivery सुपुर्दगी, भुगतान।

Delivery order सुपुर्दगी पत्र।

Forward Delivery मालकी अगली भुगतान. मालकी वह भुगतान जो आगे के किसी मास में की जाती है। अगर जून में बेचे हुए माल की भुगतान सितम्बर में की जाय तो वह Forward delivery कही जायगी।

Immediate Delivery तात्कालिक सुपुर्दगी। तात्कालिक भुगतान।

Near delivery नजदीक मिती की भुगतान। जब माल की भुगतान किसी निकटतम मिति पर की जाने को होती है तब उसे near delivery कहते हैं।

Prompt delivery (माल की) तुरन्त भुगतान।

Demand माँग।

Active demand तेज मांग; जब बाजार में किसी माल की बहुत मांग होती है तब उसे active demand कहते हैं।

Deposit अमानत; जमा।

Cash deposit नकद अमानत; नकद जमा।

Current Deposit चालू जमा।

Deposit account अमानत खाता।

Depositer अमानत करवाने वाला; जमा करने वाला।

Director संचालक, संयुक्त मूलधन वाली कम्पनी के संचालक वे आदमी होते हैं जो उसका काम चलाने तथा प्रबन्ध करने के लिये उसके हिस्सेदारों द्वारा चुने जाते हैं।

Dividend मुनाफा, लाभ, लाभांश।

(१) राष्ट्रीय कर्ज या अन्य सार्वजनिक कोष पर दिया जानेवाला सूद या ब्याज।

Dividend announced घोषित लाभ; जब कंपनी के संचालकों की वार्षिक या अर्द्धवार्षिक मीटिंग होती है तब वे कम्पनी के मुनाफे व नुकसान का हिसाब देखकर नफा होनेकी हालत में शेअर होल्डरों के लिये कुछ मुनाफे की घोषणा करते हैं उसे Dividend announced कहते हैं।

Cum Dividend मुनाफा सहित।

Ex-dividend लाभ रहित; बेमुनाफ़ा।

Interim Dividend मध्यवर्ती लाभ।

Unclaimed dividend लावारिश लाभ या डिविडेन्ड।

Warrant, Dividend लाभ पत्र।

Division of Labour श्रमविभाग, तकसीम अमल।

Draft बैंक की हुण्डी; जब कोई बैंक अपनी किसी शाखा पर या किसी अन्य बैंक पर हुण्डी जारी

करती है तो उसे draft कहते हैं। इस प्रकार की हुण्डी या तो दर्शनी होती है या कुछ मुद्दत की होती है।

Drawing Department ड्राइंग विभाग।

Drawing Frame ड्राइंग फ्रेम।

Drawing Range कपड़ा सुखाने की मशीन।

Duty कर; जकात महसूल, राहदारी।

Duty, Advelorem माल की कीमत के अनुसार लगनेवाला महसूल या कर।

Duty Custom आयात निर्यातकर; सायर महसूल; जकात।

Duty, Export निर्यात कर, जावक महसूल।

Dyeing & Bleaching Department रंग और धुलाई खाता।

E

Excess अतिरिक्त, अधिक।

Excess Fare अतिरिक्त या अधिक भाड़ा।

Excess Profit Tax अतिरिक्त लाभ कर।

Export निर्यात; रफ्तनी; जावक; एक देश से दूसरे देश को भेजना; वह माल जो दूसरे देश को भेजा जाता है; जावक माल, निर्यात माल।

Export duty जावक कर; निर्यात कर; वह कर जो दूसरे देश को जाने वाले माल पर लगता है।

F

Face Value: मूल कीमत, अंकित मूल्य, नियत मूल्य। यह वह कीमत है जो नोट, बांड, शेअर, डिबेंचर आदि पर लिखी रहती है और यह उनकी उस मूल कीमत को सूचित करती है जिस पर ये जारी किये गये हैं। इस अंकित या मूल कीमत से बाजारू कीमत भिन्न होती है जो कि प्रिमियम या डिस्कौन्ट पर बढ़ती या घटती रहती है।

Factorage आढ़त, दलाली; वह कमीशन जो मालिक अपने आढ़तिये को देता है।

Factory फेक्टरी, कारखाना; वह स्थान जहाँ माल तैयार किया जाता है।

Factory Legislation फेक्टरी सम्बन्धी कानून।

Factory System फेक्टरी प्रथा; बड़े कारखानों में मजदूरों के द्वारा निश्चित घंटों तक काम करवा कर यंत्र और यान्त्रिक शक्तियों की सहायता से बड़े पैमाने पर माल उत्पन्न करने की प्रथा को फेक्टरी प्रथा कहते हैं।

Finance अर्थ व्यवस्था; पहले यह शब्द केवल राज्य की आमदनी (Revenue) की व्यवस्था के अर्थ में प्रयुक्त होता था। अब इसके विस्तृत और व्यापक अर्थ हो गये हैं। अब यह अधिकांश रूप से औद्योगिक और व्यापारिक कामों को खड़ा करने या संचालित करने के लिये पूँजी जुटाने के अर्थ में प्रयुक्त होता है।

Finance Bills व्यावहारिक हुण्डी। यह विदेशी हुण्डी है जिसे साहूकार लोग विनिमय स्थिर रखने तथा माल के बदले सिक्का भेजने की असुविधा को दूर करने के लिये जारी करते हैं। यह एक प्रकार की सिफारिसी हुण्डी है।

Financier पूँजी लगानेवाला; साहूकार।

Fixed Capital स्थायी पूँजी; कायम पूँजी, अचल पूँजी। वह पूँजी जो टिकाऊ वस्तु के रूप में रहती है और जिसका नफ़ा या प्रतिफल उस टिकाऊ वस्तु के नष्ट होने तक वसूल होता रहता है। यह अचल पूँजी से भिन्न है जो एक बार ही काम में आकर समाप्त हो जाती है। किसी कारखाने के लिये जमीन, मकान और मशीन आदि उसकी असल सम्पत्ति है।

Fixed Charge स्थायी खर्च; नियमित खर्च। इसमें किराया,टेक्स आदि का शुमार किया जा सकता है।

Fixed Deposit मुद्दती जमा; वह जमा जो कारखाने में किसी खास मुद्दत के लिये रखी जाती है और वह खास वक्त पर ही निकाली जा सकती है। थोड़े दिनों के नोटिस पर निकल सकने वाली अन्य जमा की अपेक्षा इस पर कुछ अधिक सूद मिलता है।

Floating Policy जुदे जुदे कई स्थानों पर पड़े हुए माल की कीमत का बीमा। जब ऐसे माल का बीमा किया जाता है जो जुदे जुदे स्थानों पर पड़ा हुआ है तब उसके लिए बीमे की Floating Policy का उपयोग किया जाता है।

Folding घडी करना।

Folding Department घड़ी खाता।

Folding Machine घड़ी करने की मशीन।

Foreign Bill विदेशी हुण्डी। वह हुण्डी जो एक मुल्क में लिखी जाकर दूसरे मुल्क में सिकरती है।

Foreign Investment विदेशी पूँजी। एक देश के लोग दूसरे देश के व्यापार या उद्योग धन्धों में जो पूँजी लगाते हैं उसे Foreign Investment कहते हैं।

Foreign Market विदेशी बाजार।

Foreign Money विदेशी नाणा।

Forwarding agents माल भेजने वाले आढ़तिये।

Forward Delivery आगे की भुगतान। जब किसी माल की भुगतान किसी अगली मिति को होती है तब उसे Forward Delivery कहते हैं।

Forward Price अग्रिम मूल्य।

Founder's Shares संस्थापक के हिस्से; कम्पनी प्रवर्तक के हिस्से। किसी कम्पनी के संस्थापक या उसे उन्नत करनेवालों को पुरस्कार के तौरपर कुछ हिस्से दिये जाते हैं, इन्हें Founder's shares कहते हैं। इन शेअरों पर नफ़ा लेने का अधिकार सब से पीछे आता है। पहले नफ़ा साधारण हिस्सेदारों ही में बाँटा जाता है।

G

Glut प्रचुरता, प्राचुर्य्य, जब बाजार में माल का संग्रह उसकी माँग की अपेक्षा बहुत अधिक हो जाता है तो उसके लिये Glut काम में लाया जाता है।

Go-down गोदाम।

Going-Concern चालू कारबार। कोई कारबार जो पूरी तरह चल रहा हो।

Government Paper सरकारी कर्जपत्र।

Government Security सरकारी जामीनगिरी।

Gross Earning कुल आमदनी; समूची आय।

Guarantee गारण्टी, जमानत, प्रतिभू, जिम्मा।

Guarantee Fund गारण्टी फण्ड। यह वह फण्ड है जो किसी कारोबार के नफ़े में से जमा किया जाता है और जिसका उद्देश्य किसी बे जाने हुए आकस्मिक नुकसान की पूर्ति करना है।

Guarantee Stocks गैरण्टी शुदा शेअर या स्टाक। वे स्टाक जिनके ब्याज या ब्याज सहित मूल धन की गैरण्टी दी गई हो। गैरण्टी शुदा स्टाक या शेअर वे हैं जिनका ब्याज अगर वह कम्पनी देने में असफल हो जाती है जिसने उन्हें जारी किया है तो उनका ब्याज वह कम्पनी देगी जिसने कुछ प्रीमियम लेकर उनके रखनेवालों को गैरण्टी दी है।

H

Home Industries गृहउद्योग; घरेलू उद्योग धन्धे। वे उद्योग धन्धे जो छोटे पाये पर घर ही पर किये जाते हैं।

Hydro-Extractor पानी निचोड़ने की मशीन।

I

Incorporation of Companies कंपनी का संस्थापन।
Indent मालका ऑर्डर; यह माल के ऑर्डर का व्यापारिक नाम है जो विदेशों में अपने एजेन्ट या आढ़तिये के पास भेजा जाता है। इसमें माल की सूचि कीमत, तादाद, परिमाण आदि विगत लिखी रहती है।
Industrial औद्योगिक, उद्योग धंधा सम्बन्धी।
Industrial Committee औद्योगिक समिति।
Industrial Conference „ सम्मेलन।
Industrial Courts „ न्यायालय।
Industrial Crisis „ संकट।
Industrial democracy „ जनतन्त्र।
Industrial Depression „ मन्दी।
Industrial Education „ शिक्षा।
Industrial Efficiency „ क्षमता।
Industrial Expansion „ विस्तार।
Industrial Fatigue „ थकावट।
Industrial Fluctuation „ घटबढ़।
Industrial Insurance „ बीमा।
Industrial Organization „ संगठन।
Industrial Revolution „ क्रान्ति।
अठारहवीं शताब्दी में मशीनरी के प्रचार से इंगलैंड में कृषि और उद्योग धन्धों के सम्बन्ध में जो बड़े बड़े परिवर्तन हुए थे, वह औद्योगिक क्रान्ति के नाम से मशहूर हैं।
Industrial Syndicate औद्योगिक संघ।
Industrial Wellfare Work श्रमहित-कार्य औद्योगिक सुधार कार्य।
Industrialism उद्योग वाद।
Industries उद्योग, धन्धे।
Instrument हुण्डी, पुर्जा, अधिकार पत्र; औजार; यह शब्द चेक, हुण्डी, दस्तावेज या दूसरे ऐसे कागज़ात के लिये व्यवहार किया जाता है जिनके जरिये कोई अधिकार या इक़रार जाहिर किया जा सके।
Inter Frame मध्य सूत कताई की मशीन।
Interest सूद, ब्याज।
Interest, Compound चक्रवृद्धि ब्याज।
Net Interest असल ब्याज, असल सूद।
Simple Interest सादा ब्याज।
Interest Warrant सूदपत्र; यह डिबेंचर स्टाक और इसी प्रकार की सिक्युरिटी का सूद चुकाने का हुक्म नामा है। इसी प्रकार डिविडेन्ट वारंट वह हुक्म नामा है जो किसी कम्पनी के नफे में से हिस्सेदारों को उनके हिस्सों के अनुसार लाभांश बाँटने के लिये निकाला जाता है।
Interim Dividend मध्यवर्ती लाभांश; जब किसी जाइन्ट स्टाक कम्पनी को लाभांश वितरण करना होता है तो पहिले आमतौर पर साधारण सभा में इसकी स्वीकृति ले ली जाती है। लेकिन अगर साधारण सभा के बाद के लाभ का अंश वितरण करना होता है तो डायरेक्टर गण अपने अधिकार में इसकी स्वीकृति दे देते हैं। साधारण सभा पीछे से इसे मंजूर कर लेती है। यही बीच के समय में वितरण किया हुआ लाभांश Interim Dividend अर्थात् मध्यवर्ती लाभांश कहलाता है।
Inventary सूचि, फहरिस्त, झड़ती, फर्दमाल विक्री।
Irredeemable Debenture न चुकाया जानेवाला डिबेंचर। यह वह डिबेंचर है जिसमें मूलधन पाने का नियम नहीं रहता। इसमें केवल मात्र सूद दिया जाता है। यह एक तरह से चिरस्थायी वृत्ति के समान है।
Irredeemable Stock अपरिवर्तनीय स्टाक। यह वह स्टाक है जिसके लिये स्टाक जारी करनेवाले को लगाये गये रुपयों को लौटाने का कोई दायित्व नहीं रहता।
Issue जारी करना, बाँटना।
Issued capital जारी की हुई पूँजी; निर्धारित पूँजी का वह अंश जिसे डाइरेक्टरों ने जारी किया है और जिसे हिस्सेदारों ने ले लिया है।

J

Jigger कपड़ा रंगने की मशीन।

Jinning ओटना।

Jinning Machine चरखी।

Jobber खरीद बिक्री करनेवाला; बाजार में स्टाक और शेयर आदि खरीद बिक्री करनेवाला।

Joint Stock Company जॉइन्ट स्टाक कंपनी; जॉइन्ट स्टाक कंपनी दो तरह की होती है। एक बेरजिष्ट्रीशुदा और दूसरी रजिष्ट्री शुदा। बे रजिस्ट्री-शुदा कंपनी का इन दिनों कोई मूल्य नहीं है। रजिस्ट्री की हुई जाइन्ट स्टाक कंपनी वह है जिसमें सात या उससे अधिक मेम्बर हों और जिसमें कोई निश्चित पूँजी की रकम हो जो हिस्सेदारों में बटी हो और जिसके मेम्बर केवल उसके हिस्सेदार ही हो सकते हैं। दूसरे नहीं।

K

Key Industries आधारभूत उद्योग धन्धे; वे उद्योग धन्धे जिनपर दूसरे उद्योग धन्धों की सफलता निर्भर करती है।

L

Labour मजदूरी; श्रम; मेहनत; श्रमजीवी; मजदूर। सम्पत्ति के उत्पादन, संरक्षण और वितरण में लगे हुये परिश्रम को श्रम या मेहनत कहते हैं। सम्पूर्णतः या अंशतः लाभ की दृष्टि से किया हुआ परिश्रम ही अर्थशास्त्र में श्रम कहलाता है।

Child Labour बालश्रम; वह मजदूरी जो बच्चों के द्वारा करवाई जाती है।

Labour Bureau सरकारी श्रमविभाग; वह आफिस या स्थान जहाँ पर यह खबर रखने का प्रबंध रहता है कि कहाँ किस मज़दूर को काम की जरूरत है और कहाँ मील मालिक को मजदूर की जरूरत है।

Labour Charges मजदूरी। श्रमजीवियों को उनके उत्पादक परिश्रम पर दिया जानेवाला वेतन।

Labour Disputes श्रमजीवी सम्बंधी झगड़े। वे झगड़े जो मजदूरों के अधिकार, समय, वेतन आदि से संबंध रखते हैं।

Labour, Division of श्रम विभाग।

Productive Labour उत्पादक श्रम।

Skilled Labour कौशलपूर्ण श्रम, कारीगरी।

Unproductive labour अनुत्पादक श्रम।

Unskilled labour अनिपुण श्रम।

Large scale production बड़े पैमाने पर उत्पादन। जबसे मशीन की शक्ति से औद्योगिक क्रान्ति हुई है, तब से छोटे २ घरू उद्योग धंधों के बदले बड़े २ कारखाने खुलने लगे हैं और उनमें बहुत सी मशीनें और मजदूरों के एक साथ काम करने से बहुत बड़े पैमाने पर चीजें तैय्यार होने लगी हैं। इसे ही बड़े पैमाने पर उत्पादन कहते हैं।

Lease पट्टा, इज़ारा।

Letter of Allotment हिस्सा स्वीकार पत्र। जब किसी कम्पनी के पास उसके शेयर, स्टॉक और बॉंड खरीदने के लिये दरख्वास्त आती है और कम्पनी उसपर विचार कर प्रार्थी को जितने शेयर या स्टॉक देने का स्वीकार पत्र देती है उसे Letter of Allotment कहते हैं।

Letter of Application आवेदन पत्र। दरख्वास्त जब कोई शेअर बांड या दूसरी कोई सिक्युरिटी की बिक्री के लिये सर्वसाधारण को आह्वान किया जाता

है, तब शेयरों या बांड लेने के इच्छुक लोग निश्चित किये हुये फार्म पर, जो उन्हें कम्पनी की ओर से मिलता है, दरख्वास्त देते हैं। यही दरख्वास्त Letter of Application कहलाता है।

Letter of Attorney मुख्तार नामा।

Lette. of credit साख पत्र।

Letter of Regret खेद सूचक अस्वीकार पत्र। यह एक प्रकार का फार्म है, जिसे कम्पनी शेअर के लिये आयी हुई अस्वीकृत दरख्वास्त को लौटाने के काम में इस्तैमाल करती है।

Letter of Renunciation स्वत्व त्याग पत्र। जब किसी कम्पनी के नये शेअर बेचे जाते हैं तो पहले वे पुराने हिस्से दारों ही को दिये जाते हैं। अगर कोई पुराना हिस्सेदार उन हिस्सों को नहीं खरीदना चाहे तो वह उन शेअरों का स्वत्व त्याग दूसरों के पक्ष में कर सकता है। जिस दस्तावेज के जरिये यह स्वत्व त्याग किया जाता है वह अंग्रेजी में Letter of Renunciation कहलाता है।

Limited मर्यादित; सीमित। यह शब्द प्रत्येक जॉइन्ट स्टाक कम्पनी के नाम के आगे इसलिये लगाया जाता है जिससे लोग जानें कि उक्त कम्पनी, कम्पनी एक्ट के अनुसार कायम की गई है।

Limited and Reduced जब कोई कम्पनी न्यायालय में अपनी पूँजी घटाने के सम्बंध में दरख्वास्त देती है और न्यायालय से पूँजी घटाने की आज्ञा मिल जाती है तो न्यायालय द्वारा निर्धारित समय तक कम्पनी को अपने नामके आगे लिमिटेड शब्द के बाद "एण्ड रिड्यूस्ड् (और घटाया गया) शब्द निश्चित रूप से लिखना पड़ता है।

Limited Liability Company परिमित दायित्व कम्पनी। किसी जॉइंट स्टॉक कम्पनी का दायित्व तभी परिमित (Limited) कहा जाता है, जब उसके हिस्सेदारों की जिम्मेदारी उनके हिस्सों के मूल्य तक ही परिमित रहती है।

Limited Partnership परिमित हिस्सेदारी या परिमित साझेदारी। परिमित साझेदारी वह है जिसमें एक या अधिक साझेदार किसी निश्चित रकम तक के लिये ही अपना दायित्व परिमित रखते हैं। इस तरह की साझेदारी परिमित साझेदारी कानून के अनुसार रजिष्ट्री की हुई होनी चाहिये।

Liquid Assets तुरंत भँज सकने योग्य रकम। यह शब्द उस सिक्का बैंक नोट और सेक्यूरिटीज़ के लिये काम में लाया जाता है, जो तुरंत नक्द में भेज सके।

Liquid Securities नकद सेक्यूरिटी। वे जामिन गिरिया या सेक्यूरिटीज़ हैं, जो आसानी से और तुरंत नक्द में भंज सके।

Liquidation दिवाला, ऋण परिशोधन, कारोबार का बंद करना।

Loan कर्ज, ऋण, ऋणदान।

Loan Capital उधार पूँजी, किसी कंपनी की डिबेंचर के द्वारा उठाई हुई पूँजी Loan capital कहलाती है। यह कम्पनी के ऊपर एक प्रकार का कर्ज हो जाता है। यह उस वास्तविक पूँजी से भिन्न है जो कंपनी के हिस्सेदारों से ली जाती है।

Loan office ऋण कार्यालय।

Local demand स्थानीय माँग।

Lock out द्वारावरोध। मील मालिक या मील-मालिकों का कोई संगठन जब किसी विवाद के कारण (मील मालिक मजदूरों को अपने कारखानों में काम करने से रोक देते हैं तब उनके इस कार्य के लिये Lockout शब्द काम में लाया जाता है। इसके विपरीत जब मजदूर स्वयं काम करना बंद कर देते हैं, उसे हड़ताल कहते हैं।

Loom कर्घा, साल।

Loom Department सालखाता; बुनाई खाता।

M

Machine मशीन, यंत्र ।

Management प्रबंध ।

Management Shares प्रबंध के हिस्से; ये हिस्से प्रबंधक को उसके सुप्रबंध के लिये दिये जाते हैं। क्योंकि कोई भी कारबार वास्तव में सुप्रबंध पर ही निर्भर रहता है। प्रबंधक को हिस्से इसलिये दिये जाते हैं कि वह हिस्सा पाकर कारोबार को अपना समझे और इसी कारण इसमें अधिक मन लगाकर काम करे।

Manager प्रबंधक; व्यवस्थापक। वह कर्मचारी जो कारखाने का प्रबंध करता है।

Managing committee प्रबंधक समिति। वह समिति जो किसी कारबार का संचालन और नियंत्रण करने के लिये नियुक्त की जाती है।

Managing Director प्रबंध संचालक; प्रबंध संचालक प्रायः अधिकांश कम्पनियों में मैनेजिंग डाइरेक्टर चुने जाते हैं, जिनको कंपनी की ओर से प्रबंध संचालन के लिये विशेषाधिकार दिये जाते हैं, कंपनी के मुनाफे में भी इनका विशेष हिस्सा रहता है।

Memorandum of Association कंपनी का मेमोरेंडम। जब कोई जाइण्ट स्टोक कंपनी, कंपनी एक्ट के अनुसार कायम होती है तो यह आवश्यक होता है कि खास खास बातें एक दस्तावेज पर लिखी जाएँ और उस पर कम के कम सात मेम्बरों के हस्ताक्षर रहें। यही दस्तावेज Memorandum of Association कहलाता है।

Merger मिलानेवाला; अंतर्भूत करनेवाला; जब कोई फर्म या कंपनी कोई कारबार दूसरे फर्म या कंपनी या किसी कारबार को अपने में अंतर्भूत कर लेता है तो वह Merger कहलाता है।

Mortgage गिरवी; रहन; बंधक।

Mortagage Bank गिरवी पर रुपया उधार देनेवाली बैंक।

Mortgage Debenture बंधक युक्त डिबेंचर। वह डिबेंचर जिसमें केवल रुपया चुकाने की ही प्रतिज्ञा न हो बल्कि उसके साथ साथ जमानत के तौर पर साहूकार को कुछ सम्पत्ति भी लिख दी गई हो।

Mortgage Deed गिरवीनामा, बंधक नामा।

Motion प्रस्ताव, तजवीज। किसी सभा में स्वीकृति के लिये लाया हुआ प्रस्ताव।

N

Naked Debenture बंधक रहित डिबेंचर।

Nationalisation राष्ट्रीयकरण, देश के कारखानों, खानों और उद्योग धन्धों पर राष्ट्र या राष्ट्रीय सरकार का अधिकार होना राष्ट्रीयकरण कहलाता है।

Nationalisation of Industries उद्योगधंधों का राष्ट्रीयकरण। जब राष्ट्र के उद्योग-धंधे वैयक्तिक अधिकार से निकल कर राष्ट्र या राष्ट्रीय सरकार के अधिकार में चले जाते हैं, तब इस शब्द का उपयोग किया जाता है।

Natural Resources प्राकृतिक साधन।

Negotiable Securities विनिमय साध्य सेक्यूरिटी या जामिनगिरी। वे सेक्युरिटियाँ जिनमें विनिमय साध्यता का गुण हो अर्थात् जो क्रय विक्रय की जावें, और जिनका रखनेवाला उनमें लिखी रकम या जायदाद पाने का कानूनन तौर पर अधिकारी हो।

Net खालिस; असल; शुद्ध; वास्तविक, पक्का। सभी तरह का खर्च व छूट को घाद देकर जो बचे वह नेट कहलाता है। यह शब्द 'Gross' अर्थात् कुल के प्रतिकूल है।

Net Assets निखालिस रकम; असल लेनी।

Net Circulation असल चलन।

Net Earning निखालिस आमदनी । उत्पादन के सभी तरह के खर्च बाद देकर जो कुछ आमदनी या प्राप्ति होती है वह खालिस आमदनी या 'शुद्ध प्राप्ति' कहलाती है । कुल आमदनी जिसके अंदर खर्च भी शामिल रहता है Gross earnings कहलाती है ।

N3t Income निखालिस आमदनी ।

Net Produce खालिस पैदावार; असल उपज । खालिस पैदावार वह पैदावार है जो पैदा करने के सभी खर्च जाने के बाद रह गई हो ।

Net Profit निखालिस मुनाफा; असल नफा; शुद्ध लाभ । किसी कारबार का निखालिस मुनाफा वह कहलाता है जो सब प्रकार का खर्च जाने के बाद बाकी रह जाता है ।

Non-Cumulative Dividend अवर्द्धमान लाभ । जॉइंट स्टॉक कंपनी के प्रिफरेंस शेअरों (ब्याज के शेअरों) पर, बिना पिछले वर्ष के घाटे का ख्याल किये, हर वर्ष जो मुनाफा बांटा जाता है, उसे Noncumulative Dividend कहते हैं । इसके विपरीत यदि किसी खास माल का मुनाफा दूसरे साल के घाटे को पूरा करने में लगाया जाता है तो उसे Cumulative dividend कहते हैं ।

Non-Cumulative Preference shares अवर्द्धमान रियायती शेअर । ये Non-cumulative shares ही की तरह होते हैं । फर्क केवल इतना ही है कि मुनाफे के बाँटने में या मूलधन के देने के संबंध में साधारण शेअरों की तुलना में इनका स्थान पहले आता है ।

O

Official Receiver सरकार द्वारा नियुक्त रिसीवर । दिवाला कानून के अनुसार दिवालिया कम्पनी की धन सम्पत्ति के लिये कुछ आदमी सरकारी रिसीवर नियुक्त किये जाते हैं । इन लोगों के ऊपर कर्जदार के व्यापार की देख रेख और उसकी सम्पत्ति तथा लेन देन के प्रबंध का भार रहता है ।

One man Company एक मनुष्य की कम्पनी । यह शब्द उस सार्वजनिक लिमिटेड कम्पनी के लिये व्यवहृत होता है जिसके कुल हिस्से एक आदमी खरीदता है और सिर्फ ६ हिस्से नाम के लिये दूसरे छः आदमियों को इसलिये दे देता है कि जिससे वह लिमिटेड कम्पनी कहला सके और उसकी कानूनी तौर पर रजिस्ट्री हो सके ।

Ordinary General meeting साधारण सभा । कम्पनी के साधारण अधिवेशन का अर्थ है हिस्सेदारों की वार्षिक सभा जिसमें कम्पनी के गतवर्ष के कारबार पर विचार किया जाता है और अगले वर्ष के लिये डायरेक्टरों और हिसाब परीक्षकों का चुनाव होता है । कम्पनी एक्ट के अनुसार सभी कम्पनियों को साल के अंदर एक साधारण अधिवेशन अवश्य करना पड़ता है । दो साधारण अधिवेशनों के बीच कभी १५ महीने से अधिक अंतर नहीं रखा जा सकता ।

Organisation संगठन, व्यवस्था, उत्पत्ति करने के विचार से उत्पत्ति के साधन, भूमि, श्रम और पूंजी को एकत्र कर उनका यथा योग्य उपयोग करना संगठन कहलाता है ।

Organiser संगठन कर्ता; संगठन करनेवाला; व्यवस्था करने वाला ।

Output उत्पादित वस्तु; उपज; पैदावार । किसी निश्चित समय के अंदर किसी कारखाने की पैदा या तैयार की हुई चीज को output कहते हैं ।

Over stock अत्यधिक मालका संग्रह ।

Over Trading किसी कंपनी या कारोबार में जितनी पूंजी लगाई गई हो उससे अत्यधिक जोखिम का व्यापार करना over trading कहलाता है; जैसे किसी कंपनी की हैसियत एक लाख रुपये की है और वह दो तीन लाख का व्यापार करती है तो उसके इस कार्य्य को overtrading कहा जायगा ।

P

Paid up capital प्राप्त हिस्सा पूँजी; चुकाई हुई पूँजी। चुकाई हुई पूँजी कंपनी की वह पूंजी है जो उसे हिस्सेदारों से मिल चुकी हो।

Paid up share चुकाया हुआ हिस्सा; जाइंट स्टोक कंपनी का वह हिस्सा जिसका कुल रुपया चुकाया जा चुका हो।

Par सम मूल्य। अंग्रेजी Par शब्द का अर्थ बराबर होता है। जब शेअर, स्टाक और बाँड आदि की कीमत बाजार में उनके अंकित मूल्य के अनुसार होती है, तब वे At Par कहलाते हैं। अगर अंकित मूल्य से इनकी कीमत अधिक हुई तो Above Par और कम हुई तो Below Par कहलावेंगे।

Parent Company मूल कंपनी। वह कंपनी जिससे दूसरी छोटी बड़ी कंपनियाँ निकली हों।

Partners हिस्सेदार, भागीदार; साझीदार। सम्मिलित रूपसे कोई कारबार चलाने के लिये दो या दो से अधिक आदमियों का साझा होना साझादारी कहलाती है। उसका अलग २ व्यक्ति साझादार या हिस्सेदार कहलाता है। हिस्सेदार कई तरह के होते हैं।

Partnership साझा। हिस्सेदारी। भागीदारी। भारतीय व्यवस्थापक सभाने ईसवी सन् १९३२ में साझा संबंधी एक कानून इंगलैण्ड के साझा संबंधी कानून की रूपरेखा पर पास किया था। इस कानून की धारा ४ में साझेकी व्याख्या इस प्रकार दी है; "साझा उन व्यक्तियों के बीच का संबंध है जो उन सबों के लिये किये गये व्यापार का मुनाफा आपस में बाँटने के लिये स्थिर हुआ है।

Par Value सम मूल्य। इसका मतलब है सेक्युरिटियों का अंक मूल्य।

Passing a Dividend इसका अर्थ है मुनाफे का नहीं चुकाया जाना।

Passing bonds and shares सरकार या व्यवसायी कंपनी द्वारा जारी किया हुआ बांड या शेअर जिस पर कोई सूद नहीं मिलता हो। इस तरह के बांड या शेअर लेनेवाले को भविष्य में सिर्फ नफा का हक रहता है।

Picketing धरना देना।

Piece Work Wages कार्यानुसार मजदूरी। इसमें हर एक मजदूर को एक निश्चित हद तक तो निश्चित दर से काम की मजदूरी दी जाती है और उसके बाद कुछ अधिक। इसका परिणाम यह होता है कि अधिक मजदूरी प्राप्त करने के लालच से मजदूर भरपूर काम करता है। जहाँ कारखाने अधिक और मजदूर कम होते हैं वहाँ ऐसी ही पद्धति से मजदूर ललचाये जाते हैं।

Preference bonds रियायती बांड; व्याज के बांड। ये बांड नियमित व्याज पर जारी होते हैं और साधारण हिस्सेदारों में मुनाफा बँटने से पहले इनका व्याज वितरण हो जाता है।

